RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 237
नई दिल्ली, मंगलवार, 5 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



कैथी के हिंदी संस्करण भोला का निर्देशन करेंगे अजय देवगन

राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# शिंदे ने महाराष्ट्र विधानसभा में विश्वास मत जीता

● पक्ष में 164 और विरोध में मात्र 99 विधायकों ने डाले वोट, 21 रहे अनुपस्थित

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र के अंतिम दिन सोमवार को सदन में महत्वपूर्ण शक्ति परीक्षण में जीत हासिल कर ली। 288 सदस्यीय सदन में 164 विधायकों ने विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जबकि 99 विधायकों ने इसके खिलाफ मतदान किया। तीन विधायक मतदान से दूर रहे, जबकि कांग्रेस के अशोक चव्हाण और विजय वडेट्टीवार समेत 21 विधायक विश्वास मत के दौरान अनुपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने विश्वास मत को बहुमत मिलने की घोषणा की।

हाल में शिवसेना के एक विधायक के निधन के बाद विधानसभा में विधायकों की मौजूदा संख्या घटकर 287 हो गई है, इसलिए बहुमत के लिए 144 मतों की आवश्यकता थी। एकनाथ शिंदे पिछले महीने शिवसेना के खिलाफ बागी हो गए थे। अधिकतर विधायकों ने उनका समर्थन किया, जिसके कारण उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी सरकार



विधानसभा में विश्वासमत जीतने के बाद विधायकों के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

गिर गई। ठाकरे के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद शिंदे ने 30 जून को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। भारतीय जनता पार्टी के नेता देवेंद्र फडणवीस ने राज्य के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। सदन में शक्ति परीक्षण के दौरान विधायक अबू आजमी और रईस शेख (दोनों समाजवादी पार्टी के नेता हैं) और शाह फारुख अनवर (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन) ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। इस दौरान कांग्रेस के 11 विधायक- अशोक चव्हाण, विजय वडेट्टीवार, धीरज देशमुख, प्रणीति शिंदे, जितेश अंतापुरकर, जीशान सिद्दीकी, राजू आवले, मोहन हम्बर्दे, कुणाल पाटिल, माधवराव जवलगांवकर और शिरीष चौधरी अनुपस्थित रहे। चव्हाण और वडेट्टीवार देर से आए और मतदान के समय तक सदन में प्रवेश नहीं कर पाए। इनके अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अनिल देशमुख, नवाब मलिक, दत्तात्रेय भरणे, अन्ना बंसोडे, बाबनदादा शिंदे और संग्राम जगताप मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे। धनशोधन के अलग-अलग मामलों में गिरफ्तारी के बाद से देशमुख और मलिक फिलहाल जेल में हैं। भाजपा विधायक मुक्ता तिलक और लक्ष्मण जगताप गंभीर रूप से बीमार होने के कारण सदन में नहीं आए, जबकि भाजपा के राहुल नार्वेकर विधानसभा अध्यक्ष होने के कारण मतदान नहीं कर सके। एआईएमआईएम के नेता एवं विधायक मुफ्ती मोहम्मद इस्माइल भी सत्र में शामिल नहीं हुए। शक्ति परीक्षण से पहले उद्धव ठाकरे खेमे के शिवसेना विधायक संतोष बांगर शिंदे के गुट में शामिल हो गए, जिससे मुख्यमंत्री के धड़े की संख्या 40 हो गई। फडणवीस ने शक्ति परीक्षण के बाद कहा कि विधानसभा में विश्वास मत पर मतदान के दौरान विपक्षी दलों के विधायक ईडी, ईडी कहकर चिल्ला रहे थे। उन्होंने कहा, यह सच है कि नई सरकार का गठन ईडी ने किया है, जिसका मतलब एकनाथ और देवेंद्र है। फडणवीस ने पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे का नाम लिए बिना दावा किया कि महाराष्ट्र ने पिछले कुछ वर्षों में नेतृत्व की अनुपलब्धता देखी है। उन्होंने कहा, लेकिन, सदन में दो नेता (वह स्वयं और शिंदे) हैं, जो लोगों के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। गौरतलब है कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार के शक्ति परीक्षण से पहले पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को झटका देते हुए महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने रविवार को अजय चौधरी को हटाकर शिंदे को फिर से शिवसेना विधायक दल का नेता नियुक्त कर दिया था। नार्वेकर ने शिवसेना के मुख्य सचेतक के रूप में शिंदे खेमे से भरत गोगावले की नियुक्ति को भी मान्यता दे दी और ठाकरे गुट के सुनील प्रभु को हटा दिया। विधानसभा में शिवसेना के पास 55, राकांपा के पास 53, कांग्रेस के पास 44, भाजपा के पास 106, बहुजन विकास आघाड़ी के पास तीन, समाजवादी पार्टी के पास दो, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के पास दो, प्रहार जनशक्ति पार्टी के पास दो, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के पास एक, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पास एक, शेतकरी कामगार पार्टी के पास एक, स्वाभिमानी पक्ष के पास एक, राष्ट्रीय समाज पक्ष के पास एक, जनसुराज्य शक्ति पार्टी के पास एक, क्रांतिकारी शेतकारी पार्टी के पास एक और 13 निर्दलीय विधायक हैं।

## अजित पवार विपक्ष के नए नेता

**मुंबई।** राकांपा नेता अजित पवार को सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष का नया नेता नामित किया गया। वह भाजपा के देवेंद्र फडणवीस का स्थान लेंगे, जिन्होंने 30 जून को उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने घोषणा की कि पवार विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में पदभार संभालेंगे। उन्होंने कहा कि 288 सदस्ईय सदन में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के रूप में उभरी है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अजित पवार को एक परिपक्व नेता और प्रशासक बताया।

# होटल-रेस्तरां नहीं ले सकेंगे अब खाने पर सेवा शुल्क

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने स्वत: लगने वाले शुल्क को किया प्रतिबंधित

● बढ़ती शिकायतों के बीच सीसीपीए ने जारी किए दिशा निर्देश

**होटल** और रेस्तरां अब ग्राहकों से खाने के बिल पर सेवा शुल्क नहीं ले सकेंगे। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने सोमवार को होटल और रेस्तरांओं को खाने के बिल में स्वत: लगने वाला सेवा शुल्क जोड़ने से प्रतिबंधित कर दिया है। उपभोक्ता इस तरह के किसी उल्लंघन की शिकायत कर सकेंगे। बढ़ती शिकायतों के बीच सीसीपीए ने अनुचित व्यापार गतिविधियां और उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन को रोकने के लिए दिशा निर्देश जारी किए। सीसीपीए के मुख्य आयुक्त ने दिशानिर्देश में कहा, कोई भी होटल या रेस्तरां बिल में अपने-आप सेवा शुल्क नहीं जोड़ेंगे। साथ ही किसी अन्य नाम से भी सेवा शुल्क नहीं वसूला जाएगा। इसमें कहा गया है कि कोई भी होटल या रेस्तरां ग्राहकों को सेवा शुल्क देने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। ग्राहक चाहे तो सेवा शुल्क दे सकते हैं। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक, वैकल्पिक और उपभोक्ता के विवेक पर निर्भर करेगा। दिशानिर्देश के अनुसार, उपभोक्ताओं पर सेवा शुल्क के संग्रह के आधार पर प्रवेश या सेवाओं को लेकर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा।

इसके अलावा, सेवा शुल्क को खाने के बिल के साथ जोड़कर और कुल राशि पर जीएसटी लगाकर एकत्र नहीं किया जा सकता है। यदि कोई उपभोक्ता यह पाता है कि होटल या रेस्तरां दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए सेवा शुल्क वसूल रहे हैं, तो वह संबंधित इकाई से इसे बिल राशि से हटाने का अनुरोध कर सकता है। उपभोक्ता जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) नंबर 1915 पर कॉल करके या एनसीएच मोबाइल ऐप के जरिए भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। वे उपभोक्ता आयोग में भी इस बारे में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ई-दाखिल पोर्टल के जरिए दर्ज कराई जा सकती है। इसके अलावा उपभोक्ता संबंधित जिले के जिला कलेक्टर को भी जांच के लिए शिकायत दे सकते हैं। ( शेष पेज 8 )

# विधायकों के वेतन-भत्तों में 66 फीसदी से अधिक वृद्धि

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● दिल्ली विधानसभा ने दी वेतन में वृद्धि से संबंधित विधेयक को मंजूरी

**विधानसभा** ने विधायकों के वेतन एवं भत्तों में 66 फीसद से अधिक की वृद्धि से संबंधित विधेयकों को मंजूरी दे दी है। मंत्रियों, विधायकों, मुख्य सचेतक, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और विपक्ष के नेता के वेतन में वृद्धि से संबंधित पांच अलग-अलग विधेयक सदन में पेश किए गए और सदस्यों ने उन्हें पारित किया। उन्हें अब राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल में दिल्ली के विधायकों का वेतन बढ़ाने संबंधी मामला करीब 7 साल से लटका हुआ था। अब विधायकों के वेतन संबंधित विधेयक को स्वीकृति मिल गयी है तो उनके वेतन और भत्तों को मिलकर 54 हजार रुपये प्रतिमाह की जगह 90 हजार रुपये मिलेंगे। विधायकों के वेतन बढ़ाने संबंधी बिल को मई 2022 में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अपनी स्वीकृति दे दी थी। जिससे संशोधन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे पहले उनका वेतन वर्ष 2011 में बढ़ा था। इससे पहले राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने सदन में विधायकों, मंत्रियों, चीफ व्हिप, स्पीकर, डिप्टी स्पीकर और लीडर ऑफ ऑपोजिशन के वेतन भत्ते में बढ़ोतरी का बिल पेश किया था। इसके बाद उन्होंने ट्वीट कर कहा कि सोमवार को दिल्ली विधानसभा ने पिछली वृद्धि के 11 साल बाद मंत्रियों, विधायकों, मुख्य सचेतक, विधानसभा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के वेतन एवं भत्तों को बढ़ाने के लिए पांच विधेयक पारित किए। विधेयक राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद प्रभाव में आ जाएंगे। विधानसभा में चर्चा के दौरान सदस्यों ने कहा कि उनका वेतन बढ़ती महंगाई और विधायकों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के अनुरूप होना चाहिए। वित्त विभाग का कामकाज संभाल रहे उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा, ( शेष पेज 8 )

## द्रमुक नेता ए राजा की तमिलनाडु को स्वायत्तता प्रदान करने की मांग

**चेन्नई (भाषा)।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के नेता ए राजा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से तमिलनाडु को स्वायत्तता प्रदान करने का आग्रह करते हुए कहा कि, उन्हें एक स्वतंत्र देश की मांग करने के लिए बाध्य नहीं किया जाए। शहरी स्थानीय निकायों के पार्टी प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए राजा ने कहा कि द्रविड़ आंदोलन के प्रतीक टी पेरियार एक स्वतंत्र तमिलनाडु के लिए खड़े थे, लेकिन द्रमुक इससे दूर हो गई। उन्होंने कहा कि पार्टी ने पेरियार को स्वीकार करने के बावजूद देश की अखंडता और लोकतंत्र का समर्थन करते हुए भारत की जय हो की आवाज बुलंद की तथा पार्टी आज भी इस पर कायम है। राजा ने कहा, मैं अमित शाह और प्रधानमंत्री से अत्यंत विनम्रता से कह रहा हूं, मैं आपसे अपने नेताओं की उपस्थिति में मंच पर प्रार्थना करता हूं, हमारे मुख्यमंत्री अन्ना (पूर्व मुख्यमंत्री और डीएमके संस्थापक) के रास्ते पर हैं, हमें पेरियार की राह पर नहीं धकेलें। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी को एक अलग देश की मांग करने के लिए विवश ( शेष पेज 8 )

# सिद्धू मूसेवाला की हत्या में शामिल शार्प शूटर अंकित समेत दो गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में मूसेवाला की हत्या के आरोपी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** पुलिस की स्पेशल सेल को सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में एक और बड़ी सफलता मिली है। उसने गायक मूसेवाला की हत्या में शामिल शार्प शूटर अंकित और उसको शरण देने वाले सचिन भिवानी उर्फ सचिन चौधरी को गिरफ्तार किया है। अंकित ने दोनों हाथों में पिस्टल लेकर सिद्धू पर सबसे करीब से ताबड़तोड़ गोलियां चलाई थी। अंकित लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बरार गैंग का सबसे युवा शूटर है। वारदात को अंजाम देने के बाद वह छह राज्यों में जाकर छिपा, लेकिन स्पेशल सेल ने उसे धर दबोचा।

विशेष आयुक्त हरगोविंद सिंह धालीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में स्पेशल सेल भी छानबीन कर रही थी। पिछले महीने दो शूटरों सहित तीन लोगों को गुजरात से गिरफ्तार किया था। ( शेष पेज 8 )

# स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास कुछ लोगों तक सीमित नहीं: मोदी

● प्रधानमंत्री ने भीमावरम में महान स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीताराम राजू की 125वीं जयंती पर उनकी 30 फुट की कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया

**भाषा।** भीमावरम (आंध्र प्रदेश)

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को प्रतिबिंबित करने वाले और सभी वर्गों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने वाले नए भारत के निर्माण का आह्वान करते हुए सोमवार को कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास कुछ वर्षों या कुछ लोगों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के हर कोने से दिए गए बलिदान का इतिहास है। मोदी ने महान स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीताराम राजू की 125वीं जयंती पर यहां उनकी 30 फुट की कांस्य प्रतिमा का अनावरण करने के बाद एक बड़ी



जन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले आठ साल में उनकी सरकार ने प्रतिबद्धता के साथ काम किया है और स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को पूरा करने के लक्ष्य से नीतियां लागू की हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हम आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, ऐसे में स्वतंत्रता सेनानियों के स्वप्न साकार करना हर नागरिक का कर्तव्य है। हमारा नया भारत, उनके सपनों का भारत होना चाहिए। यह ऐसा भारत होना चाहिए, जहां गरीबों, किसानों, मजदूरों, पिछड़े वर्गों, आदिवासियों और दलितों को समान अवसर मिलें। ( शेष पेज 8 )

## प्रधानमंत्री की सुरक्षा में बड़ी चूक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उड़ान मार्ग में काले गुब्बारे छोड़े

**अमरावती।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को जब विजयवाड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से भीमावरम के लिए रवाना हुए तो उनके उड़ान के रास्ते में काले गुब्बारे छोड़े गए, जिसे विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) बड़ी सुरक्षा चूक के तौर पर देख रहा है। हालांकि राज्य की पुलिस ने सुरक्षा में सेंध की बात से इनकार किया है, लेकिन इस संबंध में कांग्रेस के एक कार्यकर्ता को हिरासत में लिया गया है जबकि पार्टी के तीन अन्य कार्यककर्ताओं को काले गुब्बारों के साथ हवाई अड्डे में घुसने का प्रयास करने के लिए गिरफ्तार किया गया है। ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,234 | ↑ 327 | |
| निफ्टी | 15,835 | ↑ 83 | |
| सोना | 52,117 | ↑ 200 | /10g |
| चांदी | 57,800 | ↑ 58 | /kg |

## क्विक न्यूज

### मोदी सात जुलाई को जाएंगे वाराणसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा करेंगे और इस दौरान वह 1800 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। ये परियोजनाएं बुनियादी ढांचों को दुरुस्त करने और जीवन को सुगम बनाने से जुड़ी है। वे दो बजे एलटी कॉलेज, वाराणसी में अक्षय-पात्र मध्याह्न भोजन रसोईघर का उद्घाटन करेंगे। इसकी क्षमता एक लाख विद्यार्थियो के लिए मध्याह्न भोजन तैयार करने की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो बजकर 45 मिनट पर इंटरनेशनल कोऑपरेशन एंड कन्वेंशन सेंटर - रुद्राक्ष- का दौरा करेंगे, जहां वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर अखिल भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन करेंगे।

# किसानों को प्राकृतिक खेती सिखाएगी सरकार

● अर्थ गंगा योजना के तहत बारीकियों से कराएगी रूबरू

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** अर्थ गंगा योजना के तहत देश के किसानों को प्राकृतिक खेती की बारीकियों से रूबरू कराएगी और चुने गए किसानों को अगले महीने प्रशिक्षण के लिए उन स्थानों पर भेजेगी जहां सुनियोजित ढंग से प्राकृतिक खेती हो रही है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक जी अशोक कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया, अर्थ गंगा के तहत कुछ गतिविधियों पर कार्य शुरू किया जा रहा है। इसमें एक विषय गंगा के दोनों किनारों पर प्राकृतिक खेती का है। पिछले सप्ताह हमने अर्थ गंगा एवं आजीविका से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की थी।



मुरादाबाद में धान की पौध की रोपाई करते किसान

उन्होंने कहा कि अर्थ गंगा ढांचे के तहत गंगा नदी के किनारे से 10 किलोमीटर तक खेतों में रसायनों का इस्तेमाल बंद करने को बढ़ावा दिया जाएगा। एनएमसीजी के महानिदेशक ने कहा कि देश के कई हिस्सों में पहले से प्राकृतिक खेती की जा रही है, ऐसे में किसानों को इन स्थानों पर प्राकृतिक खेती की जानकारी दी जाएगी। कुमार ने कहा, अर्थ गंगा योजना के तहत देश के किसानों को प्राकृतिक खेती की बारीकियों से रूबरू कराया जाएगा। अगले महीने चुने गए किसानों को प्रशिक्षण के लिए उन स्थानों पर भेजा जाएगा जहां सुनियोजित ढंग से प्राकृतिक खेती हो रही है। उन्होंने कहा कि इसके तहत प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में अहम स्थान रखने वाले सुभाष पालेकर से भी बात की गई है। पतंजलि ने भी कुछ स्थानों पर प्राकृतिक खेती शुरू की है और उनके अनुभव का भी लाभ उठाया जाएगा। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने हाल ही में कार्यकारी समिति की बैठक में अर्थ गंगा ढांचे के तहत मिट्टी रहित कृषि तकनीक के कार्यान्वयन की एक प्रायोगिक परियोजना को मंजूरी दी है। परियोजना के मसौदे के अनुसार, इस परियोजना को दो चरणों में पूरा किया जाएगा। इसका लक्ष्य अर्थ गंगा ढांचे का उपयोग करके 1000 एकड़ जमीन को मिट्टी रहित खेती करने में सक्षम करना है। गौरतलब है कि मिट्टी रहित कृषि तकनीक फसल उगाने की एक विधि हैं। इसे घोल विधि और माध्यम विधि से किया जाता है। घोल विधि में पौधों को केवल पानी और पोषक तत्वों की मदद से उगाया जाता है। वहीं, माध्यम विधि में मिट्टी की बजाए नमी बनाए रखने के लिए बालू, धान की भूसी, पौधों के अपशिष्ट आदि का इस्तेमाल किया जाता है। ( शेष पेज 8 )

# सेना के डॉक्टरों ने पहली बार किया श्रवण ब्रेनस्टेम इंप्लांट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● चार साल की बच्ची के बहरेपन के इलाज को चला 12 घंटे ऑपरेशन

● देश के किसी भी सरकारी अस्पताल में पहली बार हुई दुर्लभ सर्जरी

**सेना** के डॉक्टरों ने चार साल की बच्ची के बहरेपन को ठीक करने के लिए 12 घंटे से अधिक समय तक चलने वाला दुर्लभ ऑपरेशन किया है। सेना के जवान की बच्ची को ठीक करने के लिए इस तरह का किया गया श्रवण ब्रेनस्टेम इंप्लांट (एडीबीआई) सर्जरी अब तक किसी भी सशस्त्र बलों या सरकारी संगठन में नहीं किया गया है। इस तरह से वह एडीबी प्राप्त करने वाली पहली बच्ची बन गई हैं।

सेना के अधिकारियों ने जटिल चिकित्सकीय ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए सोमवार को बताया कि यह ऑपरेशन दिल्ली स्थित आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफरल (आरआर) में किया गया। इस जटिल ऑपरेशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि बहरेपन के शिकार अधिकांश बच्चों के कोक्लीअ में दोष होता है, उसे कॉक्लियर इम्प्लांट के साथ ठीक किया जाता है। जबकि इस बच्ची के मामले में जन्म के समय से ही कोई कोक्लीअ या श्रवण तंत्रिका नहीं थी, ऐसे में इस बच्ची को ठीक करने का एकमात्र विकल्प मस्तिष्क में सुनने वाली सीट पर एक श्रवण ब्रेनस्टेम इम्प्लांट (एडीबीआई) लगाना था। उन्होंने बताया कि दुनिया भर में अभी भी श्रवण ब्रेनस्टेम इम्प्लांटेशन की अत्याधुनिक तकनीक अपनी प्रारंभिक अवस्था में है। इस ऑपरेशन को करने में चिकित्सकों की एक टीम ने करीब 12 घंटे से अधिक समय लिया, इस टीम में कान, नाक और गले (ईएनटी) सर्जन, न्यूरोसर्जन, न्यूरो एनेस्थेटिस्ट और ऑडियोलॉजिस्ट का दल शामिल था। अधिकारी ने बताया कि बच्चे में एडीबीआई डिवाइस का स्विच ऑपरेशन के छह सप्ताह बाद शुरू किया जाएगा। इसके बाद बच्चे को गहन पुनर्वास में रखा जाएगा जहां बच्ची श्रवण जागरूकता हासिल करेगी और समय के साथ संवाद स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि इससे बच्ची को मुख्यधारा की स्कूली शिक्षा के साथ एकीकरण करने में मदद मिलेगी जिससे आने वाले वर्षों में वह समाज की मुख्य धारा से जुड़ कर अपना योगदान कर सकेगी।

# दो माह के लिए पृथला गोल चक्कर बंद

● नोएडा-ग्रेनो वेस्ट के बीच दो महीने डेढ़ लाख लोग रहेंगे परेशान



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बीच यातायात को निर्बाध बनाने के लिए पृथला गोलचक्कर पर फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। अब यह परियोजना तय समय से पिछड़ रही है। नोएडा प्राधिकरण ने निर्माण को गति देने का फैसला लिया है। लिहाजा, दो माह के लिए पृथला गोल चक्कर बन्द करके रूट डायवर्जन किया जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक गोल चक्कर को अगले 15 दिनों में बंद कर दिया जाएगा। गोल चक्कर के रास्ते फेज-दो और सेक्टर-80 की ओर से एनएच-9 की तरफ वाहन सीधे नहीं जा सकेंगे। गौड़ सिटी की ओर से आने वाले वाहन भी एनएच-9 की ओर जाने के लिए गोल चक्कर का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे।

इस रूट डायवर्जन से रोजाना करीब 1.50 लाख लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। फ्लाईओवर का निर्माण पूरा होने के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बीच सफर आसान हो जाएगा। गोलचक्कर को बंद करने और रूट डायवर्जन करने से पहले ट्रैफिक पुलिस, प्राधिकरण और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों की बैठक होगी। यह बैठक इसी सप्ताह होने वाली है। बैठक में रूट डायवर्जन के अंतिम प्लान को मंजूरी दी जाएगी। अथॉरिटी के अधिकारियों ने बताया कि अब गोल चक्कर के ऊपर केबल सस्पेंशन ब्रिज बनाने का काम शुरू करना है। ब्रिज के दोनों ओर उतरने.चढ़ने के लिए एप्रोच रोड बनाने का काम तेज किया जाएगा। इसके लिए गोलचक्कर पर वाहनों का दबाव कम करना होगा।

# गाजियाबाद के मुख्य चौराहों पर नहीं लगेगा जाम दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर बंद होंगे तीन कट

● डासना जाने वाले मार्ग पर केवल चार लेन की सुविधा है। आगामी 11 के बाद इसमें 2 लेन और खोल दी जाएगी



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सफर करने वालों के लिए अच्छी खबर है। एनएचएआई का कहना है कि आगामी 11 जुलाई के बाद एक्सप्रेसवे पर 3 कट को बंद कर दिया जाएगा। इन तीनों कट को एनएचएआई ने अवैध बताया है।

इन अवैध कट के बंद हो जाने के बाद गाजियाबाद के मुख्य पॉइंट लाल कुआं पर जाम नहीं लगेगा। लाल कुआं के अलावा चिपयाना बुजुर्ग में भी जाम की स्थिति बंद हो जाएगी। जिसके बाद यहां पर 24 घंटे यातायात सामान्य रहेगा और वाहन फर्राटे भरेंगे।

एनएचएआई के अधिकारी ने बताया कि यूपी गेट से लेकर डासना तक इस समय काफी अवैध कट बने हुए हैं। इन सभी अवैध कट को बंद किया जाएगा। जिसके बाद दिल्ली.मेरठ एक्सप्रेसवे और एनएच.9 पर चलने वाले वाहनों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। फिलहाल एनएचएआई ने दोनों पॉइंट पर और ट्रैफिक पुलिस ने स्थान पर कट बनाया हुआ है। जिसकी वजह से जाम की स्थिति पैदा होती है। अब इसको बंद कर दिया जाएगा। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अरविंद कुमार ने बताया कि 11 जुलाई से इस एक्सप्रेसवे पर 6 लेन अप और 6 लेन डाउन पूरी तरीके से खोल दी जाएगी। अभी तक डासना से दिल्ली जाने वाले अब ट्रैफिक के लिए ही 6 लेन ओपन है, लेकिन दिल्ली से डासना जाने वाले मार्ग पर केवल चार लेन की सुविधा है। आगामी 11 जुलाई के बाद इसमें 2 लेन और खोल दी जाएगी। इसके बाद दोनों तरफ 6-6 तैयार हो जाएंगे। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर यातायात करने वालों के लिए एक और जरूरी बात है।

दोपहिया और तीन पहिया वाहनों को एक्सप्रेसवे पर प्रतिबंधित किया गया है, लेकिन उसके बावजूद भी अगर एक्सप्रेसवे पर ऐसे वाहन दौड़ते हैं तो उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इन वाहनों का चालान काटा जाएगा। मंडलायुक्त मेरठ सुरेंद्र सिंह ने निर्देश दिए हैं कि अगर तीन बार किसी वाहन का चालान कटता है तो वाहन मालिक के ड्राइविंग लाइसेंस को तत्काल निरस्त किया जाए।

## अगले 15 दिन सेक्टर-48 और 107 चौराहा सड़क की आवाजाही रहेगी बंद

**नोएडा।** शहर के यातायात से निजात पाने के लिए नोएडा प्राधिकरण दूसरा सबसे बड़ा एलिवेटेड रोड का निर्माण करा रहा है। भंगेल एलिवेटेड रोड का कार्य तेजी से चल रहा है। एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य के कारण सेक्टर-48 और 107 चौराहा करीब 15 दिन तक वाहनों के लिए बंद रहेगा। इस दौरान वाहन चालकों को वैकल्पिक रास्तों से होकर आना.जाना होगा। डायवर्जन की यह व्यवस्था जल्द लागू की जाएगी।

पहले चरण में डीएससी रोड पर स्थित सेक्टर.48 और 107 चौराहे से गर्डर रखे जाने का काम किया जाना है। ऐसे में इस चौराहे को पूरी तरह वाहनों के लिए बंद कर दिया जाएगा। चौराहा बंद होने पर सेक्टर-71 अंडरपास से होकर सेक्टर-47, 107, 100, 105, 108 हाजीपुर गांव आदि की ओर जाने वाले वाहन चालकों को मानव रचना स्कूल के सामने से होकर सेक्टर.51 के सामने जाना होगा।

## नेवी के सेवानिवृत्त अधिकारी को ठगों ने लगाया चूना

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद के हिंडन एयर फोर्स पुलिस चौकी के पास ठगों ने नेवी के सेवानिवृत्त अधिकारी से डेबिट कार्ड बदलकर ठगी की। ठगो ने पीड़ित के खाते से 30 हजार रुपए का चूना लगा दिया।

न्यू करहेरा कॉलोनी में नंदन रावत अपने परिवार के साथ रहते हैं। नंदन पैसे निकालने के लिए हिंडन एयर फोर्स पुलिस चौकी के सामने एटीएम बूथ पर गए थे। रुपए निकालते समय डेबिट कार्ड एटीएम बूथ में फंस गया, उन्होंने पास खड़े एक युवक की मदद ली। युवक ने डेबिट कार्ड बदलकर दे दिया। घर आने के कुछ समय पश्चात नंदन के पास पैसे निकलने का मैसेज आया। जिसके बाद ठगी का पता चला।

# 100 करोड़ की जमीन पर रातों-रात खड़ी हुई दीवार

● महज तीन किलोमीटर दूर है एसडीएम का दफ्तर



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दादरी में बाईपास के किनारे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की जमीन है। जिसकी कीमत करीब 100 करोड़ रुपए हैं। इस जमीन पर भूमाफिया ने रातों रात दीवार खड़ी कर दी। इसकी जानकारी मिलने के बाद जिला प्रशासन और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अफसरों में खलबली मच गई है। सूचना मिलने के बाद दादरी एसडीएम ने मौके पर अपनी टीम भेजी है। यह जमीन करीब 150 बीघा है।

मिली जानकारी के अनुसार चिटहेरा गांव के पास बाईपास के किनारे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की जमीन है। यह ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की इस 150 बीघा जमीन पर किसानों ने पहले ही मुआवजा उठा लिया है। रातों रात इस जमीन पर बाउंड्री वॉल करके कब्जा किया गया है। तेजी से कार्य करने के लिए रेडीमेट दीवार मंगाकर लगाई गई है। बताया जा रहा है कि इस जमीन की कीमत 100 करोड़ की से भी ज्यादा है। इसकी सूचना दिन निकलते ही प्राधिकरण और प्रशासनिक अधिकारियों को लगी है। बताया जा रहा है कि अतिक्रमण और अवैध कॉलोनियों को हटाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को अतिरिक्त पुलिस बल मिला है, लेकिन पिछले 20 दिनों से प्राधिकरण के पास पुलिस फोर्स नहीं है। जिसकी वजह से अवैध कॉलोनियों के खिलाफ चल रही प्राधिकरण की कार्यवाही पिछले 20 दिनों से ठंडी पड़ी है। जिसकी वजह से ही भूमाफियाओं ने प्राधिकरण की जमीन पर अवैध कब्जा किया।

इस मामले में चिटहेरा के ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने काफी महीने पहले इसकी शिकायत अधिकारियों से की थी, लेकिन शिकायत मिलने के बावजूद भी अधिकारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने एसडीएम दफ्तर जाकर भी मामले की शिकायत की थी। गांव के लोगों का कहना है कि खेती के नाम पर जमीन खरीदकर गाजियाबाद और दिल्ली समेत काफी इलाकों के लोगों ने वहां पर बाउंड्री वाल करना शुरू कर दिया है, लेकिन इस जमीन पर पहले ही प्राधिकरण ने मुआवजा दे दिया है।

# ग्रेनो वेस्ट में कुत्तों का आतंक बच्चे को बुरी तरह नोंच डाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा ग्रेटर नोएडा में आवारा कुत्तों का आतंक सड़कों से लेकर सोसाइटियों तक बढ़ता जा रहा है। आए दिन आवारा कुत्ते बच्चों से लेकर बुजुर्गों पर हमला कर उनको घायल कर रहे हैं। रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें एक बच्चे को कुत्ते ने बुरी तरह जख्मी कर दिया है। यह वीडियो ग्रेटर नोएडा वेस्ट के हाईराइज सोसाइटी का है। पूरा मामला थाना बिसरख क्षेत्र के इको विलेज 2 का है। सोसाइटी के लोगों ने बताया कि सोसाइटी में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है, जिसकी वजह से बच्चे, महिलाए और बुजुर्ग काफी परेशान है। आरोप है कि इस मामले को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में शिकायते की जा रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

गौतमबुद्ध नगर में लगातार चल रहा आवारा कुत्तों का हमला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। प्रतिदिन नोएडा, ग्रेटर नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, दादरी और जेवर समेत आसपास के गांवों में किसी ना किसी पर कुत्ते हमला कर रहे हैं। लोग स्थानीय प्रशासन और विकास प्राधिकरणों को शिकायत दे रहे हैं, लेकिन कोई ठोस कदम अभी तक नहीं उठाया गया है। स्वास्थ्य विभाग के आकंड़ों बताते हैं कि केवल नोएडा शहर में कुत्ते रोजाना एक दर्जन से अधिक लोगों को घायल कर रहे हैं।

## हेलीपोर्ट का दोबारा होगा टेंडर

**पायनियर सामचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर-151ए में बनने वाले हेलीपोर्ट निर्माण के लिए दोबारा ग्लोबल टेंडर होगा। नोएडा प्राधिकरण ने दोबारा से टेंडर किए जाने की अनुमति दे दी है हालांकि औपचारिकता के तौर पर फाइल को मंजूरी के लिए शासन को भेजा जाएगा। इसकी वजह यह है कि हेलीपोर्ट निर्माण को लेकर शासन स्तर पर एक कमेटी गठित हो रखी है।

सेक्टर-151ए में बनने वाले हेलीपोर्ट के लिए जनवरी 2022 में पहली बार ग्लोबल टेंडर जारी किया गया था। 30 मार्च तक इसके लिए आवेदन मांगे गए थे। हेलीपोर्ट निर्माण के लिए पहली बार जारी किए गए टेंडर में एक एजेंसी आई थीं। इस एजेंसी के कागजातों में कुछ कमी मिली। ऐसे में नोएडा प्राधिकरण ने दोबारा टेंडर करने का निर्णय लिया है।

नोएडा अधिकारियों ने बताया कि टेंडर में आई एक एजेंसी के दस्तावेजों का परीक्षण करवाया गया था, जिसमें कागजातों में कमी मिली। उन्होंने बताया कि हेलीपोर्ट निर्माण के लिए दोबारा ग्लोबल टेंडर होगा। इसके लिए अनुमति मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि औपचारिकता के तौर पर फाइल को मंजूरी के लिए शासन को भेजा जाएगा। प्राधिकरण हेलीपोर्ट पीपीपी मॉडल पर बनवाने की तैयारी कर रहा है।

# एक सप्ताह में कोरोना के नए मरीज के मुकाबले स्वस्थ होने वाले ज्यादा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

एक सप्ताह से कोरोना संक्रमित नए मरीजों के मुकाबले स्वस्थ होने वालों की संख्या ज्यादा है। आने वाले दिनों में भी स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि होम आइसोलेशन से मरीज पांच दिन में स्वस्थ हो रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले पांच दिनों में 880 मरीज अस्पताल और होम आइसोलेशन से स्वस्थ हुए। वहीं कोरोना संक्रमित नए मरीजों की संख्या 584 रही। नए मरीजों के मुकाबले स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या दिनों दिन बढ़ रही है। 26 जून को नए मरीजों के मुकाबले स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा रही। इस दिन नए मरीजों के मुकाबले स्वस्थ होन वाले 50 प्रतिशत ज्यादा थे। इसके बाद से लगातार नए मरीजों के मुकाबले स्वस्थ होने वाले ज्यादा रहे। होम आइसोलेशन में इलाज करा रहे मरीज 5.7 दिन में स्वस्थ हो रहे हैं। वहीं अस्पतालों में भर्ती मरीजों को स्वस्थ होने में 10 दिन से ज्यादा का समय लग रहा है।

## सिंगल यूज प्लास्टिक पर चला जागरूकता अभियान

**नोएडा।** प्लास्टिक को प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत माना जाता है। एक जुलाई 2022 से भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लग गया है, इसी को देखते हुए प्राधिकरण नोएडा को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है। रेस रिडक्शन, अवेयरनेस, सर्कुलर सॉल्यूशन एंड मास एंगेजमेंट कार्यक्रम के अंतर्गत अंतिम दिन शहर में कई जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। नुक्कड़ नाटक से लेकर बैंड परफोरमेंस के जरिए लोगों को जागरूक किया गया। लोगों ने शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया।



सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाते लोग।

## डीजल जनरेटर को सीएनजी में तब्दील करने के निर्देश

**नोएडा।** पर्यावरण प्रदूषण रोकथाम एवं नियंत्रण प्राधिकरण ईपीसीए ने 30 सितंबर से डीजल जनरेटर पर रोक की घोषणा कर रखी है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ग्रेटर नोएडा इकाई ने ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी और उद्योग इकाइयों के संचालकों को नोटिस जारी किया है। उन्होंने तय तारीख से पहले डीजल जनरेटर को सीएनजी में तब्दील करने के निर्देश दिए हैं।

यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्राधिकारी भुवन यादव ने बताया कि डीजल जनरेटर पर 30 सितंबर से रोक लग जाएगी। ऐसे में सोसाइटी उद्योग इकाइयों के संचालकों को डीजल जनरेटर को सीएनजी या बायोमास फ्यूल में तब्दील करना होगा। इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग से खराब ट्यूबवेल होंगे रिचार्ज

● दो जगहों पर पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू, भूजल स्तर में होगी बढ़ोतरी



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर सेक्टर-33 प्रकाश अस्पताल और सेक्टर.61 शॉप्रिक्स मॉल ट्यूबेल के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया गया है। ये दोनों ट्यूबेल करीब 300 फिट गहरे और एक मीटर चौड़े थे। जल स्तर गिरने से कुछ साल से ये बंद पड़े हुए थे।

पानी सप्लाई की मात्रा बढ़ाने के लिए इनके आसपास और अधिक गहराई में दूसरी बोरिंग करानी पड़ती है। जिस पर प्राधिकरण का काफी खर्चा होता है। अब इनके लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की योजना तैयार की गई। इसके तहत सड़क के पास ड्रेन के टॉप लेवल पर ट्यूबवेल के बोर को पाइप से जोड़ा गया। इससे सिर्फ बारिश का ही पानी आएगा। अब बारिश शुरू होने से इसका फायदा देखने को मिल रहा है। जल्द ही ये प्रयोग बाकी ट्यूबवेल पर भी किए जाएंगे, जिससे शहर के जल स्तर में ज्यादा कमी न आने पाए और बारिश के पानी का पर्याप्त प्रयोग हो सके। उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक जिले में सालाना 29233.06 हेक्टयर मीटर भूजल रिचार्ज होता है। उससे ज्यादा 31251.26 हेक्टयर मीटर भूजल का दोहन हो रहा है।

यदि यही स्थिति रही तो आने वाले समय में नोएडा और आसपास के क्षेत्र में भूजल समाप्त हो जाएगा। नोएडा का भू-जल स्तर औसतन 1.79 मीटर प्रतिवर्ष की दर से घट रहा है। यहा के कई सेक्टरों में भू-जल समाप्ती की कगार पर है। इसकी एक वजह बारिश का पानी का जमीन में संचयन न होकर वेस्ट हो जाना है।

ग्रेटर नोएडा पाई सिग्मा-3 में यह स्थिति और खराब है। यहा प्रतिवर्ष 3.9 मीटर की दर से भू.जल स्तर गिर रहा है। 2019 में बिसरख ब्लाक को अतिदोहन की श्रेणी में शामिल किया गया था। यहा ड्राइंग दर 149.8 प्रतिशत थी, जबकि दनकौर में 99.84 प्रतिशत की ड्राइंग दर के साथ क्रिटिकल श्रेणी रखा गया था। दादरी सेमी.क्रिटिकल श्रेणी में आता है। जेवर में 108.81 प्रतिशत की निकासी दर के साथ ओवरएक्लोएटेड यानी अतिदोहन की श्रेणी में हैं।

प्रदेश में सालाना औसतन करीब 700 से 900 एमएम बारिश होती है। नोएडा में पिछले साल 1450 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। यह सामान्य नहीं है। इसका अधिकांश हिस्सा दूषित हो गया और काफी बह गया। यदि इसका 65 प्रतिशत हिस्सा रिचार्ज कर भूजल को बढ़ाने में किया जाता तो आने वाले समय में भू-जल की समस्या कुछ कम जरूर होती।


## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रो ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ओम प्रकाश, शांता, कोठी नंबर जी-3, 41वां तल, सेक्टर-56, जी.बी. नगर, नोएडा-201301, खाता नंबर :- LBDEL00000965954 | फ्लैट टाइप बी, सीजीईडब्ल्यूएचओ, सेक्टर-82, नोएडा - 201301 | 28-12-2020 रू. 6,60,276.16/- | 08-04-2014 |
| 2. | अरविंद कुमार मिश्रा, हरेन्द्र कुमार मिश्रा, 880/31, लक्ष्मण विहार, गली नंबर 1, अपना एन्क्लेव के सामने, गुरूग्राम-122051, खाता नंबर :- LBNOD00001950278 | फ्लैट नंबर एलडी 1-16-503, दि कोव जेपी ग्रीन्स स्पोर्ट्स सिटी, नोएडा - 201301 | 28-12-2020 रू. 2,56,077/- | 31-07-2018 |
| 3. | राजीव द्विवेदी, रश्मि द्विवेदी, जी-266, फेज नंबर 06, केएच नंबर 1529, आदर्श एन्क्लेव, आया नगर एक्सटेंशन, दिल्ली- 110047 खाता नंबर :- LBFDB00002734519 | फ्लैट नंबर 302, 14वां तल, सेक्टर-7, टाइप बी, टावर बी-3, एसआरएस पाम होम्स पलवल, फरीदाबाद, हरियाणा-121001 | 27-01-2021 रू. 10,27,206/- | 31-12-2018 |
| 4. | सुभाष चंदर लूथरा, चांद रानी, डी-18, द्वितीय तल, अजय एन्क्लेव, दिल्ली- 110018 खाता नंबर :- LBDEL00001623787 | फ्लैट नंबर डी-18, द्वितीय तल, अजय एन्क्लेव, दिल्ली- 110028 | 18-07-2017 रू. 33,67,154/- | 05-08-2009 |
| 5. | सुखपाल सिंह, रेखा सिंह, जे-191, (गामा सेकंड) वाई-आईएनटी, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश, नोएडा - 201301 खाता नंबर :- LBDEL00000379476 | प्लॉट नंबर 191, ब्लॉक जे, सेक्टर-गामा, दिल्ली - 201301 | 18-07-2017 रू. 11,46,198/- | 26-09-2003 |
| 6. | सूरज कुमार, राजीव, एफ 3/108 ए, प्रथम तल, संगम विहार, दिल्ली- 110062 खाता नंबर :- LBDEL00002305585 | फ्लैट नंबर यूडीएनए010002, टावर ए-01, उड़ान अपार्टमेंट, ग्रुप हाउसिंग- पाकेट-जीएच 6, सेक्टर-22, जेपी ग्रीनस्पोर्ट्स सिटी ईस्ट मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश, नोएडा-201301 | 27-11-2020 रू. 8,08,179/- | 02-03-2022 |
| 7. | सुशील कुमार, विमला, 201 बी, पाकेट सी, सिद्धार्थ एक्सटेंशन, निकट जीवन हॉस्पिटल, नई दिल्ली-110014 खाता नंबर :- LBDEL00001513088 | रजि. नंबर 22420, स्कीम कोड नंबर 2006-07 (एच) (02), एलआईजी एफ्लैट न्यू ओखला डेवलपमेंट अथॉरिटी, उत्तर प्रदेश, नोएडा-201301 | 18-06-2019 रू. 6,05,149.28/- | 11-05-2019 |
| 8. | त्रिलोक दीक्षित, राजेन्द्र प्रसाद दीक्षित, फ्लैट नंबर 3091, ब्लॉक नंबर 8, सेक्टर -4 ए, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश- 201010 खाता नंबर :- LBGHZ00001414949 | फ्लैट नंबर 3091, सेक्टर -4 ए, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश- 201010 | 31-03-2022 रू. 6,43,795/- | 02-08-2022 |
| 9. | विनोद पाठक, अनीता पाठक, ई-513, जलवायु टावर, सेक्टर-56, गुरूग्राम, हरियाणा-122003, खाता नंबर :- LBDEL00000611278 | फ्लैट नंबर ई-513, जलवायु टावर, सेक्टर-56, गुरूग्राम, हरियाणा-122002, | 22-07-2017 रू. 10,30,494/- | 02-05-2009 |
| 10. | असित मित्तल, नविता मित्तल, डी-102, सेक्टर-55, नोएडा-201301 खाता नंबर :- LBDEL00000359297 | फ्लैट नंबर सी, शिवकला अपार्टमेंट, शिवा सहकारी आवास समिति लिमिटेड, बी-9/11, सेक्टर-62, नोएडा | 28-12-2020 रू. 34,70,014.79/- | 26-09-2010 |
| 11. | कन्हैया लाल शर्मा, राधा शर्मा, एच नंबर 108 ए, भू तल, बैक पोर्शन, सेक्टर-11 डी, फरीदाबाद-121006 खाता नंबर :- LBFDB00001035933 | प्लॉट नंबर 108 ए, भू तल, (रियर साइड), सेक्टर-11, ब्लॉक-डी, डीएलएफ माडल टाउन, फरीदाबाद-121003 | 10-12-2015 रू. 10,54,251/- | 05-10-2021 |
| 12. | मुनेन्द्र दीक्षित, ज्योति दीक्षित, फ्लैट नंबर 12 ए, ब्लॉक डब्ल्यूपी, पीतमपुरा, दिल्ली- 110008 खाता नंबर :- LBGUR00001378121 | फ्लैट नंबर 3020, तृतीय तल, टाइप-सी, श्रीकृष्ण लोक, वृंदावन मथुरा- 281204 | 16-04-2022 रू. 7,10,683.03/- | 03-10-2022 |
| 13. | सोमा रे, इला रे, फ्लैट नंबर ए-419, गौड़ गैलेक्सी अपार्टमेंट, वैशाली, सेक्टर-5, 5वां तल, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 खाता नंबर :- LBDEL00000584895 | फ्लैट नंबर ए-419, चतुर्थ तल, प्लॉट नंबर 5, सेक्टर-5, गौड़ गैलेक्सी, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 | 11-05-2022 रू. 2,20,222.6/- | 03-07-2022 |
| 14. | स्पर्श गुप्ता, मनोज कुमार, एच नंबर 65, सेक्टर-30, ओल्ड फरीदाबाद, हरियाणा-121002 खाता नंबर :- LBFDB00003669864 | फ्लैट नंबर 707, टाइप बी, टावर 77वां तल, ऑरिक सिटी होम्स, ग्राम भटोला, सेक्टर-82, फरीदाबाद, हरियाणा-121001 | 07-06-2021 रू. 4,95,360/- | 31-03-2022 |
| 15. | विनय कुमार, सुनीता, ई-6, बालाजी अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर 7, सेक्टर-3, द्वारका, दिल्ली-110045 खाता नंबर :- LBDEL00000646625 | फ्लैट नंबर ई-6, बालाजी अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर 7, सेक्टर-3, द्वारका, दिल्ली-110078 | 05-07-2021 रू. 3,37,437/- | 31-12-2020 |
| 16. | अमन कुमार, राकेश कुमारी, एच नंबर 90, ग्राम तिलंग पुर, कोटला, नई दिल्ली-110041 खाता नंबर :- LBDEL00002272931 | फ्लैट नंबर 811, 8वां तल, टावर लाइफ सुइट्स गायत्री एलआई, टावर ब्रीज ए लाइफ सुइट्स, प्लॉट नंबर जीएचव-01, सेक्टर-16, नोएडा-201303 | 18-09-2015 रू. 3,16,369/- | 31-05-2015 |
| 17. | अमन कुमार, राकेश कुमारी, एच नंबर 90, ग्राम तिलंग पुर, कोटला, नई दिल्ली-110041 खाता नंबर :- LBDEL00002094434 | फ्लैट नंबर 811, 8वां तल, टावर लाइफ सुइट्स गायत्री एलआई, टावर ब्रीज ए लाइफ सुइट्स, प्लॉट नंबर जीएचव-01, सेक्टर-16, नोएडा-201303 | 18-09-2015 रू. 43,22,637/- | 31-05-2015 |
| 18. | बृजेश कुमार शर्मा, शकुंतला शर्मा, एच. नंबर 17, गली नंबर 1, शिवपुर, न्यू विजयनगर, गाजियाबाद-201001 खाता नंबर :- LBDEL00000362377 | प्लॉट नंबर आर-216, एचआईजी ड्यूपलेक्स, प्रताप विहार, गाजियाबाद-201301 | 22-04-2016 रू. 6,72,711.71/- | 29-12-2016 |
| 19. | बृजेश कुमार शर्मा, शकुंतला शर्मा, एच. नंबर 17, गली नंबर 1, शिवपुर, न्यू विजयनगर, गाजियाबाद-201001 खाता नंबर :- LBDEL00000376913 | प्लॉट नंबर आर-216, एचआईजी ड्यूपलेक्स, प्रताप विहार, गाजियाबाद-201301 | 22-04-2016 रू. 2,87,557.01/- | 29-12-2016 |
| 20. | बृजेश कुमार शर्मा, शकुंतला शर्मा, एच. नंबर 17, गली नंबर 1, शिवपुर, न्यू विजयनगर, गाजियाबाद-201001 खाता नंबर :- LBNOD00000563607 | प्लॉट नंबर आर-216, एचआईजी ड्यूपलेक्स, प्रताप विहार, गाजियाबाद-201301 | 22-04-2016 रू. 2,73,257/- | 29-12-2016 |
| 21. | मोहित नाकरा, श्वेता नाकरासे 417 एलवीएल 4, 530 लिटिल कोलिंस्ट, मेलबर्न वीइआईसी3000 मेलबर्न530 लिटिल कोलिंस्ट,मेलबर्न वीइआईसी3000 मेलबर्न 3000,खाता नंबर :-LBNOD00001987531 | प्लॉट नंबर टी-6-504, पार्क जेनरेशन्स, सेक्टर-37 डी, गुरूग्राम-201301 | 18-12-2018 रू. 4,48,074/- | 31-10-2018 |
| 22. | मोहित नाकरा, श्वेता नाकरासे 417 एलवीएल 4, 530 लिटिल कोलिंस्ट, मेलबर्न वीइआईसी3000 मेलबर्न530 लिटिल कोलिंस्ट,मेलबर्न वीइआईसी3000 मेलबर्न 3000,खाता नंबर :-LBNOD00001981408 | प्लॉट नंबर टी-6-504, पार्क जेनरेशन्स, सेक्टर-37 डी, गुरूग्राम-201301 | 18-12-2018 रू. 97,59,087.42/- | 31-10-2018 |
| 23. | अम्बिका शर्मा, विकास कुमार, सी 1053, टावर-14, रिवर हाइट, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद-201001 खाता नंबर :- LBGHZ00002390510 | फ्लैट नंबर 1632, 15वां तल, प्लॉट नंबर जीएच[-05सी, टावर-शैरोन गौड़ सौंदर्यम, ब्लॉक-शैरोन, सेक्टर-टेकजोन 4, नोएडा - 201307 | 10-07-2021 रू. 1,93,856/- | 07-01-2021 |
| 24. | अम्बिका शर्मा, विकास कुमार, सी 1053, टावर-14, रिवर हाइट, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद-201001 खाता नंबर :- LBGHZ00002352988 | फ्लैट नंबर 1632, 15वां तल, प्लॉट नंबर जीएच[-05सी, टावर-शैरोन गौड़ सौंदर्यम, ब्लॉक-शैरोन, सेक्टर-टेकजोन 4, नोएडा - 201307 | 10-07-2021 रू. 14,19,377/- | 07-01-2021 |
| 25. | राजीव ढाका, मुकेश कुमारी, एच नंबर एस-2, ए-202, गोविंद पुरम, ए ब्लॉक, गाजियाबाद-201013, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- LBGHZ00002608194 | एस-2, द्वितीय तल, ब्लॉक सी, एलएचएस ए-202, गोविंद पुरम, गाजियाबाद-201001, उत्तर प्रदेश | 16-04-2022 रू. 4,10,312/- | 03-05-2022 |
| 26. | राजीव ढाका, मुकेश कुमारी, एच नंबर एस-2, ए-202, गोविंद पुरम, ए ब्लॉक, गाजियाबाद-201013, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- LBGHZ00001168468 | एस-2, द्वितीय तल, ब्लॉक सी, एलएचएस ए-202, गोविंद पुरम, गाजियाबाद-201001, उत्तर प्रदेश | 16-04-2022 रू. 5,51,841.68/- | 03-05-2022 |
| 27. | सुबीर कुमार, प्रीति प्रभा, प्लॉट नंबर ए-2455, जीएफ ग्रीन फील्ड कालोनी, निकट एवरग्रीन स्कूल, फरीदाबाद, हरियाणा-121001 खाता नंबर :- LBNOD00000989014 | प्लॉट नंबर ए-2455, भू तल, ग्रीन फील्ड कालोनी, निकट एवरग्रीन स्कूल, फरीदाबाद, हरियाणा-121001 | 10-07-2021 रू. 4,37,994/- | 05-06-2021 |
| 28. | सुबीर कुमार, प्रीति प्रभा, प्लॉट नंबर ए-2455, जीएफ ग्रीन फील्ड कालोनी, निकट एवरग्रीन स्कूल, फरीदाबाद, हरियाणा-121001 खाता नंबर :- LBDEL00005047540 | प्लॉट नंबर ए-2455, भू तल, ग्रीन फील्ड कालोनी, निकट एवरग्रीन स्कूल, फरीदाबाद, हरियाणा-121001 | 10-07-2021 रू. 3,39,271/- | 05-06-2021 |
| 29. | रमेश गुप्ता, नीरू गुप्ता, एच-3/97, सेक्टर-18, रोहिणी, दिल्ली-110085 खाता नंबर :- LBDEL00001842438 | प्लॉट नंबर 97, ब्लॉक एच, पाकेट-3, सेक्टर-18, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 | 23-03-2021 रू. 27,42,543/- | 02-01-2010 |
| 30. | रमेश गुप्ता, नीरू गुप्ता, एच-3/97, सेक्टर-18, रोहिणी, दिल्ली-110085 खाता नंबर :- LBDEL00001636232 | प्लॉट नंबर 97, ब्लॉक एच, पाकेट-3, सेक्टर-18, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 | 23-03-2021 रू. 5,21,77,276/- | 02-01-2010 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 05 जुलाई, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

**विधानसभा मानसून सत्र**

# सरकारी स्कूलों को बंद करने के मुद्दे पर हंगामा

## भाजपा ने मढ़ा इस साल अब तक 31 स्कूल बंद करने का आरोप, सिसोदिया ने आरोप को किया खारिज

संजय राय। नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के दो दिवसीय मानसून सत्र के पहले दिन विशेष उल्लेख (नियम संख्या- 280) के तहत सरकारी स्कूल बंद करने के मुददे पर जमकर हंगामा हुआ। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार सरकारी स्कूलों को बंद कर रही है। इस साल अब तक 31 स्कूल बंद हो गए हैं। शहीद अमीरचंद के नाम से चल रहे लूडलो कैसल स्कूल को भी बंद कर दिया है। ऐसा करने से पहले स्कूल मैनेजमेंट कमेटी और अभिभावकों से राय तक नहीं ली गई।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि दिल्ली सरकार 30 स्कूलों को दूसरे स्कूलों में मर्ज भी कर रही है। कई स्कूलों में प्रधानाचार्य और उपप्रधानाचार्य तक नहीं हैं। इसके अलावा 24,500 शिक्षकों के पद खाली है। इसके जवाब में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि नेता विपक्ष झूठ बोल रहे हैं।

केजरीवाल सरकार स्कूल खोलने में यकीन रखती है, बंद करने में नहीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा ने भी सरकार चलाई है। उस समय दिल्ली विकास प्राधिकरण ने सरकारी स्कूलों की बजाए निजी स्कूलों को जमीन आवंटित की। मनमर्जी से स्कूल की जमीन का लैंड यूज बदलकर वहां पर भाजपा का मुख्यालय खोल दिया गया।

इस पर भाजपा विधायकों ने हंगामा भी किया। सिसोदिया ने तंज कसा कि राजेंद्र नगर चुनाव हार कर आए हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले सात साल में शिक्षा के क्षेत्र में बहुत काम किया है। काफी कमरे बनवाए हैं। दो-दो शिफ्ट में चल रहे स्कूलों को एक शिफ्ट में किया है। जिस स्कूल को बंद करने की बात नेता विपक्ष कर रहे हैं, वहां भी स्पोर्ट्स स्कूल खोला है। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा बताए, एमसीडी ने अब तक कितने स्कूल बंद किए हैं। दिल्ली सरकार पर झूठा आरोप लगा रहे हैं। भाजपा को शर्म आनी चाहिए। बाद में स्कूल मर्ज और बंद करने के मुददे पर फिर से हंगामा हुआ। इसके बाद भाजपा विधायकों ने सदन से वाकआउट कर दिया।

विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने कहा कि नियम-280 के पूरा होने तक भाजपा सदस्य सदन से बाहर ही रहेंगे।



विधानसभा के लिए जाते उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया व साथ में विधायक सौरभ। फोटो: रंजन डिमरी

### विधायकों ने नियम 280 के तहत रखी बात

**नई दिल्ली।** सत्ता पक्ष और विपक्ष के अन्य विधायकों ने भी नियम 280 के तहत अपनी बात रखी। विधायक नरेश यादव ने गरीब कन्याओं के विवाह के लिए 51 हजार रुपये की अनुदान राशि देने की मांग रखी। अखिलेशपति त्रिपाठी का कहना था कि हर विधानसभा में जाति और धर्म विशेष के लोगों के वोट काटे जा रहे हैं। इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। शिवचरण गोयल ने सड़कों पर गोवंश के घूमने पर आपत्ति जताई। जितेंद्र महाजन ने बहुत से लोगों के बैंक खाते से पेंशन राशि वापस जाने की शिकायत रखी जबकि अनिल वाजपेई ने एसडीएम कार्यालय नंदनगरी को फिर से गांधीनगर लाने की मांग दोहराई।

### नवनिर्वाचित दुर्गेश पाठक ने ली शपथ

*नई दिल्ली। राजेंद्र नगर के नवनिर्वाचित विधायक दुर्गेश पाठक ने विधानसभा सत्र के पहले दिन पद शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने उन्हें बधाई दी। गोयल ने विधानसभा की कार्यवाही देखने आए पाठक के समर्थकों का भी स्वागत किया। उन्होंने समर्थकों से मर्यादा बनाए रखने और विधानसभा में ताली बजाने या नारेबाजी नहीं करने को कहा क्योंकि इससे कार्यवाही बाधित होगी।*



# विधानसभा में कन्हैयालाल हत्याकांड पर जताया शोक

- मणिपुर में भूस्खलन, हिमाचल प्रदेश में बस हादसे और मुंडका की इमारत में आग लगने की घटना में मृतकों को दी श्रृद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की नृशंस हत्या, मणिपुर में भूस्खलन, हिमाचल प्रदेश में बस हादसे और मुंडका की एक इमारत में आग लगने की घटना पर शोक जताया गया। सत्र के पहले दिन की शुरुआत विभिन्न घटनाओं में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई।

विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने मुंडका की एक व्यावसायिक इमारत में आग लगने और मणिपुर में भूस्खलन की घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। 13 मई को दिल्ली के मुंडका इलाके में एक व्यावसायिक इमारत में भीषण आग लगने से कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, मणिपुर के नोनी जिले में पिछले बुधवार की रात को रेलवे के एक निर्माण स्थल पर भारी भूस्खलन हुआ था। तुपुल यार्ड रेलवे निर्माण शिविर में मलबे के नीचे से अब तक 42 लोगों के शव बरामद हो चुके हैं। मृतकों में प्रादेशिक सेना के 27 जवान और 15 रेलवे कर्मी, मजदूर और ग्रामीण शामिल हैं।

इससे पहले, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मांग की कि सदन को उदयपुर के उस दर्जी को भी श्रद्धांजलि देनी चाहिए, जिसकी पिछले हफ्ते बेरहमी से हत्या कर दी गई थी।

आम आदमी पार्टी के विधायक सौरभ भारद्वाज ने बिधूड़ी की मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह सभी समुदायों के लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। भारद्वाज ने यह भी कहा कि हिमाचल प्रदेश में हुए बस हादसे में मारे गए लोगों को भी श्रद्धांजलि दी जानी चाहिए।

# पानी की मांग को पूरा करने के लिए रायशुमारी करेंगे उपराज्यपाल

- दिल्ली में रोजाना करीब 28 करोड़ गैलन (एमजीडी) पानी की कमी, एलजी सक्रिय



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

इस साल दिल्ली वालों को गर्मियों में पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ा है। पानी को लेकर दिल्ली और हरियाणा की सरकारों के बीच तनातनी भी हुई।

दिल्ली जल बोर्ड ने दावा किया कि पड़ोसी राज्य उसके हिस्से का पूरा पानी नहीं छोड़ रहा है जबकि हरियाणा ने कहा कि वह दिल्ली को करार के मुताबिक पूरा पानी मुहैया करा रहा है। इस दौरान उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने राष्ट्रीय राजधानी में पेयजल की मांग को पूरा करने के मुद्दे पर लोगों से रायशुमारी करेंगे। इस मामले में उन्होंने दिल्ली को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सोमवार को जनता से सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि पानी की मांग एक समान नहीं है और रोजाना करीब 28 करोड़ गैलन (एमजीडी) पीने के पानी की कमी है।

उपराज्यपाल ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि दूसरों पर आरोप प्रत्यारोप करने के बजाय मिलकर पानी का संरक्षण और अपने भूजल स्तर को को बढ़ाकर राजधानी को आत्मनिर्भर बनाएं। लोगों के सुझावों और भागीदारी से ही इसे हासिल करने में मदद मिलेगी।

मालूम हो कि पानी के लिए राष्ट्रीय राजधानी पड़ोसी राज्यों उत्तर प्रदेश, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश पर निर्भर है। इसे हरियाणा से दो नहरों - कैरियर-लाइन्ड चैनल (368 एमजीडी) और दिल्ली उप-शाखा (177) - और यमुना (65 एमजीडी) के माध्यम से 675 एमजीडी पानी मिलता है। इसके अलावा, ऊपरी गंगा नहर के जरिए उत्तर प्रदेश से 253 एमजीडी पानी की आपूर्ति होती है। शेष जल समूची दिल्ली में स्थापित कुओं और नलकूपों से मांग को पूरा किया जाता है।

दिल्ली जल बोर्ड अपने संसाधनों से 990 एमजीडी पानी की आपूर्ति करता है। इस बार गर्मी के मौसम में दिल्ली को पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ा क्योंकि हरियाणा ने यमुना और दो नहरों में कम पानी छोड़ा। डीजेबी ने 30 अप्रैल से 18 जून के बीच हरियाणा सिंचाई विभाग को नौ बार पत्र लिखकर नदी में अतिरिक्त पानी छोड़ने का आग्रह किया। इससे पहले उपराज्यपाल ने दिल्ली में लैंडफिर साइट पर कचरे के पहाड़ को साफ करने, यमुना की सफाई और हवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए दिल्ली वालों से सुझाव मांगे थे। उन्होंने कहा था कि दिल्ली यमुना में 784 एमजीडी अवजल (सीवेज का पानी) छोड़ती है, जिसने नदी को एक गंदे नाले में बदल दिया है और राजधानी में कचरे के पहाड़ राष्ट्रीय शर्म के समान हैं।

एलजी ने यह भी जिक्र किया था कि लोगो खुद भी काफी प्रदूषण उत्पन्न करते हैं।

# सामुदायिक पुलिसिंग से छवि में भी सुधार होगा : अस्थाना

- सुरक्षा व्यवस्था को किया जाएगा और भी दुरुस्त : एलजी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

किंग्सवे कैंप स्थित पुलिस लाइन में कमिश्नरेट डे परेड पर भव्य परेड का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना थे।

उन्होंने परेड की सलामी ली। साथ ही 75 इंटीग्रेटेड बूथ का वर्चुअल उद्घाटन किया। इसके अलावा सुरक्षा के लिए स्वचालित नंबर प्लेट पहचान का उद्घाटन किया। उपराज्यपाल ने कहा आज जब देश आजादी का 75 वां स्थापना दिवस मना रहा है, तभी दिल्ली पुलिस भी अपने 75 वें वर्ष पुरा कर रही है। दिल्ली पुलिस ने काफी विकास किया है। आने वाले समय में और बेहतर सेवा देने वाली पुलिस बनेगी। पुलिस की ड्यूटी करने में पुलिसकर्मियों के परिवार का काफी बड़ी भूमिका होती है। इसके बावजूद उसने अपनी ड्यूटी को बहुत अच्छे से निभाया है। पुलिस में जो बदलाव किये गए वो काफी महत्वपूर्ण हैं जो नई योजना लागू की गई। वह काफी बेहतर है। उपराज्यपाल ने दिल्ली पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि हाल ही में जिस तरह की संप्रदायिक घटनाएं हुई है। उसको बेहतर तरीके से रोका है।



साथ ही उन्होंने पुलिस को नसीहत देते हुए कहा कि पुलिसकर्मियों का व्यवहार जनता के प्रति अच्छा होना जरूरी जिससे थाने में आने वाले अच्छा महसूस कर सके। आने वाले समय में पुलिस इसको और बेहतर करेगी।

उप राज्यपाल पुलिस के जवानों को बराबर की सुविधा देने पर भी जोर दिया। स्वागत भाषण में पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने अतिथियों का अभिनन्दन किया और इसे बल के इतिहास में एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिन बताया। आने वाले वर्षों के लिए रोडमैप के संबंध में की गई पहलों का विवरण देते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि युवा, शक्ति और प्रहरी जैसी सामुदायिक पुलिसिंग परियोजनाएं न केवल पुलिस-सार्वजनिक संपर्क को मजबूत करेंगी। बल्कि लोक सेवकों के रूप में पुलिस की छवि में भी सुधार करेंगी।

# लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले चार गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

ऑनलाइन लोन दिलाने की आड़ में ठगी करने के आरोप में दिल्ली पुलिस ने एक गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी ठगी से प्राप्त रकम से विभिन्न मंचों के जरिए क्रिप्टोकरेंसी खरीदते थे।

आरोपियों की पहचान दीपक पटवा, सुनील कुमार, देव किशन और सुरेश सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, एक पीड़ित ने शिकायत की थी कि उसे ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम पर एक लिंक भेजकर ठगा गया। पुलिस उपायुक्त प्रणय तायल ने कहा कि जांच में पाया गया कि ठगी की रकम को मध्य प्रदेश के एक बैंक खाते में स्थानांतरित किया गया था, जिसमें दो दिन के भीतर 75 लाख रुपए डाले गए। आरोपियों ने इस पैसे से विभिन्न मंचों के जरिए क्रिप्टोकरेंसी खरीदी थी।

# नजफगढ़ नाले में मछलियां मृत मिलीं : अधिकारी

- हरियाणा के रावता गांव और ढांसा बांध के बीच पांच किलोमीटर की दूरी में मर रहीं मछलियां

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली-हरियाणा सीमा पर नजफगढ़ नाले में पिछले कुछ दिनों में बड़ी संख्या में मछलियां रहस्यमय तरीके से मृत पाई गई हैं, जिसके बाद दिल्ली सरकार ने जांच दलों को यहां भेजा है।

निकटवर्ती झुलझुली गांव के निवासियों का कहना है कि नाले से करीब 150 मीटर दूर स्थित उनके गांव के एक तालाब में भी मछलियां मृत मिली हैं। यह मामला उस समय सामने आया, जब वन एवं वन्यजीव विभाग का एक दल इलाके में वृक्षारोपण के लिए सर्वेक्षण कर रहा था। वन विभाग के एक अधिकारी ने अपना नाम गोपनीय रखने की शर्त पर कहा, मृत पाई गई मछलियों की संख्या लाखों में हो सकती है। इसका कारण नाले में अत्यधिक मात्रा में प्रदूषकों को छोड़ा जाना हो सकता है।

हरियाणा के रावता गांव और ढांसा बांध के बीच नाले के पांच किलोमीटर के हिस्से में ही मछलियों की मौत हुई है। दिल्ली-एनसीआर के दूसरे सबसे बड़े जलाशय नजफगढ़ झील में ऐसी कोई घटना सामने नहीं आई है। झुलझुली निवासी प्रवीण कुमार ने कहा कि उन्होंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं देखा। दिल्ली पुलिस में कार्यरत कुमार ने कहा, बड़ी संख्या में मछलियां मरी हैं।

# जोरबाग स्टेशन पर मेट्रो के सामने कूदी महिला, मौत

- येलो लाइन पर मेट्रो सेवाएं कुछ देर के लिए रहीं बाधित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में मेट्रो स्टेशन पर कथित तौर पर आत्महत्या के इरादे से चलती मेट्रो ट्रेन के सामने कूदने से सोमवार को एक महिला यात्री की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

घटना जोर बाग मेट्रो स्टेशन के येलो लाइन पर घटी। इसके कारण इस लाइन पर मेट्रो सेवाएं कुछ देर के लिए बाधित रहीं। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन हुडा सिटी सेंटर की ओर जा रही थी कि महिला प्लेटफॉर्म से कूद गई। उन्होंने बताया कि ट्रेन की टक्कर से उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने कहा कि सलवार-कमीज पहने करीब 50 साल की एक अज्ञात महिला चलती मेट्रो ट्रेन के आगे कूद गई और उसके सिर में चोट आई। उन्होंने कहा कि महिला को तुरंत कैट्स एम्बुलेंस द्वारा सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

महिला के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने कहा कि आत्महत्या का कारण पता नहीं चल पाया है। शव का पहचान होने के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा।

# स्कूटर छू जाने के बाद विवाद में व्यक्ति की हत्या

- शराब की दुकान के बाहर पर नुकीली चीज से किया वार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के समसपुर इलाके में रोड रेज के एक मामले में शराब की दुकान के बाहर कथित तौर पर नुकीली चीज से वार कर 20 वर्षीय व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, रविवार को शराब की दुकान के पास पीड़ित और उसके दोस्त ने आरोपी की स्कूटी को छू दिया था जिसके बाद उनमें झगड़ा हो गया। पुलिस ने कहा कि घटना उस समय हुई जब दोनों शराब खरीदकर लौट रहे थे। जिस व्यक्ति से उनका झगड़ा हुआ था, वह अपने एक सहयोगी के साथ लौटा। इनमें से एक पीड़ित के सीने पर नुकीली चीज से वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।



पुलिस उपायुक्त (पूर्व) प्रियंका कश्यप ने कहा कि पांडव नगर पुलिस थाना को रविवार रात करीब आठ बजकर 42 मिनट पर सूचना मिली कि झगड़े में घायल पीड़ित को उसके दोस्त ने खिचड़ीपुर के एलबीएस अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि पीड़ित और उसके दोस्त का समसपुर में शराब की दुकान के पास स्कूटर छू जाने को लेकर एक अज्ञात स्कूटर सवार के साथ विवाद हुआ था। उन्होंने कहा कि संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और दोषियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। अपराधियों की पहचान करने और घटनाओं के क्रम का पता लगाने के लिए अपराध स्थल के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

# भौंकने की आवाज से परेशान व्यक्ति ने कुत्ते और मालिक पर किया हमला

- दोनों पक्षों के तीन लोग घायल, पुलिस से की शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पश्चिम विहार इलाके में पालतू कुत्ता के भौंकने से परेशान व्यक्ति ने कुत्ते और उसके मालिक पर हमला कर दिया। हमले में परिवार तीन लोग भी घायल हो गए हैं। इस दौरान कुत्ते ने आरोपी व्यक्ति को भी काट लिया। घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस में इसकी शिकायत की गई है।

पुलिस के अनुसार, रविवार की सुबह धर्मवीर दहिया नामक व्यक्ति कुछ आवारा कुत्तों के साथ सड़क पर टहल रहा था तभी पश्चिम विहार के ब्लॉक-ए निवासी का एक पालतू कुत्ता उस पर भौंकने लगा। अचानक दहिया ने कुत्ते की पूंछ पकड़ कर उसे दूर फेंक दिया। कुत्ते का मालिक 25 साल का रक्षित अपने कुत्ते को बचाने आया लेकिन दहिया ने कुत्ते पर फिर हमला किया, लेकिन कुत्ते ने दहिया को काट लिया। इससे दहिया और रक्षित के बीच मामूली धक्का-मुक्की हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुछ देर बाद दहिया लोहे का पाइप लेकर मौके पर वापस आया और कुत्ते के सिर पर वार कर दिया। उसने एक अन्य पड़ोसी हेमंत और रक्षित को भी पाइप से मारा।

अधिकारी ने बताया कि बाद में दहिया हमले में इस्तेमाल पाइप को वापस लेने के लिए रक्षित के घर में घुस गया और इस प्रक्रिया में उसने रेणु नामक को भी मारा। उन्होंने कहा कि सभी घायलों की चिकित्सा जांच की गई है, जबकि दहिया कुत्ते के काटने के कारण पार्क अस्पताल, ख्याला पहुंचा।

### संगम विहार में वाहन पलटने से एक की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के संगम विहार में ग्रामीण सेवा के पलट जाने से व्यक्ति की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान दक्षिणपुरी निवासी विनोद कुमार के रूप में हुई है। घटना रविवार शाम करीब साढ़े छह बजे महरौली-बदरपुर मार्ग पर हुई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वाहन गोविंदपुरी की तरफ से तेज गति से आ रहा था और यातायात सिग्नल का उल्लंघन करने के दौरान पलट गया। उन्होंने बताया कि यात्री वाहन में 8-10 लोग सवार थे। घायलों को पास के अस्पताल में ले जाया गया, जहां उनमें से एक को मृत घोषित कर दिया गया। मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि चालक मोहन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है, जो नशे में वाहन चला रहा था।

### स्पोर्ट्स स्कूल में दाखिले की तिथि 12 तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में दाखिले के लिए 12 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। स्कूल में देशभर की बेहतरीन खेल प्रतिभाएं शामिल हो सकें इसके लिए आम आदमी पार्टी की सरकार ने प्रवेश की अंतिम तिथि को 5 जुलाई से बढ़ाई बारह जुलाई कर दिया है। साथ ही आयु सीमा में भी 6 महीने की छुट दी है। इस स्कूल के माध्यम से सरकार का मकसद कम उम्र से ही खेल प्रतिभाओं को संवारना और उन्हें विश्व स्तरीय सुविधाएं व प्रशिक्षण देते हुए अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए तैयार करना है। इस बाबत उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने कहा कि सरकार दिल्ली को देश का स्पोर्ट्स कैपिटल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पंजीकरण की अवधि व आयु सीमा में 6 महीने के छुट देने से देशभर की ज्यादा से ज्यादा खेल प्रतिभाएं इस स्कूल में शामिल हो पाएंगी, जिन्हें वह शानदार स्पोर्ट्स फैसिलिटीज व वर्ल्ड-क्लास ट्रेनिंग देकर अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए पदक जीतने के लिए तैयार करेंगे।


**भौतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स अजीत ऑटोमोटिव सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड/ रोहित सहगल/ भाविंदर सिंह खुराना/ अंजू खुराना/ संजय मेहरा/ खाता संख्या- 010251005555/ 342451000001 | प्लॉट नंबर 223 ए, ब्लॉक बी, फेज-2, नोएडा, उत्तरप्रदेश- 201301/ जुलाई 02, 2022 | अक्टूबर 29, 2021 ₹ 6,73,27,582.31/- | नोएडा |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : जुलाई 05, 2022
स्थान : नोएडा

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby notified for information of all concerned that the following members of the society resigned from society membership after the draw of lots conducted by the DDA on 30.03.2004 for allotment of flats, as per details below:

1. Details of members who resigned from the Society Membership:-

| S. No. | M. No. | Name of Member | Father's / Husband's Name | Date of Resignation | Date of MC Approval | Date of Refund of Share Money |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 125 | Mrs. Sumitra Devi & Sumer Singh | Sumer Singh & Daya Nand | 01.04.2004 | 02.04.2004 | 20.04.2004 |
| 2 | 141 | Ranbir Singh | Late Sh. Lekh Ram | 01.04.2004 | 02.04.2004 | 31.05.2004 |
| 3 | 147 | Satvir Singh Shokeen | Late S.K. Shokeen | 02.04.2004 | 02.04.2004 | 14.04.2004 |
| 4 | 180 | Waryam Kaur & Sh. Amarjeet Singh | Amarjeet Singh | 13.06.2004 | 15.06.2004 | 23.07.2004 |
| 5 | 102 | Tejinder Singh Kohli | Joginder Singh Kohli | 11.07.2004 | 12.07.2004 | 20.08.2004 |
| 6 | 105 | Ravinder Kumar Girdhar | Mohan Lal | 28.08.2004 | 29.08.2004 | 22.09.2004 |
| 7 | 157 | Vivek Madan | S.L. Madan | 11.09.2004 | 15.09.2004 | 25.11.2004 |
| 8 | 160 | Sonia Arora | Sanjay Arora | 13.10.2004 | 15.10.2004 | 28.10.2004 |
| 9 | 90 | Dina Nath Bhayana | Hans Raj | 17.11.2004 | 20.11.2004 | 20.12.2004 |

2. The details of members enrolled in the society during 2004-05 against the above members who resigned from the society membership:-

| S. No. | M. No. | Flat No. | Name of Member | Father's / Husband's Name | Date of Application | Date of MC Approval | Date of Issuance of Share Certificate |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 181 | 904 | Ashwani Kumar Arora | Late Sh. Bishamber Nath | 23.04.2004 | 25.04.2004 | 01.05.2004 |
| 2 | 182 | 801 | Smt. Bimla Nerwal | Sh. Partap Singh | 10.07.2004 | 12.07.2004 | 15.07.2004 |
| 3 | 183 | 106 | Partap Singh Solanki | Late Sh. Raghubir Singh | 10.07.2004 | 12.07.2004 | 15.07.2004 |
| 4 | 184 | 406 | Shiv Shankar Dev | Sh. MadhBendra Dev | 24.08.2004 | 25.08.2004 | 01.09.2004 |
| 5 | 185 | 407 | Bhupender Kumar | Sh. Sowarn Dass | 23.09.2004 | 25.09.2004 | 28.09.2004 |
| 6 | 186 | 302 | Satpal Mittal | Sh. Deep Chand Mittal | 05.10.2004 | 15.10.2004 | 01.11.2004 |
| 7 | 187 | 802 | Smt. Janak Puri | Sh. Pawan Kumar Puri | 05.11.2004 | 08.11.2004 | 08.11.2004 |
| 8 | 188 | 704 | Rakesh Verma & Ms. Raji Verma | Sh. Rajiv Verma & Sh. Rakesh Verma | 30.12.2004 | 08.01.2005 | 10.01.2005 |

The above information is being published for regularization of membership of the above-mentioned members of the society as per rules and onward transmission to the RCS/DDA for necessary action in the matter. Objection/s, if any, along with proper evidence in this regard, can be filed in writing duly addressed to the President/Secretary, at the office of he society in the Society premises.

**PRESIDENT - SAKSHAM APARTMENTS, NIJI CO-OP. GROUP HOUSING SOCIETY LTD.**
**Mobile: 98715414430 Plot NO. 40-B, Sector-10, Dwarka, New Delhi -110075**

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 5 जुलाई, 2022



# नागरिक अस्पताल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

### लॉन्ड्री की तरफ मेन पैनल में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने की सूचना मिली

### तीन दिन से थी बिजली की दिक्कत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में लगी आग बुझाते कर्मचारी।

**यहां** सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में सोमवार सुबह आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया। ऐहतियात के तौर पर पूरे अस्पताल को खाली करा लिया गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि नागरिक अस्पताल में पिछले तीन दिन से बिजली की दिक्कत थी।

सोमवार का समय बिजली के उपकरणों को दुरुस्त करने के लिए तय किया गया था। बिजली कर्मचारी काम कर रहे थे। इसी बीच करीब पौने 10 बजे अस्पताल के पीछे की तरफ लॉन्ड्री के पास मेन पैनल में जोरदार धमाका हुआ और धुएं के गुब्बार के बीच आग की लपटें निकलीं। आग लगने की सूचना के साथ ही अस्पताल में हड़कंप मच गया। आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया। जहां यह आग लगी, उसी के ठीक साथ में भारत विकास परिषद की अस्पताल में किचन और सर्जिकल वार्ड है। आग की सूचना पूरे अस्पताल में फैल गया। ऐहतियात के तौर पर वार्डों व अन्य जगहों से मरीजों और स्टाफ को बाहर निकाल दिया गया। वहीं स्टाफ के सदस्यों ने आग बुझाने के लिए रखे सिलेंडर्स से आग बुझानी शुरू कर दी।

आग लगने कारण शॉर्ट सर्किट तो बताया गया, लेकिन शॉर्ट सर्किट होने का कारण किसी डॉक्टर के कमरे में एसी चलाने को बताया गया है, क्योंकि यहां बिजली सही की जा रही थी और एसी आदि चलाने के लिए मना किया गया था। इसके बावजूद भी एसी चला दिया गया और यह हादसा हो गया। अस्पताल के सुपरवाइजर अंकित ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात कही। साथ ही बताया कि शॉर्ट सर्किट एसी चलाने से हुआ या कोई कारण रहा, इसकी भी जांच की जा रही है।

## दो वर्ष के बाद सोहना में हरियाली तीज मेला लगाने की कवायद शुरू

**सोहना।** सोहना में 2019 के बाद क्षेत्रवासियों के मनोरंजन के लिए हरियाली तीज का मेला फि र से लगेगा। हरियाली तीज मेला का ठेका 8 जुलाई को खुली बोली में छोड़ा जाएगा। सोहना व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रवासियों को दो साल के बाद हरियाली तीज का मेला देखने को मिलेगा।

कोरोना काल में बीता वर्ष 2020 व 2021 में मेला नहीं लगा था। हरियाली तीज मेला कमेटी ने इस बार फिर से मेला लगाने की कवायद शुरू कर दी है। जिसको लेकर सोमवार को एसडीएम जितेन्द्र गर्ग के कार्यालय में कमेटी सदस्यों की बैठक हुई। इस बैठक में तहसीलदार शिखा गर्ग, कमेटी सदस्यों सतबीर पहलवान, वार्ड-16 के पार्षद हरीश नन्दा, राकेश कुमार जैन, प्रदीप शर्मा समेत अन्य सदस्य मौजूद थे। बैठक में तीज मेला लगाने पर विचार करने के बाद 8 जुलाई को खेल स्टेडियम में खुली बोली लगाने का फैसला लिया। इस खुली बोलीदाता को डेढ़ लाख रुपये की अग्रिम राशि जमा करानी होगी।

## हरे रामा...हरे कृष्णा संकीर्तन पर जगन्नाथ यात्रा में झूमे श्रद्धालु



गुरुग्राम में भगवान जगन्नाथ यात्रा में शामिल रथ व भक्ति में झूमते श्रद्धालु।

**गुरुग्राम।** द्रोण नगरी गुरुग्राम में जगन्नाथ यात्रा की धूम रही। हरे कृष्णा-हरे रामा के गीतों, संगीत की धुनों पर श्रद्धालु जमकर थिरके। इस्कॉन की ओर से यात्रा में भव्य रथ सजाया गया। उसमें विराजमान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मनोहारी सूरत सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी।

इस्कॉन सेक्टर-45 जगन्नाथ रथ यात्रा में कई हजार लोग शामिल हुए। यात्रा दोपहर बाद करीब तीन बजे शुरू हुई। फूलों, पत्तों और रिबन से सजाए गए विशाल रथ में, भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा ने इस्कॉन मंदिर सेक्टर-45 से यात्रा शुरू की। यह सेक्टर 40 मार्केट, सेक्टर 31 मार्केट, झाड़सा, पटेल नगर, अग्रवाल धर्मशाला, गुरुद्वारा रोड से होकर गुजरी। सिद्धेश्वर मंदिर पर यात्रा की समाप्ति हुई। यात्रा में महिला, पुरुष श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ की भक्ति में खोए से नजर आए। वे नृत्य करते हुए भगवान की आराधना कर रहे थे।

इस्कॉन सेक्टर-45 के अध्यक्ष अचुत्य हरि दास के मुताबिक गुरुकुल वृंदावन के बच्चों ने मंत्रमुग्ध कर देने वाला सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य आकर्षण एक क्रेन के माध्यम से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को छप्पन भोग अर्पित करना था। भगवान जगन्नाथ यात्रा में करीब 10 हजार श्रद्धालुओं ने शिरकत की। शहर के जिन निर्धारित स्थलों, सड़कों से यह यात्रा गुजरी।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता सूची पर त्रुटियों को लेकर 89 लोगों ने दर्ज कराया ऐतराज

**सोहना।** खंड की 35 ग्राम पंचायतों में रहने वाले 89 मतदाताओं वोटर सूची को लेकर अपनो अनापत्ति दावे दर्ज कराएं गए। जिनकी सुनवाई के बाद ग्राम सचिव अनापत्ति आवेदन जमा कराने वाले मतदाताओं के घर जाकर खामियों को ठीक करने का कार्य तेजी से कर रहे है। 22 जुलाई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। खंड की 35 ग्राम पंचायतों में रहने वाले मतदाताओं से वोटर सूची के आधार पर 15 जून से 21 जून आपत्तियां मांगे गए थे। जिसमें से मात्र 89 मतदाताओं ने अपने आवेदन जमा कराएं गए। मतदाताओं द्वारा दर्ज कराएं गए आपत्तियां आवेदनों की सुनवाई व उनकी शुद्धीकरण कराने के लिए ग्राम सचिव आवेदन जमा करने वाले मतदाता के घर जाकर उनकी खामियों को दूर करने में जुट गए हैं। ताकि मतदाता के समक्ष ही उसके द्वारा दर्ज कराएं गए अनापत्ति दावे का दुरुस्तीकरण हो सके। खंड विकास एसं पंचायत अधिकारी परमेन्द्र सिंह ने बताया कि उन्होंने बताया कि ग्राम सचिवों द्वारा हाल ही में मतदाता सूची पर किया गए कार्य में पूरी पारदर्शिता बरती गई थी। जिसके चलते 35 ग्राम पंचायतों से मात्र 89 मतदाताओं द्वारा ही दावे आपत्तियां दर्ज कराई गई। जल्द ही ग्राम सचिवों द्वारा दर्ज कराएं गए आपत्तियों का शुद्धीकरण कर लिया जाएगा। उसके बाद रिपोर्ट को पूरा कर एसडीएम के पास भेज दिया जाएगा।

### जल शक्ति अभियान में जिलावासी करें वर्षा जल संचय : डीसी

**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला के तहत गुरुग्राम जिला में जल संरक्षण को प्रोत्साहन देने के लिए जिला प्रशासन ने जन सहभागिता को बढ़ावा देने का प्रयास किया है। आने वाली पीढ़ी के लिए जल का संरक्षण बहुत जरूरी है। केंद्र व राज्य सरकार जल संरक्षण के लिए चिंतित हैं और इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही हैं। डीसी निशांत कुमार यादव ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि शासन-प्रशासन के साथ ही आमजन का भी यह दायित्व बनता है कि जल संरक्षण की दिशा में सहयोगी बनें। उन्होंने कहा कि कैच द रेन-व्हेन इट फॉल्स-व्हेयर इट फॉल्स थीम के साथ सरकार कदम उठा रही है, वर्षा जल संचय समय के साथ बेहद जरूरी है। उपायुक्त ने जनहित में कहा कि वर्षा का मौसम है और इस वर्षा जल को संचय करते हुए हमें इसका सदुपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें चाहिए कि हम भी जल संरक्षण में भागीदार बनते हुए सरकार का पूरा सहयोग करें और आने वाली पीढ़ी के लिए जल बचाएं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी आईईसी गतिविधियों को तेजी से आगे बढ़ाए ताकि लोगों को जल संचय के लिए ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जा सके। डीसी ने कहा कि जल की एक-एक बूंद अमूल्य है, इसे व्यर्थ न जाने दें। जल है तो कल है। जल शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य पानी की बचत व संग्रह करना है। उन्होंने कहा कि बारिश के पानी का संग्रह करना है ताकि जमीन का जल स्तर ऊंचा उठ सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैच द रेन जल शक्ति अभियान की शुरुआत की है और हम सबको इस अभियान में अपना पूरा सहयोग देना होगा एवं पानी की एक-एक बूंद का संचय करना होगा। डीसी ने जिलावासियों से अपील की है कि वे अपने परिजन, मित्रों और आस-पड़ोस के लोगों को भी जल के विवेकपूर्ण उपयोग और उसे व्यर्थ न बहाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जल शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण, जल संरक्षण और भविष्य को सुरक्षित रखना है। बरसात के मौसम में जल संरक्षण कर व पौधारोपण का कार्य कर हम इस अभियान को सफल बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण से जल स्तर ऊंचा होगा तथा वर्तमान व आने वाली पीढ़ी को इसका लाभ मिलेगा।

### तीन दिवसीय व्यास पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन आज से शुरू

**गुरुग्राम।** धार्मिक संस्था श्रीगीता साधना सेवा समिति द्वारा ज्योति पार्क क्षेत्र स्थित श्री गीता आश्रम में मंगलवार से तीन दिवसीय व्यास पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन गीताज्ञानेश्वर डा. स्वामी दिव्यानंद महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है। समिति के प्रबंधक राजेश गाबा ने बताया कि प्रतिदिन प्रात: पादूका एवं व्यास पूजन और सायं भजन व दिव्य सत्संग का आयोजन भी होगा। गीता ज्ञानेश्वर डा. स्वामी दिव्यानंद महाराज व्यास पूर्णिमा से संबंधित प्रवचन भी देंगे। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस कार्यक्रम में गुड़गांव से ही नहीं, अपितु निकटवर्ती प्रदेशों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे। शहर के गणमान्य व्यक्ति भी आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे।

### महाराजा दक्ष प्रजापति चौक का अनावरण होगा 10 को

**गुरुग्राम।** प्रजापति समाज का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रजापति सुधार समिति आगामी 10 जुलाई को महाराजा दक्ष प्रजापति चौक का अनावरण कराने जा रही है। पहले इस चौक का नाम पटौदी चौक था, लेकिन स्थानीय विधायक सुधीर सिंगला, नगर निगम प्रशासन व प्रदेश सरकार ने समाज के आग्रह को मानते हुए पटौदी चौक का नाम महाराजा दक्ष प्रजापति चौक करने की अनुमति दे दी है। प्रजापति सुधार समिति की बैठक का आयोजन पूर्व नगर पार्षद व समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता धर्मवीर बाघोरिया की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें समिति व समाज से जुड़े लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। बाघोरिया ने बैठक में बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर समुदाय व समाज तथा जिला प्रशासन से भी संपर्क किया जा रहा है और सभी को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण भी दिए जा रहे हैं। उनका कहना है कि इस आयोजन में गुड़गांव से ही नहीं अपितु हरियाणा प्रदेश के सभी जिलों व आस-पास के प्रदेशों से भी समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। हर समुदाय व समाज का पूरा सहयोग भी मिल रहा है। उन्होंने समाज के लोगों से आग्रह किया कि वे भी अपने स्तर पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रयास करें। हालांकि विभिन्न कमेटियों का गठन सभी को जिम्मेदारियों भी सौंप दी गई हैं। समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता व नेता कार्यक्रम को भव्य बनाने में जुटे हैं।

## गुरुग्राम में भव्य प्रेस क्लब के लिए सरकार तैयार : मुकेश वशिष्ठ



जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम की बैठक में पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ।

### पत्रकारों की सुगम सरकारी मान्यता और अन्य समस्याओं को रखा सामना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जर्नलिस्ट** एसोसिएशन गुरुग्राम की बैठक इस बार खास रही। बैठक में विशेष रुप से मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ ने शिरकत कर एसोसिएशन के सदस्यों के साथ उनकी समस्याओं और जरूरी सुविधाओं पर गहन चर्चा की।

एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय यादव की अगुवाई में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने बैठक में पहुंचे मुकेश वशिष्ठ का स्वागत किया। इसके बाद बैठक में पत्रकारों की समस्याओं पर गहन चर्चा हुई। कई अहम मुद्दों पर मंत्रणा हुई। बैठक में एक बार फिर से एसोसिएशन की ओर से गुरुग्राम में प्रेस क्लब का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। जिस पर मुकेश वशिष्ठ ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी चाहते हैं कि गुरुग्राम में चंडीगढ़ की तर्ज पर भव्य प्रेस क्लब बने।

मुकेश ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग के लिए बेहतर कार्य कर रही है। सरकार पत्रकारों की भी हर समस्या का समाधान कर उन्हें उचित सुविधा देने को तत्पर है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन चरणबद्ध तरीके से अपनी मांगों का प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजे। वशिष्ठ ने कहा कि वह सरकार से पत्रकारों की इस मांग की पैरवी करेंगे। अध्यक्ष संजय यादव ने उनके समक्ष वर्षों से विभिन्न मीडिया घरानों में काम कर रहे पत्रकारों की सरकारी मान्यता का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बहुत ऐसे पत्रकार हैं जो वर्षों से कड़ी मेहनत कर चौथे स्तंभ की मर्यादा को निभा रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें सरकारी स्तर पर लाभ नहीं मिल पा रहा है। हमारी सरकार से मांग है कि गुरुग्राम में पत्रकारों की मान्यता के लिए एसोसिएशन को अधिकृत किया जाए, ताकि एसोसिएशन पत्रकार के नाम की अनुशंसा करे तो उसका जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी से सत्यापित करा लिया जाए।

मुकेश ने इस पर अपनी सहमति जताते हुए कहा कि यह मामला पहले ही सरकार के संज्ञान में लाया गया है। अब इसमें जरूरी संशोधन कर पुन: मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। एसोसिएशन ने हरियाणा में कार्यरत पत्रकारों को राज्य सरकार के हाईवे पर टोल फ्री कराने की भी मांग की। जल्दी ही एसोसिएशन इस संबंध में उपायुक्त से मुलाकात अपनी मांगों का प्रस्ताव सौंपेगी। इस बार बैठक में एसोसिएशन की मासिक बैठक हर रविवार के स्थान पर हर माह के प्रथम बुधवार को बैठक करने का निर्णय लिया गया है।

# शोध से वर्तमान की समस्याओं का निकाला जा सकता है समाधान : डा. संजीव शर्मा

### सुशांत यूनिवर्सिटी के लाइब्रेरी रिसोर्स सेंटर द्वारा किया गया राष्ट्रीय वेबीनार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



राष्ट्रीय वेबीनार में जुड़े यूनिवर्सिटी के अधिकारी।

**स्थानीय** सुशांत विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं संसाधन केंद्र द्वारा अंडरस्टैंडिंग ऑफ रिसर्च राइटिंग एंड पब्लिशिंग विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया। इस वेबीनार में देश-विदेश से लगभग 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

तंजानिया, बुलाकान, डोडोना, एनुगु, कडुना, माली, ओगुन, नाइजीरिया, फिलीपीन्स, सेलंगोर एवं भारत के विभिन्न राज्यों से पुस्तकालय व्यवसायियों एवं शोध छात्रों व विद्वानों ने वेबीनार में अपने विचार रखे। वेबिनार का शुभारंभ विश्वविद्यालय के मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष डा. रामवीर तंवर के स्वागत भाषण से हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डा.) राकेश रंजन ने शैक्षिक अनुसंधान के महत्व की चर्चा की। उप-कुलपति डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने अपनी चर्चा में कहा कि शोध ऐसा साधन है, जिसके द्वारा वर्तमान की समस्याओं जैसे कोविड-19, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन आदि का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। वेबिनार का संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. बिंदु ठकराल ने किया।

वेबीनार में पुस्तकालयाध्यक्ष जवाहर लाल विश्वविद्यालय नई दिल्ली से डा. मनोरमा त्रिपाठी ने बेस्ट प्रैक्टिस इन रिसर्च कम्युनिकेशन, ग्रेटर नोएडा के बेनेट विश्वविद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष डा. संजय कटारिया ने रिसर्च डाटा मैनेजमेंट: एसेंशियल फॉर स्कॉलर्स एंड फैकल्टी मेंबर्स, डा. नीरज कुमार सिंह, डिप्टी लाइब्रेरियन, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ ने कंडक्टिंग सिस्टेमेटिक लिटरेचर रिव्यु एवं डा. श्रीराम पांडे, एसोसिएट प्रोफेसर, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा, महेंद्रगढ़ ने इंक्रीसिंग विजिबिलिटी एंड एन्हान्सिंग इम्पैक्ट ऑफ रिसर्च विषय पर अपने अपने विचार प्रतिभागियों के समक्ष रखे। वेबिनार का समापन डा. केपी सिंह सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष ने सभी का धन्यवाद किया।

## कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग में 9 अगस्त तक करें आवेदन

**गुरुग्राम।** कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा संगीत, नृत्य, रंगमंच, चित्रकला व मूर्तिकला विधा में विशेषज्ञ पैनल का गठन किया जा रहा है। जिसके लिए इच्छुक आवेदक 9 अगस्त तक अपने आवेदन भेज सकते हैं। यह जानकारी उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने दी।

उन्होंने बताया कि पैनल में भाग लेने वाले कलाकारों के आवेदन के मापदंडों की जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक का संबंधित विधा में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। वहीं आवेदक की आयु सीमा न्यूनतम 40 वर्ष होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आवेदनकर्ता के पास पिछले 5 वर्षों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संबंधित विधा में कोई विशेष उपलब्धि भी अवश्य होनी चाहिए।

# हटाए कर्मचारियों को वापस न लेने पर, सफाई कर्मी उतरेंगे सड़क पर

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

### 20 दिन से 10 सफाई कर्मियों को ड्यूटी से निकाल देने का हो रहा विरोध

**नगर** परिषद के सफाई कर्मचारी कार्यकारी अधिकारी के खिलाफ जल्द ही धरना प्रदर्शन करेंगे। सफाई कर्मी अधिकारी पर मनमर्जी का व्यवहार बरतने का आरोप लगा रहे है। पिछले करीब 20 दिन से 10 सफाई कर्मियों को ड्यूटी से निकाल देने से विरोध हो रहा है।

नगर परिषद सफाई कर्मचारी यूनियन ने सोमवार को कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह पर मनमर्जी का आरोप लगाते हुए निकाले गए 10 सफ ाई कर्मियों को 72 घंटे में वापस न लेने पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। यूनियन कर्मचारियों की सोमवार को हुई गुप्त बैठक में कार्यकारी अधिकारी अतरसिंह द्वारा निकाले गए दस सफाई कर्मियों में तीन ठेका प्रथा तथा 7 पालिका परौल पर लगे कर्मचारी शामिल है। निकाले गए कर्मचारियों में मनोज का कहना है कि उसकी कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह ने उसकी पत्नी माला देवी को इसलिए निकाल दिया, क्योंकि माला देवी ने हाल ही में हुए नगर परिषद चुनाव में उसकी बसपा की टीकट से प्रत्याशी थी।

मनोज ने बताया कि चुनाव पूर्व अतर सिंह ने उसकी पत्नी माला देवी से जबरन इस्तीफा लिखवा लिया था। शेखर का कहना है कि अन्य कर्मचारियों को चुनाव में माला देवी का साथ देने की सजा दी जा रही है। अधिकारी चुनावी रंजिश रखते हुए सफ ाई कर्मचारियों को परेशान कर रहा है।

### 72 घंटा में वापस लेने की मांग उठाई

**नगर** परिषद के सफाई कर्मचारी ने सोमवार को परिषद कार्यालय में एक लिखित पत्र देते हुए अगले 72 घंटा में निकाले गए कर्मचारियों को वापस काम पर लेने की मांग की है। यदि ऐसा नहीं होता है तो गुरुवार को शहर में सफाई कर्मी कामकाज को छोड़कर कार्यालय के बाहर धरना पर बैठेंगे। यह धरना तब तक चलेगा। जब तक कर्मचारियों को वापस ड्यूटी पर नहीं लिया जाएगा। इस संबंध में अधिकारी से जब सम्पर्क साधा गया तो उनका नंबर नहीं लग सका।

# नारायणा का नीट मीटर बताएगा आप कितने पानी में




एजेंसी। गुरुग्राम

### नारायणा गुरुग्राम के निदेशक उदित सिंह ने बताया, नीट की परीक्षा होगी 17 जुलाई को

**अगर** आप इस साल नीट की परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं, तो आप अपनी तैयारी का मूल्यांकन नीट मीटर के जरिये कर सकते हैं। गुरुग्राम स्थित देश के अग्रणी इंजीनियरिंग और मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा एकेडमी, नीट के परीक्षार्थियों को एवं मूल्यांकन का यह मौका देने जा रही है।

नारायणा गुरुग्राम के निदेशक उदित सिंह ने बताया कि नीट की परीक्षा 17 जुलाई को होने जा रही है। इसके पहले नारायणा दो टेस्ट 7 और 12 जुलाई को आयोजित करने जा रहा है। यह टेस्ट ऑल इंडिया आधार पर होगा। उदित सिंह ने बताया कि इस टेस्ट में कोई भी भाग ले सकता है। इसके लिए कोई फीस नहीं है। इससे परीक्षार्थियों को अपने संभावित स्कोर का अंदाजा लग जाएगा। इस टेस्ट का रिजल्ट 24 घंटे के अंदर जारी किया जाएगा और हर बच्चे को तैयारी में कौन से विषय पर और जोर देने की जरूरत होगी, उसका माइक्रो लेवल पर एनालॉसिस रहेगा, ताकि अंतिम समय में परीक्षार्थी अपनी कमजोरियों पर ध्यान दें सकें। निदेशक उदित सिंह और ब्रांच मैनेजर सुनील कुमार ने बताया कि इस टेस्ट में शामिल होने के लिए परीक्षार्थियों को नारायणा की वेबसाइट पर पंजीकरण करना होगा।

## वजीराबाद में होगी श्रीसहस्त्र चंडी महायज्ञ देवी की मूर्ति स्थापना



वजीराबाद में सहस्त्र चंडी महायज्ञ देवी की मूर्ति स्थापना की तैयारियों को लेकर एकत्रित आयोजक व पुरोहित।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### बेगा वाला जोहड़ राधा-कृष्ण मंदिर में 8 जुलाई तक चलेंगे कार्यक्रम

**गांव** वजीराबाद स्थित सेक्टर-57 के बेगा वाला जोहड़ राधा-कृष्ण मंदिर में श्री से शास्त्र चंडी महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा मूर्ति का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन वजीराबाद की बड़ी चौपाल से सैंकड़ों की संख्या में महिलाओं ने मंदिर तक कलश यात्रा निकाली। इस उपलक्ष में 8 जुलाई तक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए रहे हैं।

यज्ञ में अशोकानंद शास्त्री मुख्य यगाचार्य हैं तथा यह आयोजन महंत नागा महाराज की देखरेख में किया जा रहा है। कलश यात्रा के बाद अब रोजाना शाम 4:00 बजे से 7:00 बजे तक महायज्ञ किया जा रहा है। कुल पुरोहित विजय भारद्वाज के नेतृत्व में 151 वैदिक ब्राह्मणों द्वारा 11 लाख महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया जा रहा है। 30 जून से शुरू हुआ हवन कार्यक्रम 8 जुलाई तक चलेगा। उसी दिन सुबह 9:00 बजे पूर्णाहुति दी जाएगी। पूर्णाहुति के बाद भंडारा किया जाएगा। श्री से शास्त्र चंडी महायज्ञ एवं देवी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन वजीराबाद निवासी करण सिंह मुकदम, कर्मवीर सावला, संजय हांडा, सुरेंद्र झुरगा द्वारा किया जा रहा है। इस आयोजन में समस्त ग्राम वासियों का पूरा सहयोग है। श्रीसहस्त्र चंडी महायज्ञ में कुल पुरोहित विजय भारद्वाज तथा पंडित भोला दत्त शास्त्री, पं. चन्द्रकान्त शर्मा, प्रियान्शु पचौरी, रविशंकर पंडित, अविनाश शास्त्री, पंडित तरुण शास्त्री समेत 151 वैदिक ब्राह्मण मंत्रोच्चारण एवं हवन यज्ञ में लगे हुए हैं।

# सोशल प्लेटफॉर्म पर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं : दुष्यंत चौटाला

### जेजेपी ने दो दिवसीय संवाद कार्यक्रम में संगठन मजबूती पर दिया बल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में जेजेपी के संवाद कार्यक्रम में बोलते उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

**जननायक** जनता पार्टी ने संगठन मजबूती पर बल देते हुए दो दिवसीय संवाद कार्यक्रम यहां आयोजित किया। दो दिन चली बैठकों में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह, वरिष्ठ नेता डॉ. केसी बांगड़, राजेंद्र लितानी सहित तमाम वरिष्ठ नेताओं ने पदाधिकारियों को फील्ड से लेकर सोशल प्लेटफार्म तक पार्टी की सक्रियता बढ़ाने के मूल मंत्र दिए।

संवाद कार्यक्रम में पार्टी द्वारा सभी जिला अध्यक्षों, जेजेपी प्रदेश व जिला प्रवक्ताओं, टीवी पैनलिस्टों, आईटी सेल के पदाधिकारियों तथा युवा जिला अध्यक्षों को प्रशिक्षण दिया गया और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सोमवार को उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी द्वारा समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में जिला स्तर पर भी पार्टी द्वारा विचार गोष्ठी के कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि वे हर माह पार्टी के सभी जिला अध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे और संगठन बारे अपडेट लेंगे। उन्होंने जिला अध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने जिले के सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्षों के साथ बैठक का आयोजन करें और संगठन विस्तार सहित तमाम विषयों पर रिपोर्ट तैयार करके पार्टी प्रदेश कार्यालय भेजें। डिप्टी सीएम ने कहा कि पार्टी पदाधिकारी प्रचार-प्रसार पर भी पूरा फोकस करें। उन्होंने कहा कि फील्ड पर घर-घर जाकर नए साथियों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवा कर उन्हें साथ जोड़ें। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि अब सोशल मीडिया जमाना का है। सोशल प्लेटफॉर्म पर पार्टी की नीतियों, सरकार के कार्यों के प्रचार-प्रसार को बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि आईटी प्रकोष्ठ के लिए एक ऐप तैयार हो चुकी है और जिसे जल्द लॉन्च किया जाएगा। दुष्यंत चौटाला ने पार्टी प्रवक्ताओं, टीवी पैनलिस्टों को डिबेट में आत्मविश्वास, तथ्यों, भाषा के इस्तेमाल में गरिमा-शालीनता के साथ पार्टी का मजबूती से पक्ष रखने को कहा।

कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी ने जननायक चौधरी देवीलाल की नीतियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि चौ. देवीलाल ने जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को जाना और गरीब किसान, कमेरे समेत तमाम वर्गों के हित में विभिन्न जन कल्याणकारी नीतियां लागू की। उन्होंने कहा कि जननायक चौधरी देवीलाल के दिखाए रास्ते पर चलते हुए पार्टी कार्यकर्ता भी जन सेवा में सदैव समर्पित रहे।

# स्कूल जाने को पार करना पड़ता है सीवर का दरिया

## एनएच-दो ई ब्लॉक निवासी पिछले पांच वर्षों से झेल रहे हैं सीवर ओवरफ्लो की गंभीर परेशानी

कविता। फरीदाबाद

**एनएच-दो** ई ब्लॉक के निवासी पिछले पांच वर्षों से सीवर ओवरफ्लो की समस्या से जूझ रहे हैं। यहां स्थित निजी स्कूल के बच्चों को सड़क पर बह रहे सीवर के पानी से गुजरना पड़ता है। लोगों का कहना है कि यहां रहना और सड़क पर निकलना दूभर हो चुका है।

नगर निगम, पार्षद, विधायक और बाद में सीएम विंडो पर भी चार साल पहले शिकायत की थी। लेकिन समस्या आज भी वहीं की वहीं है। सीएम विंडो शिकायतकर्ता यशपाल भाटिया, अंजू रानी, चंदर प्रकाश, जैकी, नीलम, गुलशन, दीपक, डिंपल, श्रवण कुमार, मुन्ना, पूजा, बाला, रजनी, बबीता, नरेंद्र, राजू, सोनू, इत्यादि ने बताया कि सीवर का पानी स्कूल तक पहुंच रहा है। जिससे बच्चों को परेशानी होती है।

जानकारी के मुताबिक नगर निगम द्वारा बरती जा रही लापरवाही से स्मार्ट सिटी में जहां एक तरफ गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ कालोनियों और सेक्टरों की गलियों में सीवर ओवरफ्लो के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने को मजबूर होना पड़ता है। ऐसा ही हाल एनएच-दो के ई ब्लॉक का है। जहां सीवर का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर जमा है। इस पानी से यहां रहने वाले दुखी हैं। वहीं यहां चल रहे केएल मेहता दयानंद स्कूल के अध्यापक और पढ़ने वाले बच्चे परेशान हैं। बच्चों रोजाना स्कूल जाने के लिए यहां फैले गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है।

**बरसात में बुरा हाल :** यशपाल भाटिया ने बताया कि यहां जरा सी बरसात में पानी भर जाता है। सीवर का गंदा पानी पिछले पांच वर्षो से भर रहा है। चार वर्ष पहले सीएम विंडो पर शिकायत की थी, लेकिन बिना समस्या का निवारण किए ही शिकायत को बंद कर दिया। वहीं 311 एप पर भी शिकायत दी।

गत 9 महीनों से पार्षद, विधायक और अधिकारी डिस्पोजल की मोटर खराब होने की दुहाई दे रहे हैं। सुपर सकर मशीन भेज कर कुछ घंटों की व्यवस्था की जाती है। वो भी कभी-कभी। ऐसी समस्याओं की आड़ में सुपर सकर के नाम पर भारी भरकम बिल बनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 40 मकान इस नर्क की चपेट में हैं। जिस कारण लोगो का घर में रहना भी मुश्किल हो जाता है। सीवर के गंदे पानी से हर समय दुर्गंध उठती रहती है।


एनएच-दो ई ब्लॉक में भरा हुआ सीवरेज का गंदा पानी।

## प्रफुल्ल शर्मा बने आरडब्ल्यूए प्रधान



**फरीदाबाद।** रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन-ए ब्लाक, बीपीटीपी पार्क एलिट फ्लोर्स सेक्टर-85 के वार्षिक चुनाव रविवार को संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी कर्मचंद ने बताया कि इन चुनावों में प्रफुल्ल शर्मा को दोबारा से एसोसिएशन का प्रधान चुना गया है। उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, महासचिव अशोक कुमार, सचिव अजीत कुमार, वित्त सलाहकार नरेंद्र पिपलानी और कोषाध्यक्ष अमित कुमार को चुना गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य में लेखक विकेश भारतीय, जगजीत सिंह, विश्वदीप और योगेश शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### 'प्लास्टिक मुक्त भारत' कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**फरीदाबाद।** सेक्टर-23 में स्थित समुदाय भवन में वीमेंस पावर संस्था द्वारा आयोजित 'प्लास्टिक मुक्त भारत' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ, जिसमें फरीदाबाद ज़िले के बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण व पॉलीथिन से होने वाली हानियों पर चित्रकला प्रदर्शनी लगाई गयी। लोगों को जागरुक किया गया। इस अवसर पर संस्था की संस्थापिका और अध्यक्षा चांदनी आजाद अली ने फरीदाबाद को गंदगी व कूड़ा मुक्त बनाने के लिए उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को उपहारों के साथ-साथ सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्था की उपाध्यक्ष डोली कपूर ने कहा कि हमारी संस्था फरीदाबाद में न केवल महिला उत्थान बल्कि महिलाओं के अधिकारों के लिए लड़ रही है। हमारी लड़ाई अब फरीदाबाद की गंदगी से भी है और हम इस लड़ाई को जीत कर रहेंगे।

### विद्यार्थी परिषद ने मनाई पुण्यतिथि



**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय कला मंच फरीदाबाद इकाई की ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया, इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय कला मंच जिला सह संयोजक आदित्य मौर्य ने अपने वक्तव्य के दौरान उन्होंने स्वामी विवेकानंद वचनों को दोहराते हुए कहा कि हमें तब तक नहीं रुकना चाहिए। जब तक अपने लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो जाती है। स्वामी विवेकानंद ने यही बात वर्षों पहले कही थी कि उठो जागो और चलो और तब तक चलो जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए। इस मौके पर एसएफएस फरीदाबाद नगर संयोजक रमन ने अपने विचारों को साझा किया। स्वामी विवेकानंद के बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर जिला मीडिया संयोजक रवि पांडे आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नगर निगम कमिश्नर के जन्मदिवस पर पौधारोपण किया



**फरीदाबाद।** यशपाल यादव (आईएएस) कमिश्नर नगर निगम के 50वे जन्मदिन के उपलक्ष्य में तिकोना पार्क समिति सेक्टर 37, फरीदाबाद की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम कमिश्नर यशपाल यादव स्वयं उपस्थित हुए और उन्होंने अपने हाथों से पौधा रोपण किया। इस अवसर पर समिति द्वारा कुल 50 पौधे लगाए गए और यह प्रण लिया की इस बरसात के मौसम में हर आदमी 50 पेड़ लगा कर इस कड़ी को लम्बी करेंगे। इस मौके पर नगर निगम कमिश्नर यशपाल यादव ने सभी उपस्थित लोगों का उनके जन्मदिवस को इस सुंदर अंदाज में मनाने के लिए धन्यवाद किया। लोगों को विश्वास दिलाया कि आपके इस प्यार को वो कभी नहीं भुलेंगे। उन्होंने कहा कि शहर की किसी भी प्रकार की समस्याओं के लिए लोग उनसे सीधा मिल सकते हैं। इस मौके पर उन्होंने लोगों से अपील की, कि पर्यावरण को स्वच्छ रखना चाहिए, प्लास्टिक का उपयोग बंद करना चाहिए जो की जनभागीदारी से ही संभव है। इस अवसर पर देवेन्द्र अग्रवाल ने उनको जन्मदिवस की बधाई दी। कहा कि जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए हमें पौधे अवश्य लगाने चाहिए। सांसें हैं तो जीवन है और सांसें हमें पौधों से ही मिल पाती हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य तौर से राव निहाल सिंह, जितेन्द्र यादव, गुरिंदर ग्रेवाल, राकेश शर्मा, राव होशियार सिंह, राव सूबे सिंह, देवेन्द्र अग्रवाल, नेमी चंद, विनोद अग्रवाल आदि मौजूद रहें।

### कांस्य पदक विजेता रूबी शर्मा का किया स्वागत


कांस्य पदक विजेता रूबी शर्मा का स्वागत करते गांव पन्हेड़ा खुर्द के निवासी।

**फरीदाबाद।** कुश्ती महासंघ ऑफ इंडिया के अन्तर्गत 26 जून से 28 जून तक पंचकूला में सम्पन्न खेलों इंडिया प्रतियोगिता में गांव पन्हेड़ा खुर्द की बेटी रूबी शर्मा ने आयु वर्ग-17 में कांस्य पदक जीतकर फरीदाबाद जिले का नाम रोशन किया। गांव में चौतरफा खुशी का माहौल है। चर्चा है कि एक गरीब घर की बेटी ने पदक जीतकर गांव का मान बढ़ाया है। जिसके चलते स्कूल की प्रधानाचार्या रेणु शर्मा अध्यापकों एवं गांव के गणमान्य लोगों के द्वारा जोरदार स्वागत कर सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुखबीर मलेरना ने गांव में पहुंच कर बेटी का फूल-मालाओं के द्वारा स्वागत किया। इस मौके पर नानक चंद, गोपाल शास्त्री, शीशराम, टेकचन्द फौजी, रघु वत्स, मास्टर इंद्राज, खेमचन्द, लेखराम, चंद्रभान, जेपी शर्मा, प्रदीप, देशराज मेंबर, कुलदीप, दयाचन्द, पुष्पा, अनिता आदि उपस्थित रहे।

### गांजे के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान के दिशा-निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी जगमिंदर सिंह की टीम ने अवैध गांजे के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अमन है जो बिहार के बेगूसराय का रहने वाला है और फरीदाबाद की ग्रीन फील्ड कॉलोनी में रह रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी गांजा बेचने का काम कर रहा है। सूचना के आधार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को अवैध गांजे सहित काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से 610 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी से जब गांजे के बारे में पूछताछ की गई तो वह कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। आरोपी ने बताया कि वह रजिया नाम की महिला के पास काम करता है और वही उसे गांजा लाकर देती थी। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है वहीं आरोपी की महिला साथी की तलाश की जा रही है जिसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### रक्षा पेंशनरों के लिए लागू होगा स्पर्श माइग्रेशन

**फरीदाबाद।** उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण जितेंद्र यादव ने बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार रक्षा विभाग द्वारा रक्षा पेंशन संवितरण अधिकारी लाल किला-1 दिल्ली के माध्यम से सैन्य सेवा पेंशन, पारिवारिक पेंशन व बैंक या किसी भी पीडीए के माध्यम से सैन्य सेवा पेंशन, पारिवारिक पेंशन प्राप्त करने वाले सभी लाभार्थियों की पेंशन को स्पर्श माइग्रेट किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय के आदेशानुसार सभी रक्षा पेंशनर अपने-अपने पेंशन पेमेंट के ऑर्डर की पीपीओ पेंशन बुक, आधार कार्ड और पैन कार्ड की छाया प्रति तथा अपने मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी सहित इस कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करें। ये जानकारी सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण विभाग के जिला अधिकारी कर्नल अमन सिंह यादव ने दी है।

# ग्रुप-सी के 28,000 रिक्त पदों के लिए जल्द होगी परीक्षा : कौशल

## कहा, लगभग 11 लाख उम्मीदवार सीईटी पोर्टल पर कर चुके हैं पंजीकरण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते डीसी जितेंद्र यादव।

**हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि हरियाणा में जल्द ही ग्रुप-सी के करीब 28,000 रिक्त पदों के लिए परीक्षाएं करवाई जाएंगी। उन्होंने प्रदेश के सभी जिला के उपायुक्तों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि सभी जिला उपायुक्त अपने-अपने जिला में इन पदों की भर्ती के लिए होने वाली परीक्षा को सफल बनाने के लिए अभी से तैयारियों में लग जाएं।

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सोमवार को विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बैठक में सभी अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सीईटी पोर्टल पर करीब 11 लाख उम्मीदवार पंजीकरण कर चुके हैं।

संख्या को देखते हुए सभी उपायुक्त अपने जिला में अधिक-से-अधिक परीक्षा केंद्र स्थापित करें। जिससे कि प्रदेश सरकार आगामी परीक्षाओं का सफल एवं बेहतर संचालन कर सके। उन्होंने बताया कि ग्रुप-सी के रिक्त पदों के लिए परीक्षाएं एचएसएसएससी द्वारा करवाई जाएंगी। मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश में विभिन्न परीक्षा कराने हेतु लगभग 1100 परीक्षा केंद्र उपलब्ध हैं जिनकी संख्या को हमें अधिक-से-अधिक करना है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र ज्यादातर सरकारी स्कूलों में बने हुए हैं। मुख्य सचिव ने सभी उपायुक्तों को दिशा-निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्रों की संख्या को बढ़ाने के लिए प्राइवेट स्कूलों, स्टेट, सेंट्रल व निजी विश्वविद्यालयों, सभी सरकारी संस्थाओं की भी मदद लें। उन्होंने बताया कि इस बार राजधानी चंडीगढ़ में भी परीक्षा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि जिला फरीदाबाद में करीब 82 परीक्षा केंद्र मौजूद हैं। जिनकी संख्या को आगामी परीक्षाओं के लिए निश्चित ही बढ़ाया जाएगा। उपायुक्त ने मुख्य सचिव को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन फरीदाबाद द्वारा कम-से-कम 50,000 परीक्षार्थियों की परीक्षा सफल व बेहतर ढंग से करवाई जाएगा तथा इस कार्य में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने बैठक में मौजूद तीनों उपमंडल अधिकारियों व जिला शिक्षा अधिकारी को नये परीक्षा केंद्र स्थापित करने के लिए स्थानों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, नगराधीश नसीब कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी सहीत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# केंद्रीय राजयमंत्री ने दो अमृत सरोवरों का किया शिलान्यास


अमृत सरोवर के विकास कार्य का शुभारंभ करते केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक नरेंद्र गुप्ता व अन्य।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आजादी** के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आज भारत सरकार के भारी उद्योग एवं उर्जा विभाग के राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने भारत सरकार तथा हरियाणा सरकार द्वारा स्वीकृत अमृत सरोवर योजना के तहत बुढ़ैना पौंड (46) तथा सीही पौंड (163) का रेजुवेनशन और रेस्टोरेशन के कार्य का नारियल तोड़कर विधिवत रूप से शिलान्यास किया गया।

जिस पर बुढ़ैना में 1 करोड़ 3 लाख और सीही में एक करोड़ 70 लाख रुपये की लागत लगेगी। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि गांव में बहुत सारी समस्याएं थी कुछ का समाधान हो गया है और कुछ का होना अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि गांव की नालियों का पानी कहां जाए इसके लिए अलग और बरसात का पानी कहां जाए इसके लिए यहां तालाब थे लेकिन अब लुप्त हो गए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में गांव हो या शहर हर जगह अमृत सरोवर बनाने का निर्णय लिया है क्योंकि देश में अगर पानी की समस्या को समाप्त करना है तो पानी को रिचार्ज करना होगा। पानी हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। यह बात हम सब जानते हैं लेकिन फिर भी हम पानी को बर्बाद करते हैं। उन्होंने कहा कि जहां पानी नहीं है उन लोगों से पूछो पानी की कीमत क्या है। हमें सोचना होगा कि हमें पानी को कैसे बचाना है।

# मानव रचना ने प्लेसमेंट को लेकर मनाया जश्न



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मानव** रचना शैक्षिक संस्थान, फरीदाबाद में कॉर्पोरेट संसाधन केंद्र (सीआरसी) विभाग ने सत्र 2021-22 में प्लेस्ड छात्रों की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए, मानव रचना प्लेसमेंट उत्सव, उपलब्धि-सेवर द सक्सेस आयोजित किया।

प्लेसमेंट सत्र 2021-22 में मानव रचना में सीआरसी टीम ने 180+ कंपनियों की सफलतापूर्वक शामिल किया है। जिसमें 780 से अधिक छात्रों को प्रमुख संगठनों से प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुए हैं। 200+ छात्रों को कई संगठनों से नौकरी की पेशकश और 7.50 एलपीए से अधिक वेतन मिला, जो मानव रचना के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, राजीव नैथानी-सीवीपी और मुख्य लोक अधिकारी, इन्फोगेन के साथ प्रो. (डॉ.) संजय श्रीवास्तव-एमडी, MREI और वाइस चांसलर, MRIIRS; प्रो. (डॉ.) आईके भट-कुलपति, एमआरयू; डॉ. एनसी वाधवा-महानिदेशक, MREI; प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार प्रो वाइस चांसलर और डीन इंजीनियरिंग, एमआरआईआईआरएस; लेफ्टिनेंट जनरल आर.के. आनंद महानिदेशक, एमआरआईआईआरएस, आरके अरोड़ा रजिस्ट्रार, एमआरआईआईआरएस; डॉ. गौरी भसीन, कार्यकारी निदेशक, विपणन और प्रवेश, राखी प्रुथी जीएम और प्रमुख, सीआरसी और शालिनी खत्री प्रमुख कॉर्पोरेट आउटरीच और रिलेशन्स ने छात्रों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह सौंपे। उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी। राजीव नैथानी ने कॉर्पोरेट कार्यबल और उद्यमशीलता उपक्रमों में एक महान योगदानकर्ता होने के लिए मानव रचना शैक्षिक संस्थानों की प्रशंसा की।

## गुरुकुल इंडस्ट्रीज एरिया में रेलवे लाइन पर बनेगा आरओबी

**फरीदाबाद।** बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा और उपायुक्त जितेंद्र यादव का दिल्ली आगरा रेलवे लाइन पर दिल्ली मथुरा रोड से गुरुकुल रोड तक आरओबी की मंजूरी दिलवाने पर समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने आभार व्यक्त किया।

विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल विकास कार्यों को पूरी निष्ठा से पूर्ण कर रहे हैं। उनके कानों में एक बार किसी भी विकास कार्य की बात डाल दी जाए, तो उस बात को तुरंत संज्ञान में लाकर विकास कार्य को अमलीजामा पहनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए विधायक सीमा त्रिखा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का तहे दिल से धन्यवाद व आभार प्रकट किया। आपको बता दें आज सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में बाद दोपहर आर्य प्रतिनिधि सभा और गुरुकुल प्रबंधन समिति के प्रतिनिधियों ने एक बैठक आयोजित की। बैठक में विगत 29 अप्रैल को जिला लोक संपर्क एवं परिवार समिति की बैठक के बाद रखे गए मुद्दे पर प्रशासन द्वारा विधायक सीमा त्रिखा के सहयोग से यह आरओबी पास करवाया गया है।

# अगले दो साल में 150 चाइल्ड आई केयर सेंटर खोलने का है लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**भारत** में आई केयर को लेकर जागरूकता बहुत कम है। 53 प्रतिशत से ज्यादा भारतीयों की नजर कमजोर है और उन्हें चश्मे की आवश्यकता है। जबकि भारत में प्रत्येक 1.15 लाख भारतीयों पर मात्र एक नेत्र रोग विशेषज्ञ है। रिफ्रेक्टिव एरर (वस्तुओं का धुंधला दिखाई देना) जीवन पर कई तरह से दुष्प्रभाव डालता है। इससे शिक्षा प्रभावित होती है और आजीविका में भी मुश्किल आती है।

2020 में स्थापित लेंसकार्ट फाउंडेशन ने भारत में आई केयर सुविधाओं तक लोगों की पहुंच सुनिश्चित करने और देश को रिफ्रेक्टिव एरर बेस्ड ब्लाइंडनेस से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। ब्लाइंडनेस और विजुअल इंपेयरमेंट के 80 प्रतिशत मामलों से बचाव संभव है। साथ ही, इससे बच्चों की शिक्षा एवं विकास पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। इसीलिए बच्चों पर फोकस करना और उन्हें प्राथमिकता में रखना बहुत जरूरी है, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित रह सके। फाउंडेशन का संचालन चेयरपर्सन निधि मित्तल बंसल की देखरेख में हो रहा है। अपने उद्देश्य पर आगे बढ़ते हुए फाउंडेशन ने हाल ही में दक्षिणी दिल्ली की संजय कॉलोनी में चौथा लेंसकार्ट फाउंडेशन चाइल्ड आई केयर सेंटर खोला है। दिल्ली के सबसे बड़े एवं पुराने स्लम में भट्ठी माइंस एरिया के आगे स्थापित इस सेंटर से करीब 5,500 बच्चों और यहां की करीब 23,000 की आबादी को आई चेकअप की सुविधा मिलेगी। इस मौके पर चेयरपर्सन निधि मित्तल बंसल ने कहा, 'हमें विश्वास है कि यह इस कॉलोनी में बदलाव लाने का बड़ा अवसर है, क्योंकि यहां 30 किलोमीटर के दायरे में कोई आई केयर सेंटर नहीं है। हर भारतीय के लिए आई चेकअप और उचित चश्मे तक पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में यह हमारा चौथा कदम है। बच्चों पर विशेष फोकस के साथ हम स्कूल ड्रॉपआउट को कम करना चाहते हैं, जो अभी 25 प्रतिशत है। यहां बच्चों के साथ-साथ बड़ों के लिए भी आई चेकअप की सुविधा है।' उन्होंने आगे कहा, 'हमने अगले दो साल में 100 से 150 चाइल्ड आई केयर सेंटर खोलने की योजना बनाई है, जिससे आवश्यकता पड़ने पर हर चार किलोमीटर के दायरे में एक आई केयर सेंटर हो।'

इस लक्ष्य को पाने के लिए फाउंडेशन जागरूकता, पहुंच एवं परामर्श की तीन चरणों वाली रणनीति पर काम कर रहा है। देश के बहुत से हिस्सों में जागरूकता एवं आई केयर सेंटर की कमी है। फाउंडेशन अपने सेंटर के माध्यम से इन दोनों कमियों को पूरा करने की दिशा में काम कर रहा है, साथ ही इस दिशा में सरकारी पहल को भी बढ़ावा देना चाहता है।

# माता अमृता अस्पताल का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

## पीएम मोदी के आगमन को लेकर विधायक ने किया अस्पताल का दौरा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


माता अमृता अस्पताल का दौरा करते विधायक राजेश नागर, स्वामी निजामृतानंद पुरी व अन्य

**ग्रेटर** फरीदाबाद स्थित माता अमृता अस्पताल में 24 अगस्त को पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन से पूर्व स्थानीय विधायक राजेश नागर ने दौरा किया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से उनके यहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और उन्हें पेश आने वाली समस्याओं की भी जानकारी ली।

विधायक राजेश नागर ने प्रबंधन देख रहे स्वामी निजामृतानंद पुरी के साथ अस्पताल परिसर का दौरा किया। उन्होंने स्वामीजी से अस्पताल की व्यवस्था के बारे में पता किया। वहीं अस्पताल को किसी भी प्रकार की प्रशासनिक सहायता के लिए निशंकोच बताने की बात कही। नागर ने कहा कि इतना बड़ा अस्पताल हमारे तिगांव विधानसभा क्षेत्र में बन रहा है, जिसके पूरी तरह से तैयार होने के बाद स्थानीय लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार प्राप्त होगा, वहीं आस पास क्षेत्र में व्यापार में भी बढ़ोतरी होगी। स्वामी निजामृतानंद ने उन्हें पेश आ रही बिजली, पानी और सड़क मार्ग की समस्याओं के बारे में बताया। जिसे जल्द से जल्द पूरा करने की उन्होंने मांग रखी। जिस पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि वह सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करेंगे। नागर ने कहा कि वह जल्द ही अधिकारियों के साथ भी अस्पताल व आसपास क्षेत्र का मौका मुआयना करेंगे। जिससे कि जल्द से जल्द दूर दराज से आने वाले लोगों को बेहतर वातावरण प्रदान किया जा सके।

गौरतलब है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अगस्त को अमृता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में आ रहे हैं। जिसके पहले अस्पताल प्रबंधन अपनी तैयारियों में लगा है वहीं प्रशासन से भी मदद की उम्मीद कर रहा है। इस पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन को भरपूर प्रशासनिक मदद मिलेगी और उन्हें किसी प्रकार की समस्या पेश नहीं आने दी जाएगी।

अमृता मठ की प्रमुख माता अमृतानंदमयी इसी महीने अस्पताल आ जाएंगी और सभी कार्यों को अंतिम रूप देंगी। प्रबंधन माता के आने से पहले लगभग सभी कार्यों को पूरा करने में जुटा है। स्वामी निजामृतानंद पुरी ने बताया कि हर दिशा से अस्पताल पहुंचने के लिए सड़क मार्ग को दुरुस्त किया जाए। विधायक राजेश नागर ने विकास संबंधी सभी समस्याओं को वह दूर करवाएंगे। नागर ने कहा कि वह सभी कार्यो को तेज गति से करवाने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल से बात करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हम तिगांव क्षेत्र को शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में जुटे हैं और इस कार्य में सभी संस्थानों एवं व्यक्तियों के लिए हमेशा उपलब्ध हैं।

# नाटक के माध्यम से बताया आजादी का महत्व

## 75 दिवसीय मेगा इवेंट के तहत हुआ नाटक 'नन्हें क्रांतिकारी' का मंचन



**फरीदाबाद।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत फरीदाबाद में 75 दिवसीय मेगा इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत रविवार शाम को सेक्टर 8 स्थित सर्वोदय अस्पताल के सभागार में नाटक 'नन्हें क्रांतिकारी' का मंचन किया गया। नाटक में शहर के बच्चों ने अभिनय कर लोगों को आजादी का महत्व बताया।

संभावे फाउंडेशन, नगर निगम फरीदाबाद और सर्वोदय फाउंडेशन मिलकर आजादी का अमृत महोत्सव के तहत फरीदाबाद में 75 दिवसीय मेगा इवेंट आयोजित कर रहे हैं। इसके तहत फरीदाबाद में रोजाना कहीं न कहीं कार्यक्रम आयोजित होते हैं। हर वीकएंड पर सर्वोदय अस्पताल के सभागार में नाटक व म्यूजिक नाइट का आयोजन होता है। इसके तहत रविवार देर शाम नाटक 'नन्हें क्रांतिकारी' का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से बच्चों ने बताया कि आजादी केवल खुली हवा में सांस लेना ही नहीं, बल्कि अपने हक के लिए खड़ा होना भी है। नाटक में गांधी जयंती के अवसर पर बच्चे उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेते हैं और उससे पहले वह अपने अधिकारों के लिए पुलिस वाले अंकल से उलझ जाते हैं और अपने हक के लिए क्रांति करते हैं। अंत में बच्चों की एकता से पुलिस अधिकारी को अपनी गलती का अहसास होता है।

# प्लास्टिक पर प्रतिबंध

## अच्छा कदम

एक बार प्रयोग करने वाली प्लास्टिक-एसयूपी पर प्रतिबंध शुक्रवार से लागू हो गया। यह एक अच्छा तथा निश्चित रूप से अच्छे इरादों से उठाया गया कदम है। इसके साथ ही ऐसी चीजों का फैक्ट्रियों में उत्पादन, वितरण, भंडारण व बिक्री बंद हो जाएगी। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि इस नियम के उल्लंघन पर जुर्माना, कैद या दोनों हो सकते हैं। यह दंड पर्यावरण संरक्षण कानून-ईपीए व नगर निगमों द्वारा बनाये नियमों के अंतर्गत होगा। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा था, '2019 में चौथी संयुक्त राष्ट्रसंघ पर्यावरण असेम्बली में भारत ने एक प्रस्ताव पेश किया था जिसमें सिंगल यूज़ प्लास्टिक से निपटने की बात कही गई थी। उसने इसके माध्यम से वैश्विक समुदाय द्वारा इस अत्यधिक महत्वपूर्ण मुद्दे से निपटने की तात्कालिक आवश्यकता पर जोर दिया था। भारत ने आज सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा कर इसके बिखरने तथा बेलगाम प्लास्टिक कचरे के कारण होने वाले प्रदूषण से निपटने की दिशा में स्पष्ट कदम उठाया है।' केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी नागरिकों के सशक्तीकरण का प्रयास कर रहा है ताकि एसयूपी का प्रयोग बंद हो सके। वर्तमान समय में एफएमसीजी क्षेत्र को पैकिंग के लिए एसयूपी प्रयोग की अनुमति दी गई है, पर यह विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी-ईपीआर दिशानिर्देशों के अंतर्गत है। इन साइक्लोपीडिया ब्रिटानिका के अनुसार, ईपीआर 'ऐसा व्यवहार और नीतिगत दृष्टिकोण है जिसमें उत्पादक अपने द्वारा उत्पादित वस्तुओं के निस्तारण की जिम्मेदारी लेता है, जब ये उत्पाद उपभोक्ता द्वारा प्रयोग लायक नहीं रह जाते हैं। निस्तारण की जिम्मेदारी वित्तीय, भौतिक या दोनों का मिश्रण हो सकती है।'



प्रतिबंधित वस्तुओं में मोटाई में 75 माइक्रान से कम वाले प्लास्टिक कैरीबैग शामिल हैं और इस सीमा को दिसंबर, 2022 तक बढ़ा कर 120 माइक्रान कर दिया जाएगा। इसमें इयरबड व प्लास्टिक क्राकरी वस्तुएं, जैसे चम्मच, प्लेट, गिलास के साथ स्ट्रा, सिगरेट पैक, मिठाई के डिब्बे, कैंडी व आइसक्रीम की स्टिक, पीवीसी बैनर तथा प्लास्टिक की कुछ पैकिंग सामग्री शामिल है। सरकार ने विकल्प के रूप में जूट बैग, खादी बैग, बांस के स्ट्रा व डाइनिंग कटलरी तथा पतले प्लास्टिक डिब्बों के बजाय कपड़ों के थैलों व स्टील के डिब्बों का सुझाव दिया है। संक्षेप में सरकार प्रतिबंध के क्रियान्वयन पर गंभीर लगती है। लेकिन विकल्पों की उपलब्धता पर सवाल उठ रहे हैं। अनेक निर्माताओं ने इस समस्या की ओर पहले ही संकेत किया है। वर्तमान समय में यह स्पष्ट नहीं है कि विभिन्न बिजनेसों की चिन्ताओं का संतोषजनक ढंग से कैसे समाधान होगा क्योंकि अक्सर उन पर विचार करने के बजाय वे पर्यावरण एक्टिविस्टों के शोर-शराबे में दब जाती हैं। इससे भी बुरी बात है कि अनेक मुखर पर्यावरणवादी सैद्धान्तिक दृष्टिकोण अपनाते हैं। सरकार को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रतिबंध केवल संगठित खुदरा व एफएमसीजी निगमों तक केन्द्रित न रह जाए। इस बात की ओर संकेत करने के अनेक उदाहरण हैं कि पहले लगाए गए प्रतिबंध मुख्यत: बड़ी कंपनियों, बड़े स्टोरों व शोरूमों पर लागू हुए, जबकि कुटीर उद्योग ऐसी वस्तुओं का उत्पादन करते रहे तथा सड़कों पर सामान व सब्जी बेचने वाले सारे कानूनों को धता बताते रहे। हम उम्मीद करते हैं कि अच्छे इरादों से एसयूपी पर प्रतिबंध लगाने का यह कानून अनेक अन्य कानूनों की तरह विफल नहीं होगा क्योंकि इससे सबको भारी कष्ट होगा। यह कदम अच्छे इरादों से उठाया गया है ताकि धरती व पर्यावरण को बरबादी से बचाया जा सके। हमें यह उम्मीद भी है कि जिम्मेदार शक्तिशाली लोग इसे याद रखेंगे कि नियमों के पालन में उनकी भी अन्य नागरिकों के समान भूमिका है।

# राजकोषीय घाटा बढ़ने का खतरा

**कच्चे तेल व उर्वरकों की अंतरराष्ट्रीय कीमतों ने सरकार की बजट गणित गड़बड़ा दी है। कल्याणकारी उपायों से राजकोषीय घाटा बढ़ रहा है।**



उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



मोदी सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं जिनमें करों में कटौती व सब्सिडी में वृद्धि शामिल हैं। इससे उपभोक्ताओं को ईंधन व उर्वरकों तथा खाद्य पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी वृद्धि से सुरक्षा दी जा रही है। लेकिन इससे वर्तमान वित्त वर्ष के लिए निर्धारित केन्द्र की राजकोषीय घाटे-एफडी को सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी के 6.4 प्रतिशत पर रखने की क्षमता प्रभावित हो रही है। वर्तमान वित्त वर्ष के आंकड़ों का विश्लेषण करने से पहले हमें 2021-22 के घटनाक्रम पर ध्यान देना चाहिए, जब उपरोक्त वस्तुओं की अंतरराष्ट्रीय कीमतें बढ़ रही थीं।

2021-22 में उत्पादन में प्रयोग होने वाले कच्चे माल, जैसे, फास्फोरिक एसिड व अमोनिया की कीमतों में भारी वृद्धि के कारण उर्वरक सब्सिडी में भारी वृद्धि हुई है। डीएपी की कीमत दूनी से अधिक हो गई है, इसके साथ ही यूरिया व म्यूरेट आफ पोटाश की कीमते लगभग तीन गुना बढ़ी हैं। सब्सिडी का अर्थ लागत को अनदेखा कर किसानों को सस्ते दाम पर उर्वरक देना है जो 80,000 करोड़ रुपये बजट अनुमान की तुलना में 1,62,000 करोड़ पहुंच गई है। इसी प्रकार खाद्य सब्सिडी का अर्थ न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी के साथ हैंडलिंग व वितरण लागत जोड़ना है, जबकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए व अन्य कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत यह लाभार्थियों को सस्ते दामों पर दिए जाते हैं। इसके लिए बजट अनुमान 2,43,000 करोड़ था, जबकि यह बढ़ कर 2,86,000 करोड़ हो गई है।

यह अंतर मुख्यत: प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना या पीएमजीकेवाई के पांचवें विस्तार के कारण है। इसकी शुरुआत मार्च, 2020 में की गई थी और इसका उद्देश्य मुख्यत: कोरोना महामारी के कारण पीड़ित लोगों के कष्ट कम करना था। इसके अंतर्गत 800 मिलियन लोगों को प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो चावल या गेंहू मुफ्त दिया जाता है। उर्वरक व खाद्य सब्सिडी पर अतिरिक्त खर्च बजट अनुमान की तुलना में 1,25,000 करोड़ अधिक है। इस वर्ष विफलता का तीसरा बड़ा क्षेत्र सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-पीएसयू में सरकारी हिस्सा विनिवेश करने के लक्ष्य में भारी कमी है। बजट में इसका अनुमान 1,75,000 करोड़ लगाया गया था, जबकि वास्तव में इससे केवल 13,500 करोड़ प्राप्त हुए जिससे 1,61,500 करोड़ की कमी हुई। इन सबको एकसाथ जोड़ने पर खर्चों व प्राप्तियों में बजट अनुमान की तुलना में 2,86,500 करोड़ का अंतर आया।

दूसरी ओर केन्द्र सरकार का सकल कर राजस्व लगभग 27,10,000 करोड़ था, जबकि बजट अनुमान 22,17,000 करोड़ था। वित्त आयोग के निर्देशानुसार राज्यें को केन्द्र की प्राप्तियों का 41 प्रतिशत हिस्सा हस्तांरित किया जाता है जिसमें उपकर संग्रह शामिल नहीं है क्योंकि इसका राज्यों के साथ बंटवारा नहीं होता है। इस प्रकार राज्यों को आबंटन के बाद केन्द्र के पास 18,50,000 करोड़ रुपये बचता है, जबकि बजट अनुमान 15,50,000 करोड़ था। 3,00,000 करोड़ की इस अतिरिक्त कर प्राप्ति ने केन्द्र की सहायता की है और वह खर्च व राजस्व के अन्य क्षेत्र में आई कमी से निपट रही है। इसके कारण वह राजकोषीय घाटे-एफडी को 6.7 तक सीमित करने में सफल हुई है, जबकि लक्ष्य 6.8 प्रतिशत था।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को उम्मीद है कि उर्वरक सब्सिडी पर खर्च में 1,05,000 करोड़ की कमी आएगी। लेकिन यूक्रेन संकट के कारण उर्वरकों की अंतरराष्ट्रीय कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। किसानों को इस वृद्धि से बचाने के लिए उन्होंने अतिरिक्त 1,10,000 करोड़ खर्च की अनुमति दी है। जहां तक खाद्य सब्सिडी का सवाल है, सीतारमण ने इसके लिए वर्तमान वित्त वर्ष में 2,07,000 करोड़ आबंटित किए हैं, जबकि पिछले साल यह आबंटन 2,86,000 करोड़ था। अब पीएमजीकेवाई के 30 सितंबर, 2022 तक 6 महीने विस्तार के कारण केन्द्र को इस मद में 80,000 करोड़ रुपये और खर्च करने पड़ेंगे। इस प्रकार कुल मिला कर बजट अनुमान की तुलना में उर्वरक व खाद्य सब्सिडी पर 1,90,000 करोड़ अधिक खर्च करने होंगे। दूसरी ओर केन्द्र को सकल कर राजस्व-जीटीआर लगभग 30,50,000 करोड़ मिलने की उम्मीद है, जबकि बजट अनुमान 27,40,000 करोड़ था। इस प्रकार राज्यों को अनिवार्य हस्तांतरण के बाद लगभग 3,00,000 करोड़ प्राप्ति से केन्द्र के पास लगभग 1,80,000 करोड़ बचेगा जिससे उर्वरकों व खाद्य सब्सिडी पर अधिक खर्च की थोड़ी भरपाई होगी।

मोदी योजना बना रहे हैं कि राज्यों में चुनाव के कारण पीएमजीकेवाई का विस्तार और 6 महीने कर इसे मार्च, 2023 तक ले जाया जाए, हालांकि वित्त मंत्रालय के अधिकारी इसके खिलाफ चेतावनी दे चुके हैं। इससे खाद्य सब्सिडी में 80,000 करोड़ की और वृद्धि होगी। इसके अलावा, यूक्रेन युद्ध लंबा खिंचने के कारण उर्वरक सब्सिडी लगभग 2,50,000 करोड़ तक पहुंच सकती है। इसका अर्थ आबंटित 2,15,000 करोड़ से 35,000 करोड़ अधिक खर्च है। कुल मिला कर इन दो मदों में 1,15,000 करोड़ अधिक खर्च होंगे। खाना पकाने वाली गैस पर 6,000 करोड़ सब्सिडी पुन: शुरू करने का अर्थ बजट अनुमान की तुलना में 1,21,000 करोड़ अतिरिक्त खर्च होगा।


सरकार ने 21 मई, 2022 को पेट्रोल व डीजल पर केन्द्रीय उत्पाद कर-सीईडी में क्रमश: 8 व 6 रुपये लीटर कमी की घोषणा की थी। इसके साथ ही उसने खाद्य तेलों तथा जनता के व्यापक उपभोग में आने वाली अन्य चीजों पर भी आयात कर में कटौती की थी। इन कटौतियों के कारण राजस्व में 1,20,000 करोड़ घाटा होगा। अतिरिक्त सब्सिडी भुगतान से केन्द्र को 2,40,000 करोड़ या जीडीपी का लगभग 1 प्रतिशत घाटा होगा। इस प्रकार वर्तमान वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा 7.4 प्रतिशत पहुंच सकता है, जबकि इसका लक्ष्य 6.4 प्रतिशत रखा गया था।

वित्त वर्ष 2022-23 के लिए राजकोषीय घाटा-एफडी को जीडीपी के 6.4 प्रतिशत पर रखते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने इसे अपने बजट भाषण में 'राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर प्रगति' बताया था तथा उन्होंने 2025-26 तक 4.5 प्रतिशत का लक्ष्य भी रखा था। राजकोषीय दायित्व व बजट प्रबंधन कानून-एफआरबीएम की डा. एन.के. सिंह के नेतृत्व में गठित एक समिति ने मोदी सरकार से अनुरोध किया था कि वह 2022-23 के लिए एफडी का लक्ष्य 2.5 प्रतिशत रखे। लेकिन 2021-22 के बजट में इस संस्तुति को खारिज कर वित्त मंत्री ने रास्ते में परिवर्तन कर वर्ष 2025-26 के लिए 4.5 प्रतिशत का लक्ष्य रखा। वर्तमान वित्त वर्ष में एफडी के 6.4 प्रतिशत लक्ष्य की तुलना में 7.4 प्रतिशत पहुंचने की आशा है। अत: सरकार राजकोषीय अनुशासन के लिए संशोधित रास्ते पर भी नहीं चल सकेगी।

यह स्थिति खतरनाक है क्योंकि इसके कारण केन्द्र का कर्ज असहनीय सीमा तक बढ़ जाएगा। पहले ही यह जीडीपी के 62 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जबकि सिंह समिति ने इसके लिए 46 प्रतिशत का लक्ष्य रखा था। यदि केन्द्र व राज्यों का कर्ज एकसाथ जोड़ लिया जाए तो यह 90 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। सरकार को इस भयानक परिदृश्य से बचने का प्रयास करना चाहिए। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे अवस्थापना कर संग्रह बढ़ाने के सारे प्रयास कर रही है और यह गतिशीलता बनाए रखी जानी चाहिए, लेकिन राजकोषीय दृष्टिकोण से स्थिति खराब है। इसके साथ ही तत्काल खर्च घटाने व खासकर 'कल्याण योजनाओं' पर खर्च घटाने की जरूरत है। सब्सिडी की कवरेज सीमित करने, उसके प्रयोग की प्रभावशीलता बढ़ाने तथा सब्सिडी की चोरी रोकने के माध्यम से सरकार खर्च में काफी बचत कर सकती है। इससे राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण में भी सहायता मिलेगी।

# सोने पर जीएसटी वृद्धि से बढ़ेगी मुद्रास्फीति

शिवाजी सरकार
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



जीएसटी परिषद और सरकार की टैक्स दरों को अधिक करने के फैसले से बेलगाम होती महंगाई को ही गति मिलेगी। सोने पर जीएसटी बढ़ाना भी इसका हिस्सा है। आम लोगों के लिए अर्थशास्त्र और राजनीति के क्षेत्र में बदलावों को समझना आसान नहीं है। कई बार राजनीति व अर्थशास्त्र का व्यापक घालमेल भी हो सकता है। महाराष्ट्र के संबंध में एक सवाल इस दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हो जाता है। सवाल है कि यदि महाराष्ट्र में सरकार परिवर्तन एक विचारधारा के लिए था, तो नई सरकार द्वारा आरे कॉलोनी मेट्रो डिपो और जल परियोजना को कैसे प्राथमिकता दी गई? उच्च मुद्रास्फीति के दौर में, जीएसटी परिषद और प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने कई वस्तुओं पर दरें बढ़ाने का फैसला किया। यह जनवरी में किए गए कार्यों की पुनरावृत्ति है, जबकि थोक मूल्य सूचकांक 1588 को छू गया है। इस साल जनवरी में महत्वपूर्ण वस्त्रों, हथकरघा और जूतों पर दरों को 5 से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया था। अब, रिजर्व बैंक, सेबी के कार्यों को सेवाओं के रूप में परिभाषित किया गया है और कर के दायरे में लाया गया है। यहां तक कि एक चेक बुक, जो बैंकिंग लेनदेन के लिए सामान्य है, पर 18 प्रतिशत की दर से कर लगता है। संचयी रूप में, वे सभी व्यावसायिक गतिविधियों में अतिरिक्त लागत जोड़ देंगे। इसी तरह, पोस्टकार्ड, अंतर्देशीय पत्र, बुक पोस्ट और 10 ग्राम से कम वजन वाले लिफाफों के अलावा अन्य डाकघर सेवाओं पर करों का प्रस्ताव करना बेतुका है, जिसका व्यापक प्रभाव पड़ता है। आरबीआई बाध्य होगा, और वह, अगस्त तक मुद्रास्फीति के दबाव को शांत करने के लिए, रेपो दर में बढ़ोतरी का सहारा ले सकता है। सरकार और आरबीआई एक जैसा सोचते नजर नहीं आते हैं। यह निश्चित रूप से हैरान करने वाली बात है कि मुंबई में दो परियोजनाएं, पर्यावरण और अन्य चिंताओं के लिए महा विकास अघाड़ी सरकार द्वारा लगभग स्थगित, अदालत के फैसले के बावजूद नई व्यवस्था के लिए प्राथमिकता क्यों बन गई। ऐसा लगता है कि विचार वैचारिकता से बढ़कर हैं। घटते वन आवरण का प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उत्तर-पूर्व में आई बाढ़ विभिन्न ''विकासात्मक'' परियोजनाओं के लिए की गयी पेड़ों की कटाई का परिणाम है। 1.08 लाख करोड़ रुपये की बुलेट ट्रेन परियोजना नई महाराष्ट्र सरकार के लिए प्राथमिकता लगती है। अब भूमि अधिग्रहण में तेजी लाई जा सकती है। कर के मोर्चे पर, सरकार ने मांग को ठंडा करने के लिए सोने पर कर बढ़ा दिया। आयात शुल्क 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया गया है। यदि अधिभार जोड़ा जाता है तो यह कीमती धातु मौजूदा 10.5 प्रतिशत से प्रभावी रूप से 15 प्रतिशत कर-दर के अंतर्गत आती है। स्थानीय और विदेशी कीमतों के बीच का अंतर 15 प्रतिशत से अधिक है। आयात में मामूली गिरावट हो सकती है लेकिन ऐतिहासिक रूप से उच्च शुल्क तस्करी को अधिक लाभकारी बनाता है।

सोने का लगभग आधा आयात पुन: निर्यात किया जाता है। प्रतिकूल लागत प्रतिस्पर्धा से, भारत एक आकर्षक विदेशी बाजार खो देगा। भारत का मई व्यापार घाटा अप्रैल में 6.53 अरब डॉलर के मुकाबले बढ़कर 24.29 अरब डॉलर हो गया। सोने का आयात 67.8 करोड़ डॉलर से बढ़कर 6 अरब डॉलर हो गया। मई के दौरान 107 टन सोने का आयात किया गया।

नई दरें बैंकिंग सेवाओं, अनाज और पेट्रोलियम उत्पादों के लिए कारखाना मशीनरी पर प्रतिकूल प्रभाव डालेंगी। यह परिवार के बजट को प्रभावित करेगा क्योंकि इनमें एलईडी लैंप, स्याही, चाकू, ब्लेड, बिजली से चलने वाले पंप और डेयरी मशीनरी जैसे व्यापक सामान शामिल हैं, जो पिछले 12 प्रतिशत के मुकाबले 18 प्रतिशत कर की दर को आकर्षित करेंगे। अनाज के लिए कारखाना मशीनरी पर कर पांच प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत लगाया जाएगा। सोलर वॉटर हीटर और तैयार चमड़े के लिए कर की दरें पांच प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दी गई हैं। सरकारों और स्थानीय अधिकारियों को आपूर्ति की जाने वाली कार्य-अनुबंध सेवाओं की दर बढ़ाकर 18 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है।

जीएसटी परिषद पूर्वोत्तर में हवाई अड्डों से बिजनेस क्लास में यात्रियों के परिवहन जैसी सेवाओं के लिए छूट वापस लेने पर जीओएम की सिफारिशों को अनुमति देती है। प्रति दिन 1,000 रुपये से कम लागत वाले होटल प्रवास पर उद्योग (12 प्रतिशत) के बराबर कर लगाया जाएगा। अस्पताल के कमरे, आईसीयू को छोड़कर, 5,000 रुपये के दैनिक किराए वाले, पर पांच प्रतिशत कर लगाया जा सकता है। हालांकि, इन उपायों से सरकार का राजस्व बढ़ने क उम्मीद है, लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि आवभगत सेक्टर अभी तक कोविड-19 महामारी के कारण आई मंदी से उबर नहीं पाया है। ऐसे में देखना होगा कि वह नए फैसलों का बोझ कहां तक उठाता है।

पेट्रोल और डीजल के निर्यात पर उपकर लगाने का कदम, एक सतर्क लेकिन सक्रिय कदम है। रिफाइनर वैश्विक स्तर पर प्रचलित कीमतों पर पेट्रो-उत्पादों का निर्यात करते हैं। घरेलू कच्चे तेल के उत्पादक घरेलू बाजार में प्रचलित अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर बेचते हैं और अकूत लाभ कमाते हैं। निर्यात के उद्देश्य से कुछ रिफाइनर देश में अपने पंपों को सूखा रखते हैं। इसे रोकने के लिए पेट्रोल पर 6 रुपये और डीजल पर 13 रुपये प्रति लीटर या 23,250 रुपये प्रति टन का उपकर लगाया गया है, इस शर्त के साथ कि कच्चे तेल के कुल उत्पादन का 50 प्रतिशत से अधिक निर्यात नहीं किया जा सकता है, जो विमानन ईंधन पर सेस की व्याख्या करता है।

मार्च 2026 तक 14 प्रतिशत सीएजीआर के लिए जीएसटी मुआवजा उपकर के विस्तार पर राज्यों को खुशी महसूस करनी चाहिए। अपनी 25वीं वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में भारतीय रिजर्व बैंक वैश्विक दृष्टिकोण को अनिश्चित और घरेलू स्थिति में देखता है, हालांकि सुधार, अभी भी विशाल आकार में होने से बहुत परे हैं , भू-राजनीतिक जोखिम को देखते हुए सरकार को स्थिति पर सावधानी से नजर रखनी होगी। बदलती स्थितियों को देखते हुए जीएसटी व अन्य कर नियम लागू करने की प्रक्रिया का सावधानीपूर्वक संचालन और इन पर करीबी निगरानी रखनी भी जरूरी है।

ऐसा लगता है कि वर्तमान परिस्थितियों में राजनीतिक स्थिति और कीमतों में उतार-चढ़ाव आने वाले समय में और भी डावांडोल स्थितियां पैदा करते रहेंगे। अनेक राज्य अभी भी जीएसटी में की गई कमी और देश में जारी वित्तीय गिरावट से संतुष्ट नहीं हो पाए हैं। ऐसे में जीएसटी परिषद और केन्द्र सरकार के पास देश के व्यापक हित में अपने फैसलों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूत आधार विद्यमान है।

## आप की बात

### शांति प्रयास जरूरी

**अभी** उदयपुर में हुई बर्बर हत्या के घाव सूखे नहीं थे कि महाराष्ट्र के अमरावती में दवा व्यवसायी की हत्या का मामला रुह को कंपकंपा देने वाला है। अगर देश में ऐसे ही चलता रहा तो यह सिलसिला थमने वाला नहीं है। इतनी झकझोर देने वाली घटनाओं के बाद भी सोशल मीडिया पर आग उगलने वाली पोस्टें / वीडियो कम नहीं हो रहे हैं। यह कटु सत्य है कि जिस तरह से गंदगी को गंदगी से साफ नहीं किया जा सकता, उसी प्रकार आग को आग से नहीं बुझाया जा सकता, उसके लिए पानी की जरूरत होती है । यह समय नफरत व जहरीली सोच को रोकने का है। इसके लिए चाहे हिंदू हो या मुसलमान, उनके सर्वे सर्वा व प्रगतिशील सोच वालों को आगे आकर सकारात्मक सामूहिक प्रयास करना होंगे। अन्यथा जो सिलसिला चल रहा है, वह थमने वाला नहीं है। क्योंकि आग में पानी डालने वाले कम घी डालने वाले ज्यादा हैं, जो चुप नहीं बैठ रहे हैं। यही हिंदुस्तान की नियति बनता जा रहा है, जो किसी भी दृष्टि से राष्ट्र हित में नहीं है। सोशल मीडिया संचालकों के साथ ही अेलीविजन संचालकों को भी इस दिशा में गंभीरता से सोचने की जरूरत है।

**-हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

### सहकारिता की भूमिका

**हम** देख रहे हैं कि वैश्विक तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है और विश्व भर में अतिरिक्त जन विरोधाभासों के परिदृश्य में जलवायु परिवर्तन के प्रमुख प्रभाव के शमन के लिए अभिनव समाधान ढूंढने की आवश्यकता है। इस संबंध में स्थानीय स्तर पर अपने अनूठे समाधानों के साथ सहकारी समितियां यानी कोऑपरेटिव्स जलवायु परिवर्तन के जोखिम को कम करने की दिशा में वैकल्पिक समाधान प्रदान कर सकती हैं। पर्याप्त धन और नीतिगत समर्थन के साथ सरकार द्वारा उनकी इस भूमिका में उल्लेखनीय सहयोग दिए जाने की आवश्यकता है। सहकारी समितियां जन केंद्रित उद्यम हैं, जिनका स्वामित्व व नियंत्रण उनके सदस्यों द्वारा उनकी सामान्य आर्थिक एवं सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किया जाता है। सहकारिता क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने की अपार संभावनाएं मौजूद हैं लेकिन इन्हें अभी तक इष्टतम रूप से साकार नहीं किया गया है इसीलिए अब समय है कि इसे सही ढंग से साकार किया जाए और इन्हें आगे समर्थन मिले। इसमें जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए हमारी राह और आसान हो जाएगी।

**- सुदर्शन सोराड़ी,** नानकमत्ता


### बढ़ती असमानता

**पीपुल्स** रिसर्च आन इंडियाज कंज्यूमर इकोनामी-पीआरआइसी सर्वेक्षण के अनुसार देश के 20 फीसद सबसे गरीब परिवारों की आमदनी 2015-16 की तुलना में 2020-21 के दौरान 53 फीसद घट गई। इसी अवधि में निम्न मध्यवर्गीय परिवारों की आमदनी 32 फीसद घटी और मध्यवर्गीय परिवारों की 9 फीसद, जबकि उच्च मध्यवर्गीय परिवारों की आमदनी 7 फीसद और बीस फीसद सबसे अमीर परिवारों की आमदनी में 39 फीसद का इजाफा हो गया। इस दौरान महंगाई बढ़कर दोगुना हो गई। 23 करोड़ लोग नए सिरे से गरीबी रेखा के अंदर आ गए। वहीं अरबपतियों की संख्या और उनके धन में बेहताशा वृद्धि हुई है। शायद सरकार भी लंबे समय तक 80 करोड़ लोगों को सस्ते अनाज योजना का लाभ नहीं दे सकेगी। सरकार लोगों को अधिकाधिक रोजगार प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करे। यदि हर हाथ को काम मिल जाए तो देश को तीव्र गति से आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। युवाओं को स्वरोजगार पर भी ध्यान देना होगा!

**- सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**देवेंद्र** फडनवीस ने जनता के हित में सरकार में शामिल होकर बड़ा दिल दिखाया है।

**- अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री

**भाजपा** में आदेश नागपुर या दिल्ली से आता है और इसे बिना किसी समझौते के माना जाता है।

**- शरद पवार**
राकांपा नेता





**मैं** कभी देवेंद्र फडनवीस द्वारा मेरे प्रति व्यक्त विश्वास नहीं तोड़ूंगा।

**- एकनाथ शिंदे**
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

# कोरोना, मलेरिया और कालाजार पर टीमवर्क से पाया काबू: सीएम

## मुख्यमंत्री ने गिनायीं सरकार की उपलब्धियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सरकार के कामकाज की रिपोर्ट रखते हुये कहा कि सर्वाधिक आबादी वाले उत्तर प्रदेश ने इस सदी की सबसे बड़ी महामारी को मात देते हुए जीवन के साथ जीविका को बचाने के संकल्प को पूरा किया है। यूपी में एक ओर कोरोना संक्रमण को मात दी जा रही है वहीं विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के तहत अन्य वायरस के खिलाफ सघन अभियान शुरू किया गया।

उन्होंने कहा कि एक जनपद एक मेडिकल कॉलेज योजना को प्रदेश में प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। जिसके तहत प्रदेश के असेवित 16 जनपदों में से 2 महराजगंज व संभल में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए अनुबंध किया जा चुका है। इसके साथ मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना संग प्रदेश सरकार की ओर से निर्धारित 100 दिवस के लक्ष्यों को चिकित्सा शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग ने तय समय सीमा से पहले पूरा करने में सफल रहा है। ये मेगा हेल्थ पार्क हेल्थ सर्जिकल इंस्ट्रूमेंट्स और दवाओं जैसी चिकित्सा सुविधाओं के उत्पादन को बड़े पैमाने पर बढ़ाकर राज्य को आत्मनिर्भर बनाएगा। सीएम ने कहा कि टीम वर्क का परिणाम है कि प्रदेश में मलेरिया और कालाजार रोग समाप्ति की ओर है। प्रति 1000 की जनसंख्या पर एक से भी कम लोगों में मलेरिया की समस्या देखी गई जबकि कालाजार रोग 22 चिन्हित ब्लॉक में हर 10000 की आबादी में एक से कम लोगों में ही देखा गया है। यह सर्वाधिक जनसंख्या वाले यूपी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। बीते 5 वर्ष में जेई से असमय मृत्यु पर 95 फीसदी की गिरावट दर्ज की जा चुकी है। दूसरे कार्यकाल के 100 दिनों को पूरा करने के साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करते हुए 108 एंबुलेंस सेवा में 812 नई एंबुलेंस को उपलब्ध कराया है।

## किसानों की खुशहाली की ओर बढ़े कदम

**लखनऊ।** किसानों की आय बढ़ाने के जिस सपने को लेकर योगी सरकार ने 5 साल पहले कोशिश शुरू की थी,वह तेजी से परवान चढ़ रही है। नई सरकार के गठन के अभी 100 दिन बीते हैं लेकिन खेती-किसानी को लाभ का उद्यम बनाने के लिए ठोस कोशिशें हुई हैं।

सरकार ने बंजर, बीहड़ भूमि को कृषि योग्य बनाने के लिए पं. दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के लिए 602 करोड़ स्वीकृत किये हैं तो पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त नियमित अंतराल पर सभी 2.59 करोड़ किसानों को मिल रही है। 19 नवीन मण्डियों का आधुनिकीकरण का काम शुरू हो रहा है तो ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अन्तर्गत मण्डियों में किसानों की प्री-अराइवल ई-पास की व्यवस्था दी गई। मंडी व्यापारियों को मोबाइल ऐप के माध्यम से डिजिटल पेमेन्ट की सुविधा भी मिल रही है। सहजनवां गोरखपुर में इण्टीग्रेटेड पैक हाउस स्वीकृत किया गया है। कृषकों की सहायता हेतु जनपदों में 54 कृषि कल्याण केन्द्र स्थापित हों गये हैं तो विष मुक्त खेती के महत्वपूर्ण लक्ष्य के साथ मिशन प्राकृतिक खेती के अन्तर्गत बुन्देलखण्ड में गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर सरकार का खासा जोर है।

भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रदेश के 75 जनपदों के 202 अधिकारी एवं कृषक मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किये जा रहे हैं जबकि पीएम कुसुम योजना हेतु कृषकों का ऑनलाइन चयन भी किया गया है। रहमान खेड़ा लखनऊ में सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण होने जा रहा है तो उपमण्डी स्थल मलिहाबाद लखनऊ नवीन मण्डी स्थल मिश्रिख सीतापुर एवं भिनगा श्रावस्ती का निर्माण जारी है।गन्ना किसानों को मूल्य भुगतान को लेकर योगी सरकार की सकारात्मक कोशिशों के अच्छे नतीजे हालिया विधानसभा चुनाव परिणाम ने भी सिद्ध किये हैं। गन्ना किसानों को योगी सरकार ने 176639 करोड़ का रिकार्ड भुगतान किया है। इसमें पिछले 100 दिनों में 12530 करोड़ के गन्ना मूल्य का भुगतान शामिल है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट करते फिल्म अभिनेता विवेक ओबेरॉय

# सुविधाओं में इजाफा होने से निवेशकों को भा रहा यूपी

● प्रदेश में शांति का वातावरण है, सख्त कानून व्यवस्था है और सरकार में तेजी से निर्णय लेने की क्षमता है: मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**उप्र** सरकार, एशियन डवलपमेंट बैंक और नीति आयोग द्वारा इन्वेस्ट यूपी के सहयोग से लखनऊ में व्यापक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी योजना का विकास विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में निवेशकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्रदेश में शांति का वातावरण है, सख्त कानून व्यवस्था है। तेजी से निर्णय लेने की क्षमता के साथ पॉलिसी सपोर्ट भी है। औद्योगिक विकास के लिए यूपी सरकार ने हवाई कनेक्टिविटी सुविधाओं को लगातार बढ़ाने का काम किया है जिसके कारण आज प्रदेश में 3 इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं जहां से 77 गंतव्य तक उड़ानें उपलब्ध हैं। आने वाले समय में प्रदेश में पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट होंगे। इसके साथ ही उड़ान स्कीम के तहत पांच और एयरपोर्ट जल्दी ही क्रियाशील होंगे। जिससे बड़े पैमाने पर पब्लिक ट्रांसपोर्ट को हर किसी की पहुंच तक ले जाया जा सकेगा। इन तमाम प्रयासों के फलस्वरूप यूपी ने बड़े पैमाने पर देश और दुनिया भर के निवेशकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार जीरो नेट लक्ष्य प्राप्त करने तथा संपूर्ण राज्य में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन गतिशीलता को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ को पायलट केस के रूप में चुनने के लिए नीति आयोग और एडीबी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यूपी अपार संभावना वाला प्रदेश है। प्रदेश में जिस तरह से तेजी से शहरीकरण, सड़क, वायु, रेल कनेक्टिविटी सुविधाओं, औद्योगिक, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार हो रहा है। ऐसी परिस्थिति में प्रदूषणरहित आधुनिक इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्ट के बिना बेहतर भविष्य की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कार्बन उत्सर्जन को कम करने, क्लीन और ग्रीन सिटी के विकास के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता जताई है। उनकी प्रेरणा से यूपी आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर पर्यावरण की रक्षा के संकल्प को लेकर तेजी से आगे बढ़ रहा है। सस्टेनबल ग्रोथ और ग्रीन मॉबिलिटी को बढ़ावा देने के साथ प्रदेश को हरा भरा प्रदेश बनाने की दिशा में लगातार काम हो रहे हैं। व्यापक स्वच्छता अभियान के साथ हर्बल और ग्रीन पथ विकसित हो रहे हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि ट्रांसपोर्ट सिस्टम की पर्यावरण को प्रदूषित करने में प्रमुख भूमिका है। इसके लिए हमें प्रदूषणरहित स्मार्ट और इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम की तरफ तेजी से आगे बढ़ना है। यूपी सरकार लोगों को ज्यादा से ज्यादा पब्लिक ट्रांसपोर्ट के इस्तेमाल के लिए प्रेरित कर रही है। बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन हो रहा है पांच शहरों में 100 किलोमीटर से अधिक मेट्रो लाइन बनाई जा चुकी है। आने वाले समय में 200 किलोमीटर तक मेट्रो लाइन का विस्तार की योजना पर हम काम कर रहे हैं। हम देश का पहला रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम लेकर आ रहे हैं जिसका इसी साल उदघाटन होना है। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अरविंद कुमार ने राज्य में ई-मोबिलिटी के प्रसार को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश एक व्यापक इलेक्ट्रिक वाहन नीति घोषित करने वाला अग्रणी राज्य है और अब जब राज्य सरकार वर्तमान नीति को अपग्रेड करने की योजना बना रही है।

# अपराधियों पर पूरी तरह से भारी पड़े योगी सरकार के 100 दिन

● 525 मुठभेड़ों में मारे गए पांच अपराधी, गैंगस्टर एक्ट के तहत जब्त की गई 192 करोड़ से अधिक की सम्पत्ति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपराध** नियंत्रण और बेहतर कानून-व्यवस्था को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानने वाले प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की दूसरी पारी के पहले 100 दिन पूरी तरह से क्राइम व क्रिमिनल पर भारी पड़े। चाहे अपराध के काले कारोबार से एकत्र की गई सम्पत्ति पर बुलडोजर चढ़ाने का मामला रहा हो चाहे बदमाशों की गोली का जवाब गोली से देने की चुनौती...योगी सरकार का रिपोर्ट कार्ड इन दोनों ही फ्रंट पर अव्वल रहा। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के 100 दिनों के दौरान पुलिस-प्रशासन का इकबाल पूरी तरह से बुलंदी पर रहा। यूपी के विभिन्न जिलों में इस दौरान पुलिस ने 525 मुठभेड़ों को अंजाम दिया। बीती 25 मार्च से पहली जुलाई के मध्य हुई इन मुठभेड़ों में पांच बदमाश मारे गए जबकि 425 पुलिस की गोलियों को शिकार होकर जख्मी हुए। पुलिस ने इस समयावधि में 1034 अपराधियों को गिरफ्तार किया। बदमाशों की ओर से की गई फायरिंग में इन मुठभेड़ों में 68 पुलिस कर्मी भी घायल हुए हैं। प्रदेश की मेरठ जोन में सर्वाधिक 193 मुठभेड़ हुईं। इसी प्रकार अगर जोन वाइज देखा जाए तो बरेली में 62, आगरा में 55, लखनऊ में 48, लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में छह, वाराणसी में 36, गोरखपुर में 37 और नोएडा पुलिस कमिश्नरेट में 44 एनकाउंटर किए गए। यूपी पुलिस ने इस दौरान माफिया व अपराधियों को चिन्हित करने के काम में भी तेजी दिखाई। इस दौरान प्रदेश स्तर के 50 माफिया चिन्हित किए गए जबकि डीजीपी मुख्यालय स्तर से भी एक दर्जन माफिया को चिन्हित किया गया। इन माफिया के खिलाफ तेजी से कार्रवाई भी की गई। गैंगस्टर एक्ट में 25 मार्च 2022 से जून 2022 तक कुल 192 करोड़ 40 लाख 34 हजार 582 रुपये की संपत्ति जब्त की गई।

## विभाग ने दिखाई सख्ती, बीते माह पकड़ी कई बड़ी बिजली चोरियां

**लखनऊ।** पावर कार्पोरेशन ने बीते एक माह में प्रदेश में कई बड़ी बिजली चोरी पकड़ी है। प्रदेश में जो भी चोरी पकड़ी गई उसमें व्यवसायिक कनेक्शन में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी की जा रही थी जिसमें संबन्धित क्षेत्र के कई अभियंताओं पर भी कार्रवाई की गई है। पुलिस महानिदेशक सतर्कता एसएन साबत के अनुसार प्रदेश में विद्युत चोरी रोककर विद्युत व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए प्रवर्तन दल लगातार प्रयास कर रहा है। इसमें एक महीने (1 जून से 30 जून ) के अन्दर अनेक बड़ी विद्युत चोरी पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप भारी लाइन लॉस वाले क्षेत्रों में विद्युत चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सभी प्रवर्तन दलों को विद्युत चोरी रोकने के लिए सघन अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया गया है। सबसे बड़ी चोरी पर्वतन दल लेसा द्वारा पकड़ी गयी है। मनोज कुमार सिंह कठवारा बीकेटी के परिसर को चेक किया गया तो परिसर में 63 केवीए और 250 केवीए के ट्रांसफार्मर स्थापित था, 63 केवीए ट्रांसफार्मर के एलटी साइड से केबिल डालकर चेंज ओवर के द्वारा डायरेक्ट विद्युत चोरी करते पाये गये। प्रवर्तन दल वाराणसी द्वारा नरेन्द्र सिंह नरोत्तमपुर थाना लंका के आवासीय व्यावसायिक परिसर को चेक किया गया तो उपभोक्ता द्वारा विद्युत चोरी करते पाये जाने पर सम्बन्धित थाना एण्टी पॉवर थेफ्ट वाराणसी पर अभियोग पंजीकृत कराया गया है। प्रवर्तन दल मेरठ देहात द्वारा सत्य प्रकाश ग्राम मीरपुर जखेड़ा के दूध के प्लांट में मीटर से पहले अतिरिक्त केबिल जोड़कर 44 किवा की विद्युत चोरी करते पाया गया। अभियोग पंजीकृत कराया गया। प्रवर्तन दल मेरठ देहात मैसर्स नेचर बैल फ्लोर मिल्स केयर ऑफसविता ग्राम खिवाई थाना मेरठ के फ्लोर मिल्स में पोल से अतिरिक्त केबिल जोड़कर 42 किवा की विद्युत चोरी पकड़ी गयी। अभियोग पंजीकृत कराया गया। इसी तरह गौतमबुद्धनगर में डायमण्ड स्टे नाम के होटल में विद्युत चोरी करते पाये जाने पर अभियोग पंजीकृत कराया गया। बागपत में लक्ष्मी डेयरी फार्म परिसर में बिना स्वीकृत संयोजन के 3 फेस का केबिल डालकर चोरी पकड़ी गयी।

## भाजपा सरकार की उपलब्धियां फरेबी राजनीति का हिस्सा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के सौ दिनों में सत्ता के दुरुपयोग से लोकतंत्र और कमजोर हुआ है। भाजपा सरकार के सौ दिन में मुख्यमंत्री जिन उपलब्धियों को बताया है, वे सब झूठ का पुलिंदा और भाजपा की फरेबी राजनीति का हिस्सा है। भाजपा अपना गोरखधंधा बंद करे। जनता इसकी सच्चाई को समझ चुकी है। भाजपा का झूठ का व्यापार अब नहीं चल सकेगा। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार विद्वेष की भावना से समाजवादी पार्टी व अन्य विपक्षी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न कर रही है। भाजपा सरकार सौ दिनों में विकास के सपने तो खूब दिखाती रही है परन्तु जमीन पर उसकी एक भी योजना नहीं दिखाई दे रही है। भाजपा ने अपने किये गए एक भी वादे को पूरा नहीं किया है। वैसे भी झूठ फरेब की राजनीति का जीवन लम्बा नहीं होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सौ दिन मे प्रदेश की जनता पर जिस तरह का अत्याचार किया है इतिहास में उसकी दूसरी मिसाल नहीं है। किसान और नौजवान आत्महत्या पर विवश है। झांसी में भ्रष्टाचार के कारण किसान और इलाहाबाद में अग्निवीर योजना से क्षुब्ध नौजवान छात्र की आत्महत्याएं भाजपा की अहंकारी और गलत नीतियों के ताजा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अपराधी सत्ता के संरक्षण में अपना अंधाधुंध विकास कर रहे है।

## ग्रामीण परिवेश की छटा से सराबोर रहा जश्न

सरकार के सौ दिन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**योगी** सरकार की दूसरी पारी के पहले सौ दिनों के कामकाज और उपलिब्धों का जश्न ग्रमीण परिवेश की छटा से साराबोर रहा। रंग-बिरंगे पारिधानों तथा फूलों से संजे लोकभवन में आने मेहमानों के स्वगत को परंपरागत नृत्य करती बालिकाएं मौजूद थी। ढोल-नगाड़ों के धुनों के बीच ये बालिकाएं हर आने-जाने वालों की अगवानी कर रहीं थीं।

वैसे तो सीएम योगी को अपने मंत्रियों के साथ सुबह करीब 12 बजे सरकार की उपलब्धियों से पर्दा उठाना था, लेकिन वह आयोजन में कुछ विलंब से पहुंचे। लोकभवन में बाहर से बुलाये गये कलाकारों ने लोकभवन के बाहर सुबह नौ बजे से नृत्य तथा ढोल बजाने का सिलसिला शुरू कर दिया था, जो आयोजन के खत्म होने तक चलता रहा। इस दौरान जब कोई मेहमान आता तो कलाकारों के नृत्य और ढोल बजाने का सिलसिला तेज हो जाता था। विधानसभा के ठीक सामने बने लोकभवन के अन्दर से आती संगीत की आवाजें सड़क से निकलते लोगों को किसी आयोजन का संकेत दे रही थीं। लोकभवन को भी रंग-बिरंगे परिधानों से सजाया गया था। कार्यक्रम में सबसे पहले आने वाले मंत्रियों में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक थे और उनके बाद सरकार के मंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतन्त्र देव सिंह रहे। इसके बाद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और फिर सीएम योगी तथा डिप्टी सीएम केशव मौर्या करीब-करीब साथ-साथ आये। वैसे तो इस कार्यक्रम में सरकार के सभी मंत्रियों तथा विधायकों भी शामिल करने की सरकार की योजना थी, लेकिन किन्ही कारणों से ऐन वक्त पर इसमे बदलाव कर दिया गया और दोनों डिप्टी सीएम तथा सरकार के वरिष्ठ मंत्री सुरेश खन्ना तथा सहयोगी दल से मंत्री अशीष पटेल को ही सीएम की प्रेस कान्फ्रेस में रखा गया।

## वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2022 के तहत वन महोत्सव का शुभारंभ आज

● राज्यपाल लखनऊ में व सीएम चित्रकूट में करेंगे पौधरोपण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार बड़े पैमाने पर 5 जुलाई मंगलवार से वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2022 के वन महोत्सव का शुभारंभ करने जा रही है। इस क्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल लखनऊ स्थित कुकरैल पिकनिक स्पॉट पर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद चित्रकूट में वृक्षारोपण जन आंदोलन 2022 के वन महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर वन मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने बताया कि वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2022 के अन्तर्गत प्रदेश में 35 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य है। मंगलवार 5 जुलाई को मात्र एक दिन में प्रदेश भर में 25 करोड़ वृक्षारोपण होगा। वन मंत्री ने बताया कि के प्रदेश के समस्त जनपदों में वृहद स्तर पर वन महोत्सव समारोह का आयोजन स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं विशिष्ट जनों की उपस्थिति में किया जायेगा। अभियान के तहत पर्यावारण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा 14 करोड़ तथा अन्य 25 विभागों द्वारा 21 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि रोपित पौधों की सुरक्षा एवं सिंचाई व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया जाये। वन मंत्री ने बताया कि 6 जुलाई 2022 को शक्ति वन हेतु चिन्हित स्थलों पर 2.5 करोड, 7 जुलाई को खाद्य वन हेतु चिन्हित स्थलों पर 2.5 करोड़ पौधों का रोपण किया जायेगा। 15 अगस्त 2022 को आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा शहरी निकाय में 'अमृत वन' की स्थापना की जायेगी जिसमें 5 करोड़ पौधो का रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे बनकर तैयार, पीएम करेंगे उद्घाटन

● सरकार ने तेज की तैयारियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** में एक और एक्सप्रेस-वे बनकर तैयार है जिसका उदघाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जुलाई को ग्राम-कैथेरी तहसील उरई जालौन में करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर योगी सरकार ने तैयारियां तेज कर दी है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को भी सरकार के सौ दिन पूरे होने पर कहा कि अगले सप्ताह पीएम मोदी के जरिए बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उदघाटन किया जाएगा लेकिन यूपीडा सूत्रों की मानें तो 12 जुलाई के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही है और संभव है कि यह कार्यक्रम एक दो दिन आगे-पीछे भी हो सकता है। एक्सप्रेस-वे के उदघाटन के मौके पर खासतौर पर बुंदेली संस्कृति को दर्शाया जाएगा।

पहली बार बुंदेली कलाकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंच सजाएंगे। मंच पर बुंदेलखंड की प्रसिद्ध चितेरी चित्रकला उकेरी जाएगी। मोदी बुंदेली नृत्य और प्रदर्शनी भी देखेंगे। इसके लिए प्रशासन 80 लोक कलाकारों को बुलाने की तैयारी में जुट गया है। यह कलाकार झांसी और चित्रकूट धाम मंडल के 7 जिलों से बुलाए जाएंगे। बुंदेलखंड की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल के पास बुंदेली कलाकारों के लिए एक अलग स्थान निर्धारित होगा। जहां वे अपनी कलाओं का प्रदर्शन कर सकेंगे। कार्यक्रम स्थल के पास ही एक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर दीर्घा भी बनाई जाएगी। जहां बुंदेलखंड की सांस्कृतिक धरोहर के प्रदर्शन के लिए छायाचित्र लगाए जाएंगे। इस प्रदर्शनी में झांसी मंडल की प्रसिद्ध इमारतों के साथ-साथ हाल ही में खोजी गई गांव-गांव की गौरव गाथा से संबंधित चित्रों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

बुंदेलखंड की परंपरागत चितेरी चित्रकला के प्रदर्शन के लिए प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल के पास सजावट की जाएगी। लोक कलाकारों को कार्यक्रम में आमंत्रित कर उन्हें भव्य प्रस्तुतियों का अवसर प्रदान किया जाएगा। प्रदर्शनी के लिए अलग-अलग मंच बनाए जाएंगे। सरकार का प्रयास है कि समारोह में कलाकारों को अवसर देने से बुंदेली लोक कलाओं को एक बार फिर जीवंत किया जा सके ताकि कलाकारों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की हरियाली में औषधीय पेड़.पौधे भी नजर आएंगे। लोकार्पण के अवसर पर प्रधानमंत्री यहां खुद 75 औषधीय पौधे लगाएंगे। ऑक्सीजन देने वाले पौधों को प्राथमिकता दी जा रही है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे भरतकूप के पास ग्राम गोंडा चित्रकूट में झांसी-इलाहाबाद राजमार्ग से प्रारंभ होता है और इटावा की तहसील ताखा के ग्राम कुदरैल के पास आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे में मिलता है। इसकी कुल लंबाई 296.07 किमी है। एक्सप्रेस-वे फोर लेन है जिसे छह लेन तक विस्तार दिया जा सकता है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर चित्रकूट से दिल्ली सात घंटे का सफर हरे-भरे पेड़ों की छाया में होगा। 296 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ ग्रीन बेल्ट विकसित की जा रही है। पूरे एक्सप्रेसवे पर 13 लाख 79 हजार पेड़.पौधे लगाने की तैयारी है। हर किलोमीटर पर औसतन 4658 पौधे लगेंगे। केंद्र सरकार के इस ड्रीम प्रोजेक्ट के जरिए बुंदेलखंड में हरियाली भी बढ़ाने की मंशा है। एक्सप्रेसवे को छह पैकेज में बनाया गया है। हर किलोमीटर पर 1998 पौधे लगाए जाएंगे। इनमें पीपल, बरगद, अशोक आदि के पौधे होंगे। एक्सप्रेसवे के बीच में प्रति किलोमीटर 666 फूलदार पौधे लगाए जाएंगे। इनकी ऊंचाई 4 से 5 फीट होगी। इन पौधों से वाहनों की तेज रोशनी दूसरी लेन वाले वाहन पर नहीं पड़ेगी। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बारिश की एक-एक बूंद संरक्षित की जाएगी। बुंदेलखंड में तेजी से गिरते भूजल स्तर के लिए यह खास कदम होगा। एक्सप्रेसवे पर हर 500 मीटर पर वाटर हार्वेस्टिंग के लिए रिवर्स बोरिंग की जा रही है। एक्सप्रेसवे पर बारिश का पानी सीमेंट की नालियों से 15 मीटर लंबे और तीन मीटर चौड़े तथा तीन मीटर गहरी हौज टंकी में जाएगा। यहां से 50-50 फीट गहराई में रिवर्स बोरिंग से पानी भूगर्भ में समा जाएगा। प्रदेश में यह पहला एक्सप्रेसवे है जहां मीडियन के बीच मेटर क्रास बार्डर लगाए गए हैं। इससे अगर किसी एक लेन में कोई हादसा होता है तो दूसरी लेन प्रभावित नहीं होगी और ट्रैफिक चालू रहेगा।

## जनता के जख्मों पर नमक छिड़ककर अपने सौ दिनों का जश्न मना रही सरकार: कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार द्वारा अपने सौ दिनों के पेश किए गए रिपोर्ट कार्ड पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कांग्रेस का कहना है कि भाजपा की योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार जनता के जख्मों पर नमक छिड़ककर अपने सौ दिनों का जश्न मना रही है। उसे जनसरोकार या कल्याण से कोई मतलब नही है। मुख्यमंत्री द्वारा अपने सौ दिनों के कार्यकाल की उपलब्धियों का जो बखान किया है वह झूठे आंकड़ों को पूर्व की भांति नए कपड़े पहनाकर जनता के मध्य प्रस्तुत कर दिया है।

जिसका जमीन पर कोई आधार नही है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के संयोजक व प्रवक्ता अशोक सिंह ने भाजपा सरकार के सौ दिन पूरे होने पर कहा कि आम जनजीवन महंगाई, बेरोजगारी बिजली कटौती से कराह रहा है। कानून व्यवस्था के मामले में सरकार पूरी तरह विफल है। जातीय वर्गीय आधार पर उत्पीड़न के बाद सरकार स्थानीय प्रशासन से इलाके के सोशल एक्टिविस्ट, युवाओं सहित अमनागरिकों से जबरन आधार, पासपोर्ट, शस्त्र लाइसेंस सहित निजी दस्तावेज व फोटो एकत्रित करा उन्हें भयभीत करने पर आमादा है। दलित महिलाओं के उत्पीड़न ने सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं। वहीं अर्थव्यवस्था की मजबूती के दावे का झूठ इस बात से समझा जा सकता है कि एक भी भारी उद्योग नही लगा। बिजली उद्योगों के लिए हैं नहीं, भारी कर्ज में डूबी यह सरकार अर्थव्यवस्था को मजबूत बताकर किसको धोखा देने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि यह सरकार काम मे नही झूट छल उत्पीड़न में विश्वास करती है और जनता के एजेंडे से दूर होकर आरएसएस के एजेंडे पर लगातार तेज सिर्फ झूठ परोसती है। पिछले कार्यकाल की तरह नई सरकार के सौ दिन भी शतप्रतिशत जन भावनाओं के विपरीत शून्य अंक वाले साबित हुए हैं।

ऑल्ट न्यूज के सह संस्थापक है मोहम्मद जुबैर

# चर्चित पत्रकार मो. जुबैर को सीतापुर न्यायालय में किया पेश

● दिल्ली पुलिस ने भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच न्यायालय में मो. जुबैर की कराई पेशी

● मो. जुबैर के विरूद्ध खैराबाद थाने में दर्ज कराया गया है मुकदमा, धार्मिक भावनाओं को भड़काने पर दर्ज हुई है एफआईआर



संवाददाता। सीतापुर

**फैक्ट चेकर** और ऑल्ट न्यूज बेवसाइट के सह संस्थापक मो.जुबैर को दिल्ली पुलिस ने सीतापुर न्यायालय में पेश किया। बज्र वाहन में भारी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच मो. जुबैर को मीडिया कर्मियों से बचाते हुए लाया गया। अपनी खबरों के जरिए भारत में ही नहीं विदेशों तक में तहलका मचाने वाले मो. जुबैर को सीतापुर न्यायालय में किस मामले में लाया गया, इसकी जानकारी जुटाने के लिए पत्रकारों की होड़ जुट गई, पता चला कि दिल्ली पुलिस द्वारा विगत दिनों गिरफ्तार किए गए फैक्ट चेकर ऑल्ट न्यूज के सह संस्थापक मो. जुबैर के विरूद्ध 1 जून 2022 को राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना के जिलाध्यक्ष भगवान शरण ने खैराबाद थाने में एक मुकदमा धारा 295 ए- और 67 के तहत दर्ज कराया था, जिस मामले में मो. जुबैर को न्यायालय में पेश किया गया। अगली पेशी की तिथि 16 जुलाई मुकर्रर की गई है। कोर्ट से वापस लौटते समय मो. जुबैर को जब कैमरे में कैद किया जा रहा था तो उसका अंदाज बालो पर हाथ फेरते हुए मुंह पर मास्क लगाए दिखा। साथ में चल रही दिल्ली पुलिस मीडिया कर्मियों को कैमरे में कैद करने से मना करती नजर आयी। जब कोर्ट परिसर के बाहर खड़े बज्र वाहन को मीडिया कर्मियों ने कैमरे में कैद करना शुरू किया तो बड़ी तेजी से दिल्ली पुलिस बज्र वाहन पर सवार होकर निकल गई।

**मो. जुबैर पर** दर्ज कराए गए मुकदमें में भगवान शरण ने कहा है कि 27 मई 2022 को सोशल मीडिया पर मैने एक ट्वीट्र प्लेटफार्म पर मो. जुबैर द्वारा जिसका ट्वीटर हैंडल पर दोपहर के लगभग हम सबके पवित्र धर्म स्थल आस्था के प्रतीक बड़ी संगत थाना खैराबाद और राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना के राष्ट्रीय संरक्षक महंत बजरंग मुनि को हेट मोनग्रेस (नफरत फैलाने वाले) जैसे शब्दों से सम्बोधित किया, उसी के ट्वीटर पर जुबैर ने हिन्दू यति नरसिम्हा, नर सरस्वती और स्वामी आनंद स्वरूप को भी अपमानित किया। मो. जुबैर से महंत बजरंग मुनि से किसी भी प्रकार की पुरानी रंजिश मुकदमा बाजी नहीं है, इसमें जानबूझकर समाज में विद्धेश फैलाने व मुस्लिम विवाद कराने और हिन्दुओं की धार्मिक भावनाओं पर कुठाराघात सोची-समझी साजिश के तहत किया। इसी मामले में मोहम्मद जुबैर को सीतापुर न्यायालय में पेश कराने दिल्ली पुलिस लायी थी। ऑल्ट न्यूज के सह संस्थापक मोहम्मद जुबैर के करोड़ो फलोवर्स है, वह भाजपा की आईटी सेल और सरकार की न्यूज का फैक्ट चेक करने के लिए खासा चर्चित रहते है। ऐसे में भाजपा के निशाने पर भी रहते है। पिछले दिनों नुपूर शर्मा के मामले में मोहम्मद जुबैर की खबरों से विदेशों तक में तहतलका मचना माना गया है। खैराबाद के महंत बजरंग मुनिदास के हेट स्पीच मामले में जो कार्रवाई हुई उसके पीछे भी मोहम्मद जुबैर को माना जा रहा है, धार्मिक भावनाएं भड़काने के 2018 के मामले में पिछले दिनों दिल्ली पुलिस ने मोहम्मद जुबैर को गिरफ्तार किया था, जिसका लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, पचिश्म बंगाल की ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल समेत तमाम विपक्षी नेताओं ने मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा किया था। पत्रकार मोहम्मद जुबैर को लेकर पत्रकार संगठनों ने भी विरोध दर्ज कराया है, इन दिनो मोहम्मद जुबैर नई बहस का मुद्दा बने हुए है। फिलहाल मामला न्यायालय में है, न्यायालय से निर्णय क्या आता है इस पर सबकी नजरें लगी हुई है।

## न्याय न पाने को लेकर महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

### डीएम कार्यालय के सामने छिड़का पेट्रोल, होमगार्ड ने छिन ली माचिस



संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** संदना थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने आज उस समय जिलाधिकारी कार्यालय के सामने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया जब उसको कहीं से न्याय नहीं मिल पाया, पीड़िता थाना संदना की रहने वाली है, जिसने तीन लोगो पर बलात्कार करने का आरोप लगाया है, पीड़िता का कहना है थाने में तहरीर देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है और एसपी, आईजीआरएस पर भी शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है, जिसके चलते उसने डीएम कार्यालय में अपने ऊपर पेट्रोल डालकर मर जाने की कोशिश की है, लेकिन मौजूद होमगार्ड अजीत कुमार पांडेय ने उसका हाथ पकड़ लिया और माचिस छीन ली, जिसके बाद जिलाधिकारी ने अपने कैंपस में बुलाकर महिला की बात सुनी और आश्वासन भी दिया। मामला यह 26 तारीख बताया जा रहा है जब महिला रात करीब 9 बजे शौच के लिए जा रही थी उसी दौरान इन लोगो ने उसको पकड़ लिया था और ब्लातकार करने की बात कही है।

## बदमाशों ने फेरीवाले को घेर कर लूटा

**बरेली** । रात के समय फेरी लगाकर नमकीन और बिस्कुट बेच कर घर लौट रहे फेरी वाले को रास्ते में ही बदमाशों ने रोक लिया और हजारों की रकम लूट ली घटना की शिकायत पुलिस से कर दी पुलिस ने बदमाशों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी ।मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव सिंधौली निवासी अमित गुप्ता को बीती रात लगभग 10 बजे मीरगंज के गांव कपूरपुर में बदमाशों ने रास्ते में रोककर 10500 रुपए लूट लिए पुलिस से शिकायत करते हुए अमित गुप्ता ने बताया कि वह फेरी लगाकर नमकीन और बिस्कुट भेजता है कल रात लगभग 10 बजे वह फेरी लगाने के बाद अपने घर वापस लौट रहा था लेकिन रास्ते में ही कपूरपुर गांव में कुछ बदमाशों ने उसे रोक लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए उसकी जेब में रखे 10500 रुपए लूट लिए और फरार हो गए घटना के बाद अमित गुप्ता ने पुलिस से शिकायत की मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर बदमाशों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।

बच्चों ने नृत्य कर मोहा मन......

## तिरूपति महोत्सव में जादू देख अचंभित हुए दर्शक

● जादूगर मंसूर ने किया जादू का प्रदर्शन

● गायन में विद्या, स्वर्णिमा, यशी आराध्या ने मचाई धूम



संवाददाता। सीतापुर

**तिरूपति महोत्सव** में स्थानीय कलाकार अपना जलवा बिखेर रहे है, खासकर बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने महोत्सव को काफी ऊंचाईयों पर लाकर खड़ा कर दिया है। महोत्सव के रंग मंच पर रविवार की रात जादूगर मंसूर ने काला जादू का प्रदर्शन कर दर्शकों को हैरत में डाल दिया। मंसूर ने जादू के जरिए कई जागरूकता परख संदेश भी दिए, इसके अलावा बच्चों की सिंगिंग और डांससिग प्रतियोगिता भी कराई गई। प्रतियोगिता में डांस सीनियर कैटेगरी में आकाश सुधाकर सिद्धि पाठक प्रशांत यादव शमी लक्ष्मी और जूनियर वर्ग में अलीना गुप्ता स्वर्णिमा ईशानी केतकी हर्षिता अल्पना ईदिता अहम कुमार ने बेहतर प्रदर्शन किया। इसी तरह सिंगिंग जूनियर में विद्या आशीर्वाद सिंह स्वर्णिमा यशी चौरसिया आराध्या गुप्ता और सिंगिंग सीनियर में मधुलिका सिंह सूरज प्रिया तिवारी कृष्ण महेश शुक्ला अंबुज मिश्रा बबीता गुप्ता प्रीति सिंह मुस्कान बाजपेई रेनू पाल विजय कुमार आराधना सिंह ने जलवा बिखेरा। बता दें कि सीतापुर की ग्राम ककरहा में आयोजित तिरूपति महोत्सव का शुभारंभ 25 जून को हुआ था, जिसका समापन 11 जुलाई को होगा। आयोजक संदीप अग्निहोत्री ने बताया कि बच्चों की प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम 7 जुलाई को रखा गया है। इस मौके पर अध्यक्ष गोपाल टण्डन, महामंत्री मुकेश अग्रवाल, आयोजक तिरूपति बालाजी गिरीश मिश्रा, मनीष मिश्रा, विजय बंसल आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### बैंको में चलाया शहर कोतवाल ने चेकिंग अभियान

उपभोक्ताओं को दिलाया सुरक्षा का एहसास



**सीतापुर।** आज सोमवार है जिसको लेकर बैंको में काफी भीड़ उमड़ती है, जिसकी सुरक्षा की दृष्टि से आज एसपी सुशील चन्द्रभान के निर्देश पर चेकिंग अभियान चलाया गया है जिसमें शहर कोतवाल टीपी सिंह, सिविल लाइन चौकी इंचार्ज सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा और बैंको में आने वाले उपभोक्ताओं से भी पूछताछ की, और संदग्धि व्यक्तियों से भी बैंक परिसर में मौजूद होने की बात पूंछी, फिलहाल आपको बता दें कि शहर की मुख्य शाखा एसबीआई, बैंक आफबडौदा, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक सहित शहर की कई ब्रांचो में जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। शहर कोतवाल से जब इस सम्बंध में जानकारी की गई तो उन्होंने कहा कि एक तारीख तक सभी की सैलरी बैंको में आ जाती है, जिसे निकालने के लिए काफी भीड़ उमड़ती है, ऐसे में कोई अनहोनी न होने पाए इसी को लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है और आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया जा रहा है।

सिधौली-अटरिया कस्बे में पुलिस ने किया गष्त

### अग्निपथ योजना को लेकर व्यापारियों, नागरिकों को किया जागरूक

**सिधौली सीतापुर।** भारी पुलिस बल के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने सड़को पर चहलकदमी की तो आसपास मौजूद लोग तरह तरह के कयास लगाने लगे, सोमवार की शाम कुछ ऐसा ही नजारा नगर सिधौली और कस्बा अटरिया में दिखा, दरअसल अग्निपथ योजना को लेकर जारी विरोध के बीच नागरिको को सुरक्षा का एहसास कराया गया। उपजिलाधिकारी सिधौली अजय कुमार और सीओ सिधौली यादवेन्द्र यादव ने नगर सिधौली में हाइवे सहित प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल के साथ भ्रमण किया, इस दौरान व्यापारियों और आम नागरिको से बातचीत भी की, भारी पुलिस बल सड़क पर गश्त करते नजर आयी और कोई प्रदर्शन न होने पाए इसके लिए भी लोगो को जागरूक किया। नगर भ्रमण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सिधौली आलोक मणि त्रिपाठी, अटरिया एसओ मुकेश वर्मा सहित तमाम पुलिस बल मौजूद रहा।

### ट्रक की चपेट में आकर महिला की मौत

**बरेली** । बेटे के साथ मोटरसाइकिल पर बेटी से मिलने के लिए उसके घर जा रही एक महिला की रास्ते में ही सड़क दुर्घटना में मौत हो गई । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।रामपुर के बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव खजुरिया निवासी 50 वर्षीय सहाना पत्नी मोहम्मद हनीफकि कल शाम बहेड़ी थाना इलाके में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के घर वालों ने बताया कि सहाना कल अपने बेटे अजीम के साथ उसकी मोटरसाइकिल पर भोजीपुरा निवासी अपनी बेटी अफसाना से मिलने के लिए उसके घर जा रही थी लेकिन रास्ते में जब उनकी बाइक बहेड़ी इलाके में पहुंची तभी अचानक पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी सहना मोटरसाइकिल से नीचे गिर पड़ी और ट्रक की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई दुर्घटना के बाद उसके साथ चल रहे बेटे ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी मृतका 7 बच्चों की मां थी दुर्घटना में बाइक चला रहे उसके बेटे अजीम को मामूली चोट आई ।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बरेली।** पति से हुए विवाद के बाद एक महिला ने फांसी लगा ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी ।फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव जेड निवासी शकील अहमद की 35 वर्षीय पत्नी रुखसार ने बीती रात घर में ही खपरैल की बल्ली से दुपट्टा बांध कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के भाई अमीर हसन ने बताया कि उसके पिता मेहंदी हसन में लगभग 10 वर्ष पूर्व रुखसार का विवाह राज मिस्त्री शकील से किया था जो अपनी पत्नी रुखसार पर शक करता था कल शाम को शकील में पत्नी के मोबाइल नंबर की जांच की और एक नंबर को लेकर उसका पत्नी से विवाद हो गया शकील ने पत्नी रुखसार की जमकर पिटाई कर दी जिससे वह गुस्से में आ गई और रात में जब घर के लोग और पति घर के आंगन में लगे बिस्तर पर सो गए तब रुखसार नें आत्महत्या करने का फैसला कर लिया उसने रात में किसी समय फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सुबह होने पर पति शकील ने उसकी लाश को फांसी पर लटके देखा और गांव में ही रहने वाले उसके मायके वालों को सूचना दे दी जो मौके पर पहुंचे उन्होंने किसी पर भी आरोप लगाने से इनकार किया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी मृतका तीन बच्चों की मां थी ।

## चोरी की चार बाइक सहित दो आटोलिफ्टर गिरफ्तार




**लखीमपुर खीरी।** थाना निघासन पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए चोरी की 04 मोटरसाइकिल सहित 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत निघासन पुलिस टीम द्वारा रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर भिन्न-भिन्न जगह से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों साबिर पुत्र बाबू निवासी बाजपुर बनकटी गुलरा थाना सुजौली जनपद बहराइच व सोनू उर्फ रमजान पुत्र मुश्ताक निवासी नवापुरवा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच को बाग के पास वहद ग्राम ढखेरवा से गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से अलग अलग जगह से चोरी की चार मोटरसाइकिल बरामद हुई है। अभियुक्तगण द्वारा चोरी की मोटरसाइकिलों की नंबर प्लेट को बदल बदल कर बेचने के उद्देश्य से अपने कब्जे में रखते थे। जिससे मोटरसाइकिलों के रजिस्ट्रेशन नंबर व चेचित नंबर का मिलान करने पर भिन्न भिन्न पाया गया है। गिरोह के अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी है। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में

उप निरीक्षक ओमप्रकाश सरोज कोतवाली निघासन, उप निरीक्षक हिमांशू आनन्द सिंह, हेड कांस्टेबल अबरार हुसैन, हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र सिंह, कांस्टेबल छत्रपाल सिंह, कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल आलोक कुमार, कांस्टेबल संदीप कुमार तिवारी शामिल रहे।

## एकमुश्त शास्ति समाधान योजना शुरू

**लखीमपुर खीरी।** एआरटीओ आलोक कुमार सिंह ने बताया कि अपर परिवहन आयुक्त (राजस्व),उप्र लखनऊ एवं उप्र शासन, परिवहन अनुभाग की अधिसूचना द्वारा 'एक मुश्त शास्ति समाधान योजना' 01 अप्रैल को या उसके पूर्व पंजीकृत एवं बकाया कर से आच्छादित परिवहन यानों पर देय शास्ति से शत-प्रतिशत छूट प्रदान की गई है। एकमुश्त शास्ति (पेनाल्टी) समाधान योजना-2022 के तहत 01 अप्रैल को या उसके पूर्व पंजीकृत व्यवसायिक वाहनों (परिवहन यान) के कर पर देय शास्ति (पेनाल्टी) में शत-प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। योजना का लाभ उठाने हेतु 26 जुलाई तक आवेदन प्रस्तुत करें। जनपद के सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों को एआरटीओ ने सूचित करते हुए बताया कि यदि उनका वाहन उक्तानुसार बकाया कर से आच्छादित हैं, तो ऐसे वाहन स्वामी अविलम्ब कार्यालय के काउन्टर नम्बर 01 पर सम्पर्क कर एक मुश्त शास्ति समाधान योजना के अन्तर्गत देय शास्ति से शत-प्रतिशत छूट प्राप्त कर सकतें है।

## भेंट किए गए चिकित्सा उपकरणों का निरीक्षण करने पहुंचे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और सदर विधायक



**लखीमपुर खीरी।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी और सदर विधायक योगेश वर्मा ने पावर ग्रिड कारपोरेशन इंडिया लिमिटेड की सीएसआर फंड के माध्यम से जिला महिला चिकित्सालय को भेंट किए गए 25 लाख के चिकित्सा उपकरणों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला महिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. ज्योति मेहरोत्रा, एसीएमओ डॉ. अश्विनी कुमार, एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, एसीएमओ डॉ. बीसी पंत मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी और सदर विधायक योगेश वर्मा ने सबसे पहले मेटरनिटी वार्ड 2 में पड़े हुए बेड और गद्दों के साथ उपकरणों का निरीक्षण किया। जिसके बाद मरीजों के बैठने की उचित व्यवस्था के लिए दी गई बैंचो सहित गंभीर नवजात शिशु वार्ड में पहुंचे। जहां जीरो से 9 माह के नवजात शिशु की देखभाल हेतु दी गई मशीनों( रेडिएंट वार्मर) को उन्होंने देखा। इसके बाद कंगारू मदर केयर वार्ड पहुंचे जहां माताएं अपने नवजात शिशुओं को दूध पिला सकती हैं यह पूरी तरह से वातानुकूलित वार्ड है। इसके बाद मेडिकल कॉलेज के भांति जिला अस्पताल को भी ओटी टेबल दी गई है जिसका उन्होंने निरीक्षण किया। साथ ही स्ट्रेचर, डिलीवरी टेबल सहित अन्य उपकरणों को उन्होंने देखा।

इस दौरान मंत्री ने कहा कि पीएम और सीएम स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इन सभी उपकरणों का लाभ सीधे तौर पर खीरी की जनता को मिलेगा।

सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बेहद गंभीर है और यही कारण है कि आज प्रदेश के कई जिलों सहित लखीमपुर खीरी में भी मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हो रहा है। एमसीएच विंग 200 शैय्या चिकित्सालय और जिला महिला चिकित्सालय को सुदृढ़ बनाने के लिए और जो भी आवश्यकताएं होंगी उसे उनके माध्यम से पूरा कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि कोरोना से निपटने की तैयारियां पूरी हैं। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि संजय सिंह, प्रवक्ता अम्बरीष सिंह, जितेंद्र त्रिपाठी, अनूप मिश्रा, विजेंद्र शुक्ला, हिमांशु पुरी, नितिन वर्मा, सौरभ शुक्ला सहित पावर ग्रिड शाहजहांपुर के डीजीएम अभिषेक सिंह, स्वास्थ्य विभाग मीडिया सेल प्रभारी देवनंदन श्रीवास्तव व जिला महिला चिकित्सालय से वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. पुष्पालता, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ब्रजमोहन, कनिष्ठ सहायक अंकित निषाद, फार्मासिस्ट लोकेश सिंह, हेल्प डेस्क मैनेजर सुष्मिता वर्मा, शिप्रा वर्मा, वेद प्रकाश, विकास वर्मा व अन्य सहयोगी स्टाफ उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष

### होटल-रेस्तरां नहीं ले...

सीसीपीए को ई-मेल के जरिए भी शिकायत भेजी जा सकती है। सीसीपीए ने अपने दिशानिर्देशों में कहा कि टिप उपभोक्ता और होटल प्रबंधन के बीच अनुबंधित बुनियादी न्यूनतम सेवा से परे प्राप्त सेवा के लिए है। भोजन पूरा करने के बाद ही उपभोक्ता गुणवत्ता के साथ सेवा का आकलन करने के पश्चात यह तय करने की स्थिति में होता है कि टिप का भुगतान करना है या नहीं और यदि हां, तो कितना। उपभोक्ता द्वारा टिप का भुगतान करने का निर्णय केवल रेस्तरां में प्रवेश करने या ऑर्डर देने से नहीं होता है। सीसीपीए का गठन ग्राहक अधिकारों के उल्लंघन, अनुचित व्यापार गतिविधियों और गुमराह करने वाले विज्ञापनों से संबंधित मामलों के निपटान को लेकर उपभोक्ता संरक्षण कानून, 2019 के तहत किया गया है।

### विधायकों के वेतन-भत्तों ...

प्रतिभाशाली लोगों को राजनीति में आने के वास्ते प्रेरित करने के लिए पारितोषक हो। कॉरपोरेट को तनख्वाह की वजह से अच्छे लोग मिलते हैं। भाजपा विधायक एवं विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने भी इस वेतन वृद्धि का समर्थन किया। दिल्ली में विधायक को वेतन एवं भत्ते के तौर पर 54,000 रूपए प्रति माह मिलते हैं जो राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद बढ़कर 90,000 रूपए प्रति माह हो जाएंगे। आंकड़े के अनुसार एक विधायक को फिलहाल 12,000 रूपए प्रतिमाह वेतन मिलता है जो राष्ट्रपति से विधेयक को मंजूरी मिलने पर बढ़कर 30,000 हो जाएगा। निर्वाचन भत्ता 18,000 रूपए से बढ़कर 25,000 रूपए हो जाएग तथा वाहन भत्ता 6,000 रूपए से बढ़कर 10,000 रूपए हो जाएगा। इसी प्रकार टेलीफोन भत्ता अब 8,000 रूपए की जगह 10,000 रूपए मिलेगा तथा सचिवालय भत्ता 10000 रूपए से बढ़कर 15000 रूपए हो जाएगा।

### द्रमुक नेता ए राजा की...

नहीं किया जाए और राज्य को स्वायत्तता दी जाए। राजा की टिप्पणी पर सोशल मीडिया में तीखी आलोचना हो रही है। कई लोगों ने अलगाववादी टिप्पणी के लिए उन पर निशाना साधा, जबकि अन्य ने उनका समर्थन किया। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि ने कहा कि स्वतंत्र देश की मांग संबंधी बयान दर्शाता है कि क्षेत्रीय पार्टी ने यह मान लिया है कि उसकी द्रविड़ राजनीति विफल हो चुकी है। तमिलनाडु के लिए भाजपा के प्रभारी रवि ने कहा कि राज्य में भाजपा के विकास ने सत्तारूढ़ द्रमुक पर दबाव बढ़ा दिया है।

### सिद्धू मूसेवाला की हत्या में...

इस गैंग को प्रियव्रत उर्फ फौजी लीड कर रहा था। आरोपियों को 14 दिन की पुलिस हिरासत में लिया गया था। इसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छानबीन के बाद पुलिस टीम को पता चला कि इस गैंग में अंकित नामक शूटर शामिल था। उसने सबसे ज्यादा गोलियां सिद्धू मूसेवाला के करीब जाकर चलाई थी। वह दोनों हाथ में दो पिस्तौल लेकर गोलियां चला रहा था। इसके साथ ही पुलिस मामले में अभी तक पांच लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। अंकित और सचिन भिवानी को रविवार रात गिरफ्तार किया। दोनों ही लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गिरोह के वांछित अपराधी हैं। धालीवाल के अनुसार मामले में शुरुआती गिरफ्तारियों के बाद कई टीम उन्हें रसद सहायता, हथियार और छिपने के ठिकाने मुहैया कराने में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर काम कर रही थी। उनकी टीम ने मध्य प्रदेश, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात और दिल्ली में छापेमारी की। रविवार को रात 11 बजे के आसपास विशेष शाखा ने मूसेवाला को करीब से गोली मारने वाले अंकित को गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ सचिन भिवानी को भी पकड़ लिया गया। अंकित हरियाणा के सेरसा गांव का रहने वाला है और राजस्थान में उसके खिलाफ हत्या की कोशिश के आरोप में दो मामले दर्ज हैं। अंकित और भिवानी के पास से 9 एमएम की एक पिस्तौल और उसके 10 कारतूस, 30 एमएम की एक पिस्तौल और उसके नौ कारतूस, पंजाब पुलिस की तीन वर्दी, दो मोबाइल फोन, एक डोंगल और सिम कार्ड बरामद किया गया है। मूसेवाला की हत्या के मामले में पिछले महीने विशेष प्रकोष्ठ ने दो शूटर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। इनकी पहचान हरियाणा के सोनीपत जिले के निवासी प्रियव्रत उर्फ फौजी (26), झज्जर जिले के रहने वाले कशिश और पंजाब के बठिंडा निवासी केशव कुमार (29) के तौर पर हुई है। गौरतलब है कि लोकप्रिय पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की पंजाब के मानसा जिले में 29 मई को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### स्वतंत्रता संग्राम का...

उन्होंने देश को औपनिवेशिक शासन से मुक्त कराने के लिए संघर्ष करने वालों को भावभीनी श्रद्धांजलि भी दी। मोदी ने कहा, स्वतंत्रता संग्राम केवल कुछ वर्षों, कुछेक क्षेत्रों या कुछ लोगों का इतिहास नहीं है। यह देश के हर नुक्कड़ और हर कोने का इतिहास है, यह सभी कोनों के लोगों के बलिदान और शहादत का इतिहास है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम भारत की विविधता और संस्कृति को भी दर्शाता है। मोदी ने अंग्रेजों के खिलाफ अल्लूरी के युद्ध घोष दम है तो मुझे रोक लो को याद करते हुए कहा कि देश के लोग कई चुनौतियों और कठिनाइयों का बहादुरी से सामना करते हुए उन्हीं की तरह दम है तो हमें रोक लो के नारे का इस्तेमाल कर रहे हैं। मोदी ने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि अल्लूरी सीताराम राजू से मिली प्रेरणा देश को अनंत उंचाइयों पर ले जाएगी। उन्होंने कहा, अब नए विचार और नई संभावनाएं हैं। युवा अब अपने कंधों पर जिम्मेदारी लेकर देश को आगे ले जा रहे हैं। मन्यम वीरुडु (वन नायक) के नाम से लोकप्रिय अल्लूरी को श्रद्धांजलि देते हुए मोदी ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी एक भारत, श्रेष्ठ भारत का प्रतीक थे। उन्होंने कहा, जन्म से लेकर शहादत तक अल्लूरी सीताराम राजू की जीवन यात्रा हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने आदिवासियों के अधिकारों और देश की आजादी के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। मोदी ने कहा कि देश स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के साथ ही अल्लूरी सीताराम राजू की 125वीं जयंती भी मना रहा है और संयोग से, इस वर्ष उस रम्पा विद्रोह की शताब्दी भी है, जिसका नेतृत्व अल्लूरी ने 1922 में किया था। उन्होंने कहा कि अल्लूरी की 125वीं जयंती और राम्पा विद्रोह की शताब्दी वर्षभर मनाई जाएगी। मोदी ने कहा, अल्लूरी की जन्मस्थली पंडरंगी गांव और जिस चिंतापल्ली पुलिस थाने पर उन्होंने सबसे पहले हमला किया था, उसका नवीकरण तथा मोगल्लु गांव में अल्लूरी ध्यान मंदिर का निर्माण हमारी भावनाओं का प्रतीक है। अल्लूरी और अन्य आदिवासी योद्धाओं के लिए लंबासिंगी में एक संग्रहालय बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश राष्ट्रीय ध्वज का डिजाइन तैयार करने वाले पिंगली वेंकैया, कन्नेगंती हनुमन्थु, कंदुकुरी वीरसलिंगम, पोट्टी श्रीरामुलु और उय्यालवाड़ा नरसिम्हा रेड्डी जैसे देशभक्तों और महान हस्तियों की भूमि है। उन्होंने कहा कि इस भूमि की विरासत प्रेरणादाई है। मोदी ने आदिवासी कल्याण का जिक्र करते हुए कहा कि आदिवासी गौरव और विरासत को दर्शाने के लिए आजादी के बाद पहली बार आदिवासी संग्रहालयों की स्थापना की जा रही है।

### प्रधानमंत्री की सुरक्षा में बड़ी...

प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए हवाई अड्डे पर करीब 800 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को प्रधानमंत्री की राज्य की यात्रा के दौरान आंध्र प्रदेश को विशेष दर्जा देने समेत कई वादे तोड़ने को लेकर विरोध प्रदर्शन आयोजित करने की अपील की थी। प्रधानमंत्री स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीताराम राजू की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए आंध्र प्रदेश आए थे। कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता गणवरम में स्थित हवाई अड्डे से काफी दूर एक गांव में निर्माणाधीन इमारत पर चढ़ गए और वहां से हाइड्रोजन से भरे काले गुब्बारे छोड़े। कांग्रेस ने एक वीडियो साझा किया जिसमें गणवरम से एमआई-17एस हेलीकॉप्टर के गांव के ऊपर से गुजरते समय काले गुब्बारे हवा में उड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### किसानों को प्राकृतिक खेती...

अधिकारियों के अनुसार, आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 75 स्थानों पर इस प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञात हो कि दिसम्बर 2019 में आयोजित राष्ट्रीय गंगा परिषद (एनजीसी) की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नमामि गंगे के तहत गंगा नदी के कायाकल्प के साथ इसके तटीय क्षेत्रों के लोगों के आर्थिक विकास के लिए 'अर्थ गंगा' की परिकल्पना पर चर्चा की थी। एनएमसीजी ने पिछले महीने जल और ऊर्जा बचत पर प्राकृतिक कृषि पद्धतियों का मूल्यांकन विषय पर एक परियोजना को मंजूरी दी है। इसका मुख्य उद्देश्य, मिट्टी की उर्वरता, फसल उत्पादकता और समग्र लाभप्रदता पर प्राकृतिक कृषि पद्धतियों के प्रभाव का आकलन करना है। एनएमसीजी के अधिकारी ने बताया कि गंगा नदी के तट पर पर्यटन सर्किट के विकास की भी योजना है और इस बारे में पर्यटन विभाग के महानिदेशक के साथ कई बैठकें हुई हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा भारतीय जलमार्ग प्राधिकार के साथ भी चर्चा हुई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत नदी तट पर रिवर क्रूज की परिकल्पना है।

# कर्नाटक में पुलिस उप-निरीक्षक भर्ती घोटाले में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी गिरफ्तार

**भाषा।** बेंगलुरु

**पुलिस उपनिरीक्षक** (पीएसआई) भर्ती घोटाला प्रकरण के सिलसिले में कर्नाटक अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने सोमवार को अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजीपी) रैंक के एक अधिकारी को गिरफ्तार किया। उच्च पदस्थ पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस साल अप्रैल में जब घोटाला सामने आया था तब गिरफ्तार अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अमृत पॉल भर्ती प्रकोष्ठ के प्रमुख थे। इसके बाद बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आने के बाद वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी का तबादला एडीजीपी, आंतरिक सुरक्षा प्रभाग के पद पर कर दिया गया था।

उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, भर्ती विभाग में ही फर्ज़ी अभ्यर्थियों की अंक सूची से कथित तौर पर छेड़छाड़ की गई थी। सूत्रों ने दावा किया कि पॉल कथित तौर पर घटनाओं के बारे में जानते थे। सूत्रों ने कहा कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को पुलिस ने कम से कम चार बार पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा गिरफ्तारी के बाद उन्हें स्वास्थ्य जांच के लिए बॉरिंग एंड लेडी कर्जन अस्पताल (एबी वाजपेई एमसी एंड आरआई) ले जाया गया। यह घोटाला सबसे पहले कालबुरागी जिले में सामने आया, जब एक उम्मीदवार की ओएमआर शीट सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई, जिसमें दिखाया गया था कि 100 में से केवल 21 प्रश्नों का उत्तर देने के बावजूद उसने परीक्षा पास की थी। इससे परीक्षा आयोजित करने के तरीके के खिलाफ लोगों में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने मामले की जांच की और उम्मीदवार और इसे सोशल मीडिया पर डालने वाले व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया। उक्त मामले की जांच के संबंध में, एक फरार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता और कालबुरागी में ज्ञान ज्योति इंग्लिश मीडियम स्कूल के मालिक, दिव्या हागरागी, कॉलेज के प्रिंसिपल काशीनाथ और अन्य कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।

पुलिस उपाधीक्षक, निरीक्षक, उप निरीक्षक, कांस्टेबल और एक विधायक के बंदूकधारी सहित कुछ पुलिस अधिकारियों को भी गिरफ्तार किया गया। यह भी आरोप है कि इस मामले में मल्लेश्वरम के एक अभ्यर्थी को भी गिरफ्तार किया गया था, जो कथित तौर पर एक वरिष्ठ राजनेता का रिश्तेदार था।सूत्रों ने बताया कि इस सिलसिले में अब तक 40 चयनित उम्मीदवारों, एजेंटों, परीक्षा केंद्र के कर्मचारियों और पुलिस कर्मियों सहित लगभग 70 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।घोटाले के संदिग्ध उम्मीदवारों ने कथित तौर पर नौकरी पाने के लिए प्रत्एक ने 70 लाख रुपए का भुगतान किया था। उल्लेखनीय है कि 545 पदों को भरने के लिए पुलिस-उप-निरीक्षक भर्ती अभियान अक्टूबर 2021 में शुरू हुआ था।

घोटाला सामने आने के बाद सरकार ने पुलिस-उप-निरीक्षक भर्ती परीक्षा को रद्द करते हुए नए सिरे से परीक्षा कराने का आदेश दिया था। इस कदम से नाराज़ कुछ उम्मीदवारों ने परीक्षा रद्द करने के आदेश को रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। हालांकि, सरकार अडिग रही और कहा कि वह बाद में नए सिरे से परीक्षा आयोजित कराएगी जबकि विपक्ष ने सरकार में हाई-प्रोफाइल लोगों की संलिप्तता का आरोप लगाया। इस पर गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने कहा था कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी।

## बेटी की ऑनर किलिंग के मामले में पूर्व विधायक गिरफ्तार

**भाषा।** पटना

**बिहार के** एक पूर्व विधायक को अपनी बेटी को मारने के लिए भाड़े के हत्यारों को काम पर रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पटना नगर (पूर्व) पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के अनुसार पूर्व विधायक सुरेंद्र शर्मा को रविवार को उन अपराधियों द्वारा किए गए खुलासे के बाद गिरफ्तार किया गया था जिन्हें उन्होंने ऑनर किलिंग के लिए 20 लाख रुपए का भुगतान किया था। पुलिस ने बताया कि पूर्व विधायक अपनी बेटी के दूसरी जाति के व्यक्ति से शादी करने को लेकर खुश नहीं थे।

कुमार ने कहा, एक-दो जुलाई की दरमियानी रात को पूर्व विधायक की बेटी को श्रीकृष्णापुरी थाना क्षेत्र में जान से मारने का प्रयास किया गया। महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि अज्ञात लोगों ने उस पर गोली चलाई है। लक्ष्य से चूकने के बाद हमलावर मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गए। शनिवार को सघन तलाशी अभियान चलाया गया। गिरोह के सरगना अभिषेक उर्फ छोटे सरकार को उसके दो साथियों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। अभिषेक ने पुलिस को शर्मा के बारे में बताया जिन्होंने 1990 के दशक में अपने पैतृक जिले सारण से विधानसभा का कार्यकाल पूरा किया था। निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ चुके शर्मा के बारे में कहा जाता है कि उनका आपराधिक इतिहास रहा है। वह वर्तमान में किस पार्टी से जुड़े हैं यह पता नहीं चल पाया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अभिषेक और उसके सहयोगियों के पास से तीन देशी पिस्तौल, कई कारतूस और बिना नंबर प्लेट वाली एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

## औरंगाबाद, उस्मानाबाद का नाम बदलने के विरोध पर धमकी भरे फोन आए: सपा विधायक का सहयोगी

**मुंबई।** समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आसिम आज़मी के निजी सहायक ने पुलिस से संपर्क कर दावा किया कि उन्हें औरंगाबाद और उस्मानाबाद का नाम क्रमश: संभाजीनगर और धाराशिव करने का विरोध करने की बात पर धमकी भरे फोन आए थे। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उद्धव ठाकरे द्वारा 29 जून को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में इस्तीफा देने से कुछ घंटे पहले, महा विकास आघाड़ी सरकार के मंत्रिमंडल ने औरंगाबाद का नाम संभाजीनगर और उस्मानाबाद का नाम बदलकर धाराशिव करने को मंजूरी दी थी।

अधिकारी ने कहा कि आज़मी के निजी सहायक कमल हुसैन ने कहा है कि उन्हें इस मुद्दे पर अज्ञात नंबरों से फोन आए थे। फोन करने वाले शख्स ने नाम बदलने का विरोध करने पर विधायक को जान से मारने की धमकी दी। आजमी के पीए कमाल हुसैन ने दावा किया कि उन्हें इस मुद्दे पर अज्ञात नंबरों से फोन आए और फोन करने वाले ने शहरों का नाम बदलने का विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। अधिकारी ने सोमवार को कहा, फोन करने वाला व्यक्ति आज़मी से बात करना चाहता था लेकिन हुसैन ने हमें बताया कि उसने विधायक को फोन देने से इनकार कर दिया। फोन करने वाले ने कहा कि आजमी को विधानसभा में नाम बदलने के मुद्दे पर नहीं बोलना चाहिए, जिसका रविवार और सोमवार को दो दिवसीय विशेष सत्र था। हुसैन ने कहा कि उनकी शिकायत के संबंध में कोलाबा पुलिस ने उनका बयान दर्ज किया है।



सूरत के फार्म में मोर को दाना खिलाता एक बच्चा

## द्रमुक की द्रविड़ियन राजनीति लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने में विफल रही है: भाजपा

**भाषा।** बेंगलुरु



**तमिलनाडु को** एक स्वतंत्र देश बनाने की मांग संबंधी द्रमुक नेता के बयान को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि ने सोमवार को क्षेत्रीय पार्टी की द्रविड़ राजनीति की विफलता की स्वीकारोक्ति करार दिया। जे पी नड्डा की अगुवाई वाली भारतीय जनता पार्टी पार्टी के तमिलनाडु प्रदेश प्रभारी रवि ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता ने वहां सत्तारूढ़ द्रमुक की बेचैनी बढा दी है। द्रमुक नेता ए राजा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से राज्य स्वायत्तता देने और स्वतंत्र देश की मांग के लिए मजबूर नहीं करने का आग्रह किया था। रवि ने कहा, पांच दशक तक राजनीति करने के बाद अगर वे (द्रमुक) तमिलनाडु में ऐसी बाते कर रहे हैं, तो यह स्पष्ट है कि भाजपा के बढ़ने से उन्हें बेचैनी हो रही है। ऐसा महसूस हो रहा है कि उनकी विचारधारा विफल हो गई है, वे ऐसी बातें कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, पांच दशक तक तमिलनाडु में सत्ता की राजनीति करने वाली द्रमुक ने अपनी विफलता स्वीकार की है। उनकी द्रविड़ियन राजनीति तमिलनाडु के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में विफल साबित हुई है। यह पार्टी वंशवाद की राजनीति करने और भ्रष्टाचार के बीज बोने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा तमिल समेत सभी लोगों की आकांक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम तमिलनाडु में बढ़ रहे हैं। कर्नाटक के चिकमंगलूर से विधायक रवि ने 2023 के राज्य विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत की भविष्यवाणी करने वाले प्रदेश कांग्रेस के दावों की तुलना शोर करने वाले खाली जहाजों से की।उन्होंने कहा, खाली जहाज अधिक शोर मचाते हैं....उत्तराखंड चुनाव से पहले कांग्रेस को लगा कि वह निश्चित रूप से सत्ता में आएगी, क्या वह आई। गोवा में पार्टी ने विभागों का भी बंटवारा कर लिया था, वहां क्या हुआ। पंजाब में कांग्रेस का क्या हुआ, जहां वह सत्ता में थी। उत्तर प्रदेश में तमाम नाटक करने के बाद भी वह केवल दो सीटें जीतने में सफल रहे और 399 में से 387 सीटों पर उनकी जमानत जब्त हो गई। उन्होंने कहा कि आम तौर पर कांग्रेस चुनावों से पहले बहुत शोर मचाती है और पार्टी के लिए इस तरह की बनी चीजों को पेश करना आम बात है, उन्होंने कहा कि इस तरह के सर्वेक्षण भाजपा में लगातार किए जाते हैं और पार्टी इसे सिर्फ चुनावों के लिए नहीं करती है। भाजपा के मुख्यमंत्री उम्मीदवार के चेहरे के बारे में पूछे जाने के सवाल पर रवि ने कहा कि जब चुनव आएगा, तो भाजपा संसदीय बोर्ड इसका फैसला करेगा।

## महिला आयोग की नुपुर शर्मा के खिलाफ टिप्पणी को लेकर अखिलेश यादव के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने भारतीय जनता पार्टी की निलंबित सदस्य नुपुर शर्मा के खिलाफ समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के ट्वीट को उकसाने वाला करार देते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस से यादव के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की सोमवार को मांग की। नुपुर शर्मा ने पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उच्चतम न्यायालय ने पिछले सप्ताह कहा था कि शर्मा और उनकी अनियंत्रित जुबान ने पूरे देश को आग में झोंक दिया है और उन्हें माफी मांगनी चाहिए। यादव ने न्यायालय के फैसले की एक खबर साझा करते हुए ट्वीट किया था, सिर्फ़ मुख को नहीं शरीर को भी माफी मांगनी चाहिए और देश में अशांति और सौहार्द बिगाड़ने की सज़ा भी मिलनी चाहिए।

उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक डी.एस. चौहान को लिखे एक पत्र में, एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि ट्वीट सरासर उकसाने वाला है। शर्मा ने कहा, राष्ट्रीय महिला आयोग ने पाया कि अखिलेश यादव का एक ट्वीट नुपुर शर्मा के खिलाफ नफरत एवं द्वेष की भावना को तथा दो धार्मिक समूहों के बीच सांप्रदायिक वैमनस्य को भड़काने वाला है, जो बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा, मामले की गंभीरता को देखते हुए आपको अखिलेश यादव के खिलाफ तत्काल कार्वाई करनी चाहिए।

## घर खरीदारों के साथ ठगी: ईडी ने बेंगलुरु में 136 करोड़ के भूखंड एवं मकान कुर्क किए

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि बेंगलुरू में सस्ते फ्लैट का झूठा वादा कर निवेशकों को कथित रूप से ठगने से जुड़े धनशोधन के एक मामले की जांच के तहत वहां 137 करोड़ रूपए के भूखंड एवं आवासीय मकानों को उसने कुर्क किया है। ए संपत्तियां ड्रीम्ज इंफ्रा इंडिया लिमिटेड, उसके प्रबंध निदेशक दिशा चौधरी, टीजीएस कंस्ट्रक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड, उसकी प्रबंध निदेशक मणदीप कौर एवं अन्य की हैं।

प्रवर्तन निदेशालय ने एक बयान में कहा कि 27 जून को धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत 16 अचल संपत्तियां कुर्क करने का अंतरिम आदेश जारी किया गया था। उसने कहा कि ए संपत्तियां 137.6 करोड़ रूपए की हैं। जांच एजेंसी ने गृह कल्याण नामक कंपनी एवं सचिन नाईक उर्फ योगेश समेत आरोपियों के विरूद्ध दर्ज की गई 125 प्राथमिकियों का संज्ञान लेकर उनके खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया। एजेंसी ने कहा कि आरोपियों ने लोगों को बेंगलुरु एवं उसके आसपास सस्ते अपार्टमेंट का वादा किया एवं उनसे बड़ी धनराशि ऐंठकर उन्हें ठगा। ईडी ने कहा, 2011-12 से लेकर 2016-17 तक आरोपी कंपनियों ने 10,299 ग्राहकों से 722 करोड़ रूपए इकट्ठा किए और इस रकम की अपने फायदे के लिए हेराफेरी की। उन्होंने इन भोले-भाले ग्राहकों को न तो फ्लैट दिया और न ही उन्हें उनका पैसा लौटाया, इस तरह उन्होंने उन्हें चूना लगाया। एजेंसी ने आरोप लगाया कि जब ग्राहकों ने आरोपियों से फ्लैट देने या जमाराशि लौटाने का अनुरोध किया तब उन्होंने उन्हें दुष्परिणाम की धमकी दी।

## भाजपा शिवसेना को खत्म करने की साज़िश रच रही है: उद्धव ठाकरे

**भाषा।** मुंबई



**महाराष्ट्र विधानसभा** में एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली सरकार के विश्वास मत हासिल करने की पृष्ठभूमि में शिवसेना प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा उनकी पार्टी को खत्म करने की साज़िश रच रही है और उसे राज्य में मध्यावधि चुनाव कराने की चुनौती दी। शिवसेना भवन में यहां पार्टी के जिला प्रमुखों की एक बैठक को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा कि विधानसभा को मनमाने तरीके से चलाना संविधान का अपमान है।

शिवसेना की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, ठाकरे ने पार्टी के जिला अध्यक्षों से कहा कि अगर वे लड़ना चाहते हैं, तो एकजुट रहें। बयान में ठाकरे के हवाले से कहा गया है, शिवसेना को खत्म करने की यह भाजपा की चाल है। मैं उन्हें राज्य में मध्यावधि चुनाव कराने की चुनौती देता हूं। यह खेल खेलने के बजाय, हम जनता की अदालत में जाएंगे। अगर हम गलत हैं, तो लोग हमें घर भेज देंगे और आप (भाजपा और शिंदे गुट) गलत हैं तो लोग आपको घर भेज देंगे। उन्होंने विशेषज्ञों से भी इस मुद्दे पर राय देने को कहा कि राज्य में चल रहा राजनीतिक घटनाक्रम क्या संविधान के मुताबिक है या संवैधानिक मानदंडों का उल्लंघन करता है? पिछले महीने शिंदे ने शिवसेना के खिलाफ बगावत कर दी थी। पार्टी के अधिकतर विधायक उनके पाले में चले गए थे, जिस वजह से ठाकरे नीत महा विकास आघाड़ी सरकार गिर गई थी।

# डॉक्यूमेंट्री में मां काली को सिगरेट पीते दिखाया, बवाल

**भाषा।** नई दिल्ली

**डॉक्यूमेंट्री** काली के पोस्टर पर देवी को धूम्रपान करते और एलजीबीटीक्यू का झंडा थामे दिखाए जाने के कारण आलोचनाओं का शिकार हो रहीं फिल्म निर्माता लीना मणिमेकलाई ने सोमवार को कहा कि वह जब तब जिंदा हैं तब तक बेखौफ अपनी आवाज बुलंद करना जारी रखेंगी। काली के पोस्टर ने सोशल मीडिया पर तूफान खड़ा कर दिया है और यह विवाद अरेस्ट लीना मणिमेकलाई हैशटैग के साथ ट्रेंड कर रहा है। सोशल मीडिया पर इसका विरोध करने वालों का आरोप है कि फिल्म निर्माता धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा रही हैं। इस बीच गौ महासभा नामक संगठन के एक सदस्य ने कहा है कि उन्होंने दिल्ली पुलिस में इसकी शिकायत की है। जुबानी हमलों के जवाब में, टोरंटो निवासी फिल्म

### ● निर्देशिका ने कहा : बेखौफ आवाज बुलंद करती रहूंगी

निर्देशिका ने यह कहते हुए पलटवार किया है कि वह (इसके लिए) अपनी जान देने को भी तैयार हैं। मणिमेकलाई ने इस विवाद को लेकर एक लेख के जवाब में एक ट्विटर पोस्ट में तमिल भाषा में लिखा, मेरे पास खोने के लिए कुछ नहीं है। जब तक मैं जीवित हूं, मैं बेखौफ आवाज बनकर जीना चाहती हूं। अगर इसकी कीमत मेरी जिंदगी है, तो इसे भी दिया जा सकता है। मदुरै में जन्मी फिल्म निर्माता ने शनिवार को माइक्रोब्लॉगिंग साइट पर काली का पोस्टर साझा किया था और कहा था कि यह फिल्म टोरंटो में आगा खान संग्रहालय में रिदम्स ऑफ कनाडा खंड का हिस्सा है। मणिमेकलाई ने लोगों से पोस्टर के संदर्भ को समझने के लिए फिल्म देखने का भी आग्रह किया। उन्होंने दूसरे लेख के जवाब में कहा, फिल्म एक शाम टोरंटो शहर की सड़कों पर काली के टहलने के दौरान की घटनाओं के बारे में है। अगर वे फिल्म देखते हैं, तो वे अरेस्ट लीना मणिमेकलाई के बजाय लव यू लीना मणिमेकलाई हैशटैग लगाएंगे। गौ महासभा के सदस्य अजय गौतम ने कथित तौर पर देवी को अपमानजनक और आपत्तिजनक तरीके से पेश करने के लिए फिल्म निर्माता के खिलाफ अपनी पुलिस शिकायत की एक प्रति पत्रकारों को भेजी। उनका कहना है कि इससे शिकायतकर्ता सहित लाखों भक्तों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। साइबर सेल के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि उन्हें अभी तक शिकायत नहीं मिली है। कई ट्विटर यूजर्स ने मणिमेकलाई की कड़ी आलोचना की है।

## अग्निपथ योजना को चुनौती देने वाली याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई करेगा न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** सोमवार को सशस्त्र बलों में भर्ती संबंधी केंद्र की अग्निपथ योजना को चुनौती देने वाली याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि गर्मी की छुट्टी के बाद शीर्ष अदालत के फिर से खुलने पर याचिकाओं को अगले सप्ताह उपयुक्त पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा। इस योजना के खिलाफ याचिका दायर करने वाले वकील ने कहा कि भारतीय वायु सेना में जाने को इच्छुक उम्मीदवारों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है और नियुक्ति पत्र की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन अब उनका कार्यकाल 20 साल से घटाकर चार साल कर दिया जाएगा। यह एक महत्वपूर्ण मामला है, कृपया इसे सूचीबद्ध करें। कई उम्मीदवारों के भविष्य दांव पर हैं। योजना को चुनौती देनी वाली याचिका दायर करने वाले वकील एम.एल शर्मा ने कहा कि वह योजना से संबंधित सरकार की अधिसूचना को रद्द करने का अनुरोध करते हैं, क्योंकि 70,000 से अधिक उम्मीदवार जो प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं, वे वैश्विक महामारी से पहले से अपने नियुक्ति पत्र की प्रतीक्षा कर रहे हैं और अब योजना के तहत उनका कार्यकाल छोटा कर दिया गया है। पीठ ने कहा कि जब आपने (शर्मा) दो साल से अधिक समय तक इंतजार किया है तो आप अवकाशकालीन पीठ के समक्ष मामला क्यों उठा रहे हैं। इसके बाद पीठ ने शर्मा की याचिका को अन्य मामलों के साथ उपयुक्त पीठ के समक्ष सूचीबद्ध कर दिया। शर्मा ने जनहित याचिका में आरोप लगाया कि सरकार ने सशस्त्र बलों की बेहद पुरानी चयन प्रक्रिया को रद्द कर दिया है।

## अन्नाद्रमुक में नेतृत्व विवाद पर छह जुलाई को सुनवाई करेगा उच्चतम न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने सोमवार को कहा कि वह तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ई के. पलानीस्वामी (ईपीएस) की याचिका पर छह जुलाई को सुनवाई करेगा। याचिका में मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें पार्टी के एकल नेतृत्व के मुद्दे पर अन्नाद्रमुक की आम और कार्यकारी परिषद की बैठक में किसी अघोषित प्रस्ताव को पारित करने पर रोक लगा दी गई थी। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि वह प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन वी रमण द्वारा दी गई मंजूरी के अधीन छह जुलाई को याचिका पर सुनवाई करेगी। ईपीएस गुट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन ने मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने का उल्लेख करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय की खंडपीठ आधी रात के बाद असाधारण रूप से बैठी और 23 जून को सुबह चार बजे आदेश पारित किया।

उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय का पार्टी को किसी भी अघोषित प्रस्ताव पर विचार करने से रोकने का आदेश राजनीतिक दल के आंतरिक कामकाज में हस्तक्षेप है। वैद्यनाथन ने कहा कि अंतरिम आदेश के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए उच्च न्यायालय में अवमानना याचिकाएं दायर की गई हैं, जिन पर सोमवार को सुनवाई हो रही है।वहीं, पार्टी समन्वयक और पनीरसेल्वम गुट के लिए एक कैविएट में पेश हुए वकील ने मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने के अनुरोध का विरोध करते हुए कहा कि यह एक अंतरिम आदेश था और उच्च न्यायालय अभी भी मामले पर विचार कर रहा है।उन्होंने कहा कि आदेश मूल वाद में पारित हुआ, जो अभी भी उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है, तथा अवमानना याचिकाएं दायर की गईं क्योंकि आम और कार्यकारी परिषद की बैठकों में निर्देशों का उल्लंघन हुआ था।

# न्यायालय ने अंतरिम संरक्षण आदेश के बावजूद गिरफ्तारी पर आश्चर्य जताया

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने एक व्यक्ति को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण आदेश दिए जाने के बावजूद महाराष्ट्र में एक कथित जालसाजी के मामले में पुलिस द्वारा उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) हासिल करने और बाद में उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्वाई को सोमवार को आश्चर्यजनक और हैरतअंगेज करार दिया। न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत ने पिछले साल सात मई को उस व्यक्ति की एक याचिका पर नोटिस जारी किया था और कहा था कि इस बीच, उसे महाराष्ट्र के लातूर में दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में गिरफ्तार नहीं किया जाएगा।

न्यायालय ने निर्देश दिया कि यदि याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी किसी अन्य मामले में जरूरी नहीं है तो उसे आज ही रिहा किया जाए तथा इस आदेश पर अमल से संबंधित रिपोर्ट आज ही पेश की जाए। पीठ ने अपने आदेश में कहा, ..यह जानना दिलचस्प है कि इस अदालत के विशिष्ट अंतरिम आदेश के बावजूद कि याचिकाकर्ता को संबंधित प्राथमिकी के सिलसिले में गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, ..अभियोजन ने याचिकाकर्ता के खिलाफ गैर-जमानती वारंट हासिल किया और जब वह अदालत के सामने पेश हुआ, तो प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 24 जून, 2022 को अपने आदेश में कहा कि गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण इस अदालत के आदेश से छह सप्ताह के बाद समाप्त हो गया। शीर्ष अदालत याचिकाकर्ता द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उसने अपनी गिरफ्तारी का उल्लेख किया था और रिहाई के आदेश की अपील की थी।पीठ ने कहा कि ऐसा लगता है कि छह सप्ताह की अवधि शीर्ष अदालत द्वारा पिछले साल सात मई के अपने आदेश में जारी नोटिस का जवाब देने की तारीख से संभवत: ली गई है।न्यायालय ने कहा, यदि, 24 जून, 2022 के आदेश के संदर्भ में मजिस्ट्रेट ने जो समझा है और यदि वह याचिकाकर्ता को न्यायिक हिरासत में लेने का एकमात्र कारण है, तो अभियोजन एजेंसी की प्रामाणिकता और इस अदालत के आदेश पर अमल के बारे में मजिस्ट्रेट की समझ चिंता का विषय बन गई है।

## कैथी के हिंदी संस्करण भोला का निर्देशन करेंगे अजय देवगन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने सोमवार को घोषणा की कि वह एक्शन ड्रामा भोला का निर्देशन करेंगे, जो 2019 में आई तमिल फिल्म कैथी का हिंदी संस्करण है। देवगन खुद अभिनेत्री तब्बू के साथ इस फिल्म में अभिनय करेंगे। उन्होंने कहा कि वह रनवे 34 के बाद निर्देशक की कुर्सी पर लौटने के लिए उत्साहित हैं। अभिनेता-निर्देशक ने कहा, हालांकि, तैयारियां पहले की गई थीं। यह फिर से कैमरे के पीछे आने और तीन जादुई शब्द- लाइट्स, कैमरा, एक्शनउ कहने का सवाल था। भोला को पहले धर्मेंद्र शर्मा द्वारा निर्देशित किया जाना था, जिन्होंने सन ऑफ सरदार , शिवाय और भुज: द प्राइड ऑफ इंडिया जैसी देवगन की फिल्मों में बतौर संपादक काम किया है। देवगन ने 2008 में यू मी और हम नाटक के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत की। इसके बाद उनकी 2016 में उनकी एक्शन फिल्म शिवाय और अप्रैल 2022 में रनवे 34 आई थी। भोला फिल्म की शूटिंग फिलहाल हैदराबाद में चल रही है। लोकेश कनगराज द्वारा लिखित-निर्देशित मूल फिल्म, एक पूर्व अपराधी (कार्थी द्वारा अभिनीत) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो जेल से रिहा होने के बाद पहली बार अपनी बेटी से मिलने का फैसला करता है, लेकिन पुलिस और ड्रग माफिया के बीच फंस जाता है। भोला अजय देवगन एफफिल्म्स, टी-सीरीज फिल्म्स, रिलायंस एंटरटेनमेंट और ड्रीम वारियर पिक्चर्स द्वारा निर्मित है। फिल्म 30 मार्च 2023 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी।



## नुपुर के समर्थन में पोस्ट और केमिस्ट की हत्या के बीच संबंध के बारे में जानती थी पुलिस: पुलिस आयुक्त

**अमरावती।** महाराष्ट्र की अमरावती पुलिस को नुपुर शर्मा का समर्थन करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट और केमिस्ट उमेश कोल्हे की हत्या के बीच तार जुड़े होने के बारे में पता था, लेकिन मामले की अत्यंत संवेदनशील प्रकृति के कारण पहले इसका खुलासा नहीं किया गया। पुलिस आयुक्त आरती सिंह ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमरावती में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, सिंह ने कहा कि 21 जून को हुई हत्या के मुख्य आरोपी समेत सात आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक और व्यक्ति की तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच एक या दो दिन में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दी जाएगी। प्रथम दृष्टया, कोल्हे की हत्या भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा का समर्थन करने के लिए की गई थी, जिनकी पैगंबर मोहम्मद के बारे में की गई टिप्पणियों से सोशल मीडिया पर भारी आक्रोश पैदा हो गया था।

# रूस ने यूक्रेन के पूर्व में हमले तेज किए

**एपी।** पोक्रोव्स्क (यूक्रेन)



**रूस** के बलों ने पूर्वी यूक्रेन में काफी अंदर तक हमले तेज़ कर दिए हैं। इससे पहले उसने एक अहम गढ़ पर कब्जा कर लिया था। यूक्रेन की सेना ने पुष्टि की है कि उसकी सेना लिसिचांस्क शहर से निकल गई है। यह लुहांस्क प्रांत में है और देश के पूर्वी डोनबास क्षेत्र के दो हिस्सों में से एक है। रूस के बलों ने डोनेत्सक के आधे से ज्यादा हिस्से पर कब्जा कर लिया है। यह डोनबास का दूसरा प्रांत है। लुहांस्क के गवर्नर सेरही हैदई ने बताया कि यूक्रेन के बल आत्मसमर्पण की स्थिति से बचने के लिए लिसिचांस्क से निकल गए हैं। हैदई ने अमेरिकी समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस से कहा, लिसिचांस्क की घेराबंदी की आशंका थी। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के सैनिक कुछ और हफ्ते डटे रह सकते थे, लेकिन तब उन्हें इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ती। हैदई ने कहा कि उन्होंने वहां से सारे घायलों को निकाल लिया है और सारे उपकरण भी निकाल लिए हैं। उनके मुताबिक, योजनाबद्ध तरीके से सैनिकों को निकाला गया है। यूक्रेन की सेना के जनरल स्टाफ ने बताया कि रूसी फौज डोनबास क्षेत्र के सिवर्स्क, फिडोरिवका और बखमुत की ओर बढ़ने की कोशिश कर रही है। रूस की सेना ने डोनबास क्षेत्र में यूक्रेन के मजबूत किले स्लोवियांस्क और क्रमतोरस्क में बमबारी की थी। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, स्लोवियांस्क में रूस की बमबारी में रविवार को नौ वर्षीय एक लड़की समेत छह लोगों की मौत हो गई थी जबकि 19 अन्य लोग जख्मी हुए थे। ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय की खुफिया ब्रीफिंग में सोमवार को यूक्रेन की सेना के आकलन को सही बताया गया और रेखांकित किया गया है कि रूस के बल अब करीब-करीब निश्चित रूप से डोनेत्स्क पर कब्जा करना शुरू करेंगे।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ जंग में अहम डोनबास क्षेत्र पर कब्जा करने का लक्ष्य तय किया है। बता दें कि यूक्रेन के युद्ध को पांच महीने हो गए हैं। डोनबास में रूस समर्थित अलगाववादी 2014 से यूक्रेन की फौज से लड़ रहे हैं। रूस की ओर से यूक्रेन के क्रीमिया को अपने देश में मिला लेने के बाद डोनबास के अलगावादियों ने अपनी आज़ादी की घोषणा कर दी थी। रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन पर हमले से पहले स्वघोषित गणराज्यों को मान्यता दे दी थी। रूस के रक्षा मंत्री ने पुतिन को रविवार को बताया कि लिसिचांस्क पर पूर्ण कब्जे के बाद रूसी सेना और उसके अलगाववादी सहयोगियों का अब पूरे लुहांस्क क्षेत्र पर नियंत्रण हो गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने रात में वीडियो के माध्यम से किए गए संबोधन में माना है कि फौज को निकाला गया है लेकिन संकल्प लिया है कि यूक्रेनी बल पीछे हटते हुए भी लड़ेंगे। ज़ेलेंस्की ने कहा कि रणनीति तथा आधुनिक हथियारों की आपूर्ति की बदौलत वहां से निकल पाएं हैं। वहीं रविवार को रूस के पश्चिमी हिस्से पर यूक्रेन की ओर से हमले हुए। पश्चिमी रूस के बेलगोरोद क्षेत्र के गवर्नर ने कहा कि रविवार को यूक्रेन की ओर से दागी मिसाइलों को बीच में ही मार गिराया गया था लेकिन उनके टुकड़ों की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रूस के शहर कुर्स्क में यूक्रेन के दो ड्रोन को मार गिराया गया है।

# अमेरिका में भारतीय सशस्त्र बलों के सेवानिवृत्त कर्मियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारतीय** सशस्त्र बलों के सेवानिवृत्त कर्मियों के महत्व को स्वीकार करते हुए यहां भारतीय दूतावास ने सोमवार को अमेरिका में रह रहे पूर्व सैनिकों को सम्मानित करने के लिए वरिष्ठ योद्धा कार्यक्रम का आयोजन किया। विभिन्न युद्धों को लड़ चुके कुछ विशिष्ट पूर्व सैनिकों और परिवारों के सदस्यों सहित 140 से अधिक लोगों ने यहां इस कार्यक्रम में भाग लिया। अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा, दोस्तों, आपने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए निस्वार्थ भाव से भारत माता की सेवा और बलिदान किया है। आप और आपके परिवार के सदस्य 40 लाख भारतीय समुदाय के हिस्से के रूप में भारत-अमेरिका संबंधों को विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने भूतपूर्व सैन्यकर्मियों की प्रशंसा करते हुए कहा, कोई भी मान्यता और पुरस्कार आपके योगदान के साथ न्याय नहीं कर सकता है, आज का कार्यक्रम आपके प्रति हमारा सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का छोटा सा तरीका है और आपको यह भी बताना है कि हम यहां आपके लिए हैं। संधू ने कहा, इस विशेष सभा का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि यहां ऐसे लोग हैं, जिन्होंने 1948, 1962, 1965 या 1971, 1985, 1999 में करगिल युद्ध और कई अन्य अभियानों में भारत के लिए लड़ाई लड़ी है। राजदूत ने कहा, आज का वरिष्ठ योद्धा कार्यक्रम हमारे पूर्व सैनिकों के बलिदान और सेवा को मान्यता देने और उन्हें देशभक्ति, समर्पण, देशसेवा और बलिदान करने की इच्छा के लिए सम्मानित करने का हमारा विनम्र प्रयास है। हम अपने वरिष्ठ सैन्यकर्मियों की उसी तरह देखभाल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जैसे उन्होंने हमारे देश की सुरक्षा का ख्याल रखा है। संधू ने कहा कि भारतीय पूर्व सैनिक, जहां भी जाते हैं, कर्तव्य, अनुशासन और पेशेवर रवैए के उच्चतम मानकों को निभाते हैं, जिसके लिए भारतीय सशस्त्र बलों को जाना जाता है। अमेरिका में रहने वाले हमारे पूर्व सैनिक हमारे सशस्त्र बलों की परंपराओं के ध्वजवाहक बने हुए हैं और भारतीय समुदाय को प्रेरित करना जारी रखे हैं। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी उनकी बुद्धिमत्ता, कड़ी मेहनत और उच्च नैतिक मूल्यों से समृद्ध है। संधू ने अपने संबोधन में कहा कि अमेरिका और भारत के बीच रक्षा साझेदारी ने दोनों देशों के बीच कई तरह के समझौतों को तेज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो रक्षा प्रौद्योगिकी साझा करने और समुद्री सुरक्षा और काउंटर-पाइरेसी में सहयोग से संबंधित हैं। भारत को अमेरिका ने प्रमुख रक्षा भागीदार के रूप में नामित किया है।

# श्रीलंका में ईंधन और नकदी की कमी, बंद रहेंगे स्कूल

**एपी।** कोलंबो

**नकदी** की कमी से जूझ रहे श्रीलंका ने स्कूलों को और एक सप्ताह के लिए बंद रखने का फैसला किया है, क्योंकि शिक्षकों तथा अभिभावकों के लिए बच्चों को स्कूल पहुंचाने के वास्ते पर्याप्त ईंधन नहीं है। ऊर्जा मंत्री ने देश के बाहर रहने वाले नागरिकों से अपील की है कि वे अनौपचारिक माध्यमों के बजाय बैंकों के माध्यम से अपनी विदेशी मुद्रा में अर्जित आय घर भेजें, ताकि देश में विदेशी मुद्रा की कमी को दूर करने में मदद मिले। अधिकारियों ने बताया कि भारी विदेशी कर्ज में डूबे द्वीपीय राष्ट्र को कोई भी आपूर्तिकर्ता उधार ईंधन देने को तैयार नहीं है। उपलब्ध ईंधन केवल कुछ दिन तक ही चल पाएगा, जिसे आवश्यक सेवाओं के लिए दिया जाएगा। इसे स्वास्थ्य एवं बंदरगाह कार्यकर्ताओं को और सार्वजनिक परिवहन तथा भोजन वितरण कार्यक्रम के लिए मुहैया कराया जाएगा। ऊर्जा मंत्री कंचना विजेसेकरा ने पत्रकारों से कहा, रकम जुटाना चुनौतीपूर्ण है। यह एक बहुत बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने नए ईंधन स्टॉक का आदेश दिया है और 40,000 मीट्रिक टन डीज़ल लिए एक विमान के शुक्रवार को देश पहुंचने की उम्मीद है, जबकि एक अन्य विमान में 22 जुलाई को पेट्रोल लाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि ईंधन की कई खेप आनी है, लेकिन अधिकारी उसके लिए भुगतान करने के वास्ते 58.7 करोड़ डॉलर जुटाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। विजेसेकरा ने बताया कि श्रीलंका पर सात ईंधन आपूर्तिकर्ताओं का लगभग 80 करोड़ डॉलर बकाया है।

पिछले महीने, ईंधन की कमी के कारण देशभर में स्कूल एक दिन के लिए बंद कर दिए गए थे और शहरी क्षेत्रों में पिछले दो सप्ताह से स्कूल बंद हैं। अब स्कूल शुक्रवार तक बंद रहेंगे। अधिकारियों ने सोमवार से देश भर में तीन घंटे तक बिजली कटौती की घोषणा भी की है, क्योंकि वे बिजली उत्पादन संयंत्रों को पर्याप्त ईंधन की आपूर्ति करने में सक्षम नहीं है।

श्रीलंका में आर्थिक तंगी के कारण पिछले कई महीनों से व्यापक स्तर पर बिजली कटौती की गई है, साथ ही रसोई गैस, दवा और खाद्य सामग्री सहित आवश्यक चीजों की भी भारी कमी है। विजेसेकेरा ने कहा कि मुख्य समस्या डॉलर की कमी है और विदेशों में काम कर रहे लगभग 20 लाख श्रीलंकाई नागरिकों से अपील की कि वे अनौपचारिक माध्यमों के बजाय बैंकों के माध्यम से अपनी विदेशी मुद्रा में अर्जित आय घर भेजें।

# कोपेनहेगन के मॉल में गोलीबारी में तीन लोगों की मौत




**एपी।** कोपेनहेगन

**डेनमार्क** की राजधानी कोपेनहेगन के मॉल में रविवार को हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। कोपेनहेगन पुलिस निरीक्षक सोरेन थॉमसन ने बताया कि मारे गए तीन लोगों में से एक व्यक्ति की उम्र 40 के आसपास थी और दो अन्य युवा थे। थॉमसन ने पत्रकारों को बताया कि गोलीबारी करने वाले संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी पहचान डेनमार्क के 22 वर्षीय नागरिक के तौर पर हुई है। हमले में किसी अन्य के शामिल होने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। डेनमार्क में बंदूक हिंसाए दुर्लभ ही देखी जाती हैं। थॉमसन ने बताया कि अभी गोलीबारी करने की वजह पता नहीं चल पाई है। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने कहा, हमला समझ से परे...हृदयविदारक है। हमारी सुंदर और आमतौर पर लोगों के लिए हमेशा सुरक्षित रही राजधानी में हालात कुछ ही सेकंड में बदल गए। घटनास्थल से जो तस्वीरें सामने आई हैं, उसमें लोग मॉल से भागते हुए बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। डेनमार्क के प्रसारक टीवी2 ने एक तस्वीर साझा की, जिसमें एक व्यक्ति स्ट्रेचर पर नजर आ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लोग शोर मचाते हुए बाहर निकलने का प्रयास कर रहे थे और कुछ लोग दुकानों के भीतर भी छिप गए थे।

### बंदूकधारी ने अकेले वारदात को अंजाम दिया, आतंकवाद से संबंध नहीं

**कोपेनहेगन।** कोपेनहेगन के एक शॉपिंग मॉल में गोली चलाने वाले बंदूकधारी ने संभवत: अकेले ही घटना को अंजाम दिया और अंधाधुंध गोली चलाने के कारण लोग उसका निशाना बने। डेनमार्क की पुलिस ने यह जानकारी दी। कोपेनहेगन के मुख्य पुलिस निरीक्षक सोरेन थॉमसन ने सोमवार को कहा कि जांच अधिकारियों का मानना है कि घटना का संबंध आतंकवाद से नहीं है। थॉमसन ने कहा कि हमले में तीन लोग मारे गए। इनमें डेनमार्क के दो लोग और एक रूसी नागरिक था। वहीं, डेनमार्क के दो अन्य लोग और स्वीडन के दो नागरिक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# भारत को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा सकता है सहकारिता क्षेत्र: अमित शाह

**भाषा।** नई दिल्ली



**सहकारिता** क्षेत्र भारत को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही देश के 70 करोड़ गरीबों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को यह बात कही। शाह, जिनके पास गृह मंत्रालय का भी प्रभार है, ने सहकारी समितियों से इन 70 करोड़ लोगों की मदद करने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए कहा।

उन्होंने यहां 100वां अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में गरीबों की भलाई और उन्हें बिजली, रसोई गैस, आवास तथा स्वास्थ्य बीमा देने के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए हैं। शाह ने कहा कि ए 70 करोड़ लोग अब बेहतर जीवन की आकांक्षा कर रहे हैं, और इसे सिर्फ सहकारी क्षेत्र द्वारा ही पूरा किया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन गरीबी को खत्म करने के लिए पर्याप्त उपाय नहीं किए। उन्होंने कहा कि पूंजीवाद और साम्यवाद शासन के चरम रूप हैं, और विकास का सहकारी मॉडल ही देश के लिए सबसे उपयुक्त है। सहकारिता मंत्रालय सहकारी क्षेत्र को पेशेवर और बहुआयामी बनाकर विभिन्न पहलुओं पर काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि कौशल प्रशिक्षण देने के लिए लेखांकन, विपणन और प्रबंधन जैसे विषयों पर आधारित एक सहकारी विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा। शाह ने कहा कि प्रशिक्षित जनशक्ति को सहकारी समितियों में शामिल किया जा सकता है और इससे नियुक्तियों में भाई-भतीजावाद भी समाप्त होगा।

उन्होंने कहा कि कानूनों में भी बदलाव की जरूरत है, लेकिन साथ ही उन्होंने सहकारी समितियों के बीच स्व-नियमन पर जोर दिया। शाह ने कहा कि सरकार ने हाल ही में 2,516 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ सभी कार्यात्मक 63,000 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के कंप्यूटरीकरण का फैसला किया है। इस कदम से लेखांकन और बही-खाता पद्धति में पारदर्शिता आएगी।

भारत में 8.5 लाख सहकारी समितियां हैं और लगभग 12 करोड़ लोग इस क्षेत्र से सीधे जुड़े हुए हैं।

# एनटीपीसी का बिजली उत्पादन जून तिमाही में 21.7 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान उसका बिजली उत्पादन 21.7 प्रतिशत बढ़कर 104.4 अरब यूनिट (बीयू) हो गया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि एनटीपीसी समूह की कंपनियों ने 2022 की अप्रैल-जून तिमाही में 104.4 बीयू का उत्पादन दर्ज किया, जो पिछले साल की इसी तिमाही के उत्पादन 85.8 बीयू से 21.7 प्रतिशत अधिक है। जून 2022 में बिजली उत्पादन 34.8 बीयू रहा, जो जून 2021 के 26.9 बीयू की तुलना में 29.3 प्रतिशत अधिक है। ए आंकड़े कंपनी के बेहतर प्रदर्शन और चालू वर्ष में बिजली की मांग में वृद्धि को दर्शाते हैं। उड़ीसा में एनटीपीसी तालचेर कनिहा (3000 मेगावाट) अप्रैल से जून 2022 के बीच 94.2 प्रतिशत संयंत्र लोड फैक्टर (क्षमता उपयोग) के साथ शीर्ष प्रदर्शन करने वाला ताप बिजली संयंत्र था। एनटीपीसी के कोयला संयंत्रों का कुल लोड फैक्टर अप्रैल से जून 2022 के बीच 80 प्रतिशत था।


**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client i.e. HDFC Bank Ltd. that **Pawan Saxena** is the owner of **Shop No. D-01/49/2A, Ground floor without roof situated at DLF Dilshad Extn-II, Ghaziabad, Tehsil and Distt. Ghaziabad Uttar Pradesh** vide a Sale Deed dated 07-02-2022, registration no. 919. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to mortgage the said shop and intend to obtain loan in the name of M/s FAIRBIZPS from our client against the said shop and that Original Sale Deed dated 09-03-1999 (Doc No. 1887) and Original Buyer Agreement and Possession letter in respect of said shop have been lost /misplaced, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said shop, its mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएँगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL9CE7851, | DL2CAC2328, | DL1CW7964, |
| DL8CL7352, | DL2CK5486, | DL9CM5580, |
| DL8CNB0704, | DL7CF4352, | DL9CB9370, |
| DL4CAE7748, | DL8CH5998, | DL5C4521, |
| DL6CH3358, | DL6CJ2447, | DL4CS1076, |
| CH03A1983, | DL5CB9502, | HR12H8230, |
| DL2CAD2452, | DL7CE7497, | DL9CM3995, |
| DL7C7681, | UP80AM6135, | NOREG14, |
| DL2CAC9309, | DL4CA7337, | DL2CAG7241, |
| DL2CAA3651, | DL9CT4429, | DL2CAC8569, |
| DL2CAF4832, | HR12D9324, | DL3CAZ0166, |
| UP16K1347, | DL8CK1423, | DL6CB1479, |
| DL9CH4770 | DL9CB6461, | DL3CAK6821, |
| DL8CK5459, | DL8CC5762, | UP14AE0044, |
| DL9CM6151, | DL8CH8821, | DL4CAG6439, |
| DL4CAG7305, | UP80AK6812, | DL2FCZ0030, |
| DL2CAD7037, | DL6CH6917, | DL2FAZ9999, |
| DL9CH3841, | DL4CL0797, | UP14J9161, |
| DL1M0818, | DL2CZ1132, | PB02B0002, |
| DL8CN2208, | DL8CD9577, | DL4CAP9300, |
| DL7CF3278, | DL8CH5312, | DL3CS0135 |
| DL8CJ6639, | DL1C2416, | |

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
लेन नं0-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001, Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक: 1469/ई-निविदा/2022-23/ दिनांक : 04.07.2022

**ई- निविदा सूचना**

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत सहसपुर की भूड्डी पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत निम्न विवरणानुसार ई-निविदा, टू-बिड सिस्टम (तकनीकी बिड एवं कॉमर्शियल बिड) आधार पर आमंत्रित की जाती हैं :-

| निविदा क्र0 सं. | विकास खण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सहसपुर | जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत सहसपुर की भूड्डी पेयजल योजना में नलकूप अधिष्ठापन, उर्ध्व जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 1519300.00 | 4000+GST | 12 माह |

**निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं।**

| क्रं0सं0 | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 06.07.2022 at 11.00 Hrs. |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 07.07.2022 at 11.00 Hrs. |
| 3 | प्री-बिड मीटिंग की तिथि। | 11.07.2022 at 11.00 Hrs. |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 16.07.2022 at 11.00 Hrs. |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 21.07.2022 up to 17.00 Hrs. |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 21.07.2022 upto 17.00 Hrs. |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि। | 22.07.2022 at 11:00 Hrs |
| 8 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि। | सूचना पृथक से दी जायेगी। |

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्ते उत्तराखण्ड राज्य की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाईन देखी/प्राप्त की जा सकती हैं।

"जल संचय-जीवन संचय"

अधिशासी अभियन्ता

INDAG **इन्डैग रबर लिमिटेड**
(सीआईएन: एल74899डीएल1978पीएलसी009038)
पंजी. कार्यालय: 11, कम्युनिटी सेन्टर, साकेत, नई दिल्ली-110017
फोन : 011-26963172/73, ई-मेल आईडी : info@indagrubber.com, वेबसाइट : www.indagrubber.com

**43वीं वार्षिक सामान्य बैठक और रिमोट ई-वोटिंग की सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि **कम्पनी के सदस्यों की 43वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) बृहस्पतिवार, 28 जुलाई, 2022 को दोपहर के 3.00 बजे,** एजीएम नोटिस में सूचीबद्ध व्यवसाय निष्पादित करने हेतु, **वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से केवल ई-वोटिंग/रिमोट ई-वोटिंग सहित एक सामान्य स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना** आयोजित की जाएगी, जो कि कम्पनी अधिनियम, 2013 और तदधीन विरचित नियमों के प्रावधानों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 ("सूचीयन विनियमावली") के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020, 17/2020, 20/2020, 02/2021, 19/2021, 21/2021 तथा 02/2022 क्रमानुसार दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 05 मई, 2020, 13 जनवरी, 2021, 08 दिसंबर, 2021, 14 दिसंबर, 2021 तथा 05 मई, 2022 ("एमसीए सर्कुलर्स") और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79, सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 तथा सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 क्रमानुसार दिनांकित 12 मई, 2020, 15 जनवरी, 2021 और 13 मई, 2022 ("सेबी सर्कुलर्स") (सामूहिक रूप से "संबद्ध सर्कुलर्स" कहे गए हैं) के अनुपालन में है।

संबंधित परिपत्रों के अनुपालन में, कंपनी ने 04 जुलाई, 2022 को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2021-2022 के लिए व्याख्यात्मक विवरण और वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचना उन सभी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से भेजी है, जिनका नाम 01 जुलाई, 2022 को सदस्यों के रजिस्टर में दिखाई देता है और जिनके ईमेल पते कंपनी/रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए')/डिपॉजिटरी प्रतिभागी (ओं) के साथ पंजीकृत हैं। वित्तीय वर्ष 2021-2022 के लिए एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट पर www.indagrubber.com 'इन्वेस्टर्स रिलेशन' शीर्षक के तहत और www.bseindia.com में बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट पर और www.evoting.nsdl.com में एनएसडीएल की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आगामी एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं और भाग ले सकते हैं और ऐसे सदस्यों की गणना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम के उद्देश्य से की जाएगी।

सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स शुक्रवार, 22 जुलाई, 2022 से गुरुवार, 28 जुलाई, 2022 (दोनों दिन शामिल) तक एजीएम के उद्देश्य से और वित्तीय वर्ष 2021-2022 के लिए अंतिम लाभांश के लिए शेयरधारकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए बंद रहेंगे।

**रिमोट ई-वोटिंग**

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के अनुसार तथा कम्पनी (प्रबन्धन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के साथ पठित और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के नियम 44 के अनुपालन में कम्पनी ने नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) से ई-वोटिंग सेवाएँ ली हैं। कंपनी द्वारा प्राप्त ई-वोटिंग सेवाओं के संबंध में सदस्य कृपया नीचे नोट करें-

(I) एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट सामान्य और विशेष व्यवसायों का निश्पादन ई-वोटिंगें द्वारा मतदान के माध्यम से किया जा सकता है जो 25 जुलाई, 2022 को सुबह 9:00 बजे से शुरू होकर 27 जुलाई, 2022 को शाम 5:00 बजे समाप्त होगा।

(ii) एक व्यक्ति जिसका नाम 21 जुलाई, 2022 की कट-ऑफ तारीख के अनुसार सदस्यों/लाभार्थियों के मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वो रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने के साथ एजीएम में इलेक्ट्रॉनिक रूप से सम संख्यक मतदान करने का हकदार होगा।

(iii) कोई भी व्यक्ति जिसने इलेक्ट्रॉनिक रूप में एजीएम नोटिस भेजने के बाद लेकिन 21 जुलाई, 2022 की कट-ऑफ तिथि से पहले शेयरों का अधिग्रहण किया है और कंपनी के सदस्य बन गए हैं वह कंपनी के आरटीए को admin@skylinerta.co पर या एनएसडीएल को evoting@nsdl.co.in पर निवेदन भेजकर यूजर आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। किन्तु यदि वह रिमोट ई-वोटिंग के लिए एनएसडीएल के साथ पहले से पंजीकृत है तो मतदान करने के लिए वह वर्तमान यूजर आईडी तथा पासवर्ड का प्रयोग कर सकता है।

(iv) एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग को 27 जुलाई, 2022 के शाम 5:00 बजे के बाद निष्क्रिय कर दिया जाएगा और उक्त समय और तारीख के बाद किसी भी मतदान की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(v) 43वीं एजीएम की सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर एजीएम में ई-वोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। एनएसडीएल की ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वोट डालने की प्रक्रिया को एजीएम की सूचना में वर्णित किया गया है।

(vi) वे सदस्य, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग ले रहे हैं और जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला है, वे एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोट देने के पात्र होंगे।

(vii) कोई सदस्य रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपने वोट का प्रयोग करने के बाद एजीएम में भाग ले सकता है लेकिन उसे एजीएम में दोबारा वोट देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(viii) सदस्यों के निरिक्षण के लिए आवश्यक दस्तावेज एजीएम के दौरान बिना किसी शुल्क के इलेक्ट्रॉनिक रूप से निरीक्षण के लिए उपलब्ध होंगे।

(ix) रिमोट ई-वोटिंग या एजीएम के दौरान मतदान से सम्बन्धित प्रश्नों की पूछताछ के लिए www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड खण्ड पर उपलब्ध शेयरधारकों हेतु फ्रीक्वेंटली आस्कड क्वोश्चन्स (एफएक्यू) तथा शेयरधारकों हेतु यूजर मैनुअल देखें अथवा evoting@nsdl.co.in पर निवेदन भेजे अथवा टोल फ्री नं. 18001020990 अथवा 1800224430 पर कॉल करें अथवा सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रबन्धक अथवा सुश्री सोनी सिंह, सहायक प्रबनधक, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड, 'ए' विंग, चौथा तल, कमला मिल्स कम्पाउण्ड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई-400013 से ई-मेल आईडी: pallavid@nsdl.co.in अथवा SoniS@nsdl.co.in पर सम्पर्क करें अथवा दूरभाष नं. : +91 22 24994545, +91 22 24994559 पर कॉल करें। सदस्य कंपनी सचिव को info@indagrubber.com पर भी लिख सकते हैं।

उक्त बैठक का विवरण कंपनी की वेबसाईट www.indagrubber.com पर और बीएसई लिमिटेड की वेबसाईट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

वास्ते इन्डैग रबर लिमिटेड
हस्ता./-
मनाली डी. बिजलानी
कम्पनी सेक्रेटरी

सीन : नई दिल्ली
तिथि : 04 जुलाई, 2022


# शेयर बाजारों में तीन दिन से जारी गिरावट का सिलसिला थमा, सेंसेक्स 327 अंक चढ़ा

**भाषा।** मुंबई

**निवेशकों** के समर्थन से स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला सोमवार को थम गया और मानक सूचकांक सेंसेक्स 326.84 अंक की छलांग लगाने में सफल रहा। बैंकिंग, एफएमसीजी और आईटी कंपनियों के शेयरों में ज्यादा लिवाली देखी गई। हालांकि, डॉलर के मुकाबले रुपए के अस्थिर प्रदर्शन और विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी रहने से बाजार की तेजी पर कुछ अंकुश लगा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स घरेलू निवेशकों से मिले समर्थन से 326.84 अंक यानी 0.62 प्रतिशत बढ़कर 53,234.77 अंक पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स ने 394.06 अंक यानी 0.74 प्रतिशत तक की बढ़त ले ली थी। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी कारोबार के अंत में 83.30 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,835.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल), इंडसइंड बैंक, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, पावरग्रिड और एसबीआई को खासा फायदा हुआ। सर्वाधिक 4.03 प्रतिशत के लाभ में एचयूएल रही। हालांकि, टीसीएस, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, डॉ रेड्डीज, टेक महिंद्रा और विप्रो के शेयर नुकसान में रहे। इनके अलावा सेंसेक्स की बाकी सभी 24 कंपनियां मुनाफे में रहीं। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप 0.82 प्रतिशत की बढ़त पर रहा। इसी तरह स्मॉलकैप में भी 0.59 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, कच्चे तेल में गिरावट और यूरोपीय बाजार में मजबूती से घरेलू निवेशकों में लिवाली का रुख देखा गया। इसके बावजूद विदेशी निवेशकों के बिकवाल बने रहने से बाजार में नरमी एवं उतार-चढ़ाव की धारणा बनी रहेगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कंपनियों के तिमाही नतीजों के नए सत्र की तरफ कदम बढ़ाने के साथ बाजार का ध्यान मुख्य रूप से आमदनी के आंकड़ों पर रहेगा। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त पर रहे जबकि दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और हांगकांग के हैंगसेंग में नुकसान रहा। यूरोप के बाजार दोपहर के सत्र में सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिका में बाजार स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बंद रहे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.50 प्रतिशत गिरकर 111 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में नरमी का सिलसिला जारी है। हालांकि, इसने शुरुआती कारोबार में हुए नुकसान की भरपाई अंतिम सत्र में कर ली और 78.94 के भाव पर अपरिवर्तित बना रहा।

## नाबालिग लड़की को धर्म परिवर्तन कराकर बंधक बनाने का आरोप, मुकदमा

**मथुरा।** मथुरा जिले के जमुनापार क्षेत्र में एक युवक पर 15 साल की एक लड़की को तीन महीने तक घर में कैद रखने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि जमुनापार थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी एक विधवा महिला का आरोप है कि उसी क्षेत्र के निवासी मौसिम कुरैशी व उसके परिजनों ने उसकी 15 वर्षीय बेटी को अपनी वास्तविक पहचान छिपाकर बहलाया-फुसलाया और उसका धर्म परिवर्तन कराकर अपने घर में बंधक बना लिया और उसका यौन शोषण किया। महिला का आरोप है कि वह जब भी अपनी बेटी को लेने उनके घर जाती, उसे डरा-धमकाकर भगा दिया जाता। महिला ने आरोप लगाया कि स्थानीय पुलिस ने मामले की सुनवाई नहीं की जिसके बाद उसने तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर से मुलाकात की। उनके आदेश पर रविवार को मामला दर्ज किया गया। पुलिस उपाधीक्षक (सदर) प्रवीण मलिक ने बताया, इस मामले में पॉक्सो एक्ट की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अभी तक की जांच में धर्म परिवर्तन का आरोप साबित नही हुआ है। उन्होंने कहा कि आगे जांच में यह मामला सामने आने पर मुकदमे में संबंधित धाराएं बढ़ाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि आज किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराकर धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराए जाएंगे। आरोपी मौसिम कुरैशी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को फिर अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर आ रहे हैं, इस बार भी वह तकरीबन 1800 करोड़ रुपए से अधिक की सौगात देकर जाएंगे,इसको लेकर सिगरा स्थित डॉ. सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम को सजाया-संवारा जा रहा है, इसी मैदान पर मोदी जनसभा को भी संबोधित करेंगे और परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे

# पति की करंट लगाकर की हत्या

**बदायूं।** जिले में एक महिला को अपने पति को करंट लगाकर उसकी हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) सिद्धार्थ वर्मा ने बताया कि इस्लामनगर के मोहाली मोहल्ले में रहने वाले 30 वर्षीय शरीफ की रविवार देर रात लगभग एक बजे संदिग्ध हालात में करंट लगने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शरीफ के परिजनों ने उसकी पत्नी शबनम पर हत्या का आरोप लगाया। वर्मा के मुताबिक, शबनम को जब हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने शरीफ को करंट लगाकर उसकी हत्या करने की बात स्वीकार कर ली।

वर्मा के अनुसार, शबनम ने पूछताछ में बताया कि उसकी शादी 11 साल पहले हुई थी और तब से उसका पति उसके साथ रोजाना मारपीट और दुर्व्यवहार करता था तथा उसके चरित्र पर उंगली भी उठाता था। वर्मा के मुताबिक, शबनम ने कहा कि उसने परेशान होकर देर रात अपने पति को खाने में नींद की गोली मिलाकर खिला दी और बेहोश हो जाने के बाद करंट लगाकर उसकी हत्या कर दी। वर्मा के अनुसार, शबनम ने पूछताछ में बताया कि वारदात को अंजाम देने के बाद उसने शोर मचाकर परिजनों को इकट्ठा किया और कहा कि किसी ने शरीफ की हत्या कर दी है। अधिकारी ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

**मामूली विवाद में किसान की भाला मारकर हत्या:**बरेली। जिले के सिरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार को मामूली विवाद में एक युवक ने एक किसान की कथित तौर पर भाला मारकर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिरौली थाना क्षेत्र के धनौरा गौरी गांव में किसान रामपाल (55) की हत्या उस समय हुई, जब वह खेत से चारा लेकर अपने घर जा रहा था। सिरौली थाने के थानाध्यक्ष अश्विनी कुमार के मुताबिक, घर लौटते समय रामपाल की गांव के ही एक युवक सुनील से हंसी-मजाक करते-करते अचानक कहासुनी शुरू हो गई, जिसके बाद युवक ने गुस्से में आकर किसान की कथित तौर पर भाला मारकर हत्या कर दी। कुमार के अनुसार, रामपाल के बेटे ने सुनील पर अपने पिता की हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सत्यार्थ अनिरुद्ध ने बताया कि किसान के पुत्र की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**चाचा की हत्या की:**बलिया (उप्र) उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के दुबहड़ क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते एक युवक ने अपने चाचा की कथित तौर पर चाकू से प्रहार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

# बस्ती में 30 सेक्रेट्री इधर से उधर

### 19 ग्राम पंचायत और 11 ग्राम विकास अधिकारी भी शामिल

**बस्ती।** देर शाम को 30 सेक्रेट्रियों का तबादला हो गया है। इनमें 19 ग्राम पंचायत अधिकारी और 11 ग्राम विकास अधिकारियों का नाम शामिल हैए ग्राम पंचायत अधिकारियों में रविशंकर शुक्ला को साउंघाट से सदर, दृश्या सिंह कुदरहा से कप्तानगंजए विजय कुमार चौधरी को रुधौली से रामनगरए अखंड प्रताप सिंह को बनकटी से हर्रैयाए अरविंद कुमार चौहान को बहादुरपुर से परशुरामपुरए गोरखनाथ यादव को बहादुरपुर से कुदरहाए कमलेश सिंह को परशुरामपुर से कुदरहाए रामजस वर्मा को कप्तानगंज से हर्रैयाए श्याम बिहारी वर्मा को विक्रमजोत से दुबौलियाए सत्येंद्र चौधरी को कुदरहा से बनकटीए राजेश कुमार पांडेय को कुदरहा से सदरए महेश कुमार पांडेय को सलतौवा से बहादुरपुरए शैलेंद्र त्रिपाठी को साऊंघाट से रुधौलीए राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह को दुबौलिया से बहादुरपुरए रामकेश यादव को बनकटी से विक्रमजोतए राजेंद्र प्रसाद को बनकटी से बहादुरपुरए गोविंद प्रसाद को साउंघाट से बहादुरपुरए ऋतुराज पांडेय को रुधौली से बहादुरपुरए सर्वेश यादव को बनकटी से विक्रमजोत इसी तरह जिन ग्राम विकास अधिकारी का तबादला हुआ उनमें अमरनाथ गौतम को बस्ती सदर से रामनगरए दिनेश शुक्ला को बहादुरपुर से सदरए आशीष कुमार श्रीवास्तव को सदर से विक्रमजोतए विमल चंद्र मिश्रा को रामनगर से रुधौलीए तुफैल अहमद को गौर से हर्रैयाए अखिलेश शुक्ला को रामनगर से सदरए अबरार अहमद को परशुरामपुर से गौरए प्रतीक शुक्ला को विक्रमजोत से कुदरहाए आशुतोष कुमार पाल को दुबौलिया से रामनगरए रवि प्रकाश पांडेय को कप्तानगंज से कुदरहाए और रीमा चौधरी को कुदरहा से बस्ती सदर ब्लॉक स्थानांतरित किया गया है।

## देवी-देवताओं की तस्वीर वाले अखबार में चिकन बेचने से रोकने पर पुलिस दल पर हमला, गिरफ्तार

**सम्भल।** सम्भल नगर में देवी-देवताओं की तस्वीरों वाले अखबार में चिकन रखकर बेचने से रोकने पर पुलिस दल पर चाकू से हमला करने के आरोप में एक होटल संचालक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने वरिष्ठ उप निरीक्षक अजय कुमार द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से सोमवार को बताया कि संभल कोतवाली क्षेत्र में तालिब हुसैन नामक व्यक्ति अपने होटल पर देवी-देवताओं के चित्र वाले कागजों पर चिकन रखकर बेच रहा था। कुछ लोगों ने इसकी शिकायत की थी, जिस पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची थी। आरोप है कि तफ्तीश के दौरान तालिब ने पुलिस दल पर चाकू से हमला किया। उन्होंने बताया कि इस मामले में रविवार देर रात तालिब के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 153 अ (वैमनस्य फैलाना), 295 ए (किसी वर्ग के धर्म का अपमान करने के आशय से उपासना के स्थल को क्षति पहुंचाना या अपवित्र करना), 353 (सरकारी काम में बाधा डालना) और 307 (हत्या का प्रयास) के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मिश्रा ने बताया कि मौके से देवी-देवताओं की तस्वीरों वाले अखबार की प्रतियां तथा हमले में इस्तेमाल चाकू बरामद किया गया है।

## गन्ना सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष और उनके परिजनों की हत्या मामले में 16 को उम्रकैद

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले की एक अदालत ने एक गन्ना सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष और उनके परिजनों की हत्या के मामले में सोमवार को 16 आरोपियों को दोषी करार देते हुए उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई। सहायक शासकीय अधिवक्ता किरण पाल कश्यप ने बताया कि सात जुलाई 2011 को कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़काली गांव के पास एक ट्रक ने एक गन्ना सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष उदयवीर सिंह की कार को टक्कर मार दी थी। वारदात में सिंह और उनके परिवार के कुछ सदस्यों की मौत हो गई थी। कश्यप के मुताबिक, इस मामले में माफिया अपराधी विक्की त्यागी और उसकी पत्नी मीनू त्यागी समेत 20 लोगों के खिलाफ हत्या और हत्या की साजिश रचने का मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 में मामले की सुनवाई के दौरान विक्की त्यागी की अदालत कक्ष में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वहीं, दो आरोपियों की स्वाभाविक मृत्यु हो चुकी है, जबकि एक आरोपी वारदात के समय नाबालिग था। विशेष पॉक्सो न्यायाधीश छोटे लाल यादव ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए मीनू त्यागी, पूर्व ग्राम प्रधान ममता त्यागी, अनिल, शुभम, लोकेश, प्रमोद, मनोज, मोहित, धर्मेंद्र, रविंदर, विनोद, विदित, बबलू, विनीत शर्मा, विनीत त्यागी और हरबीर नाम के आरोपियों को हत्या की साजिश रचने तथा अन्य आरोपों में दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने सभी दोषियों पर 60-60 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

## बहस के दौरान दो अधिवक्ताओं में मारपीट बैठक बुलाकर मामला रफा-दफा कराया

**मौदहा** (हमीरपुर) तहसीलदार न्यायालय में बहस के दौरान दो अधिवक्ताओं के बीच मारपीट हो गई। जिसमें एक अधिवक्ता के नांक में चोट लगने से काफी देर तक रक्तस्राव होता रहा। न्यायालय में मौजूद खून के धब्बों ने मारपीट की घटना को खोलकर रख दिया। हालांकि मामले की नजाकत को देखते हुए बार एसोसिएशन ने फौरन आपात बैठक बुलाकर इसे पारिवारिक मामला बता दोनों अधिवक्ताओं के मध्य मध्यस्थता करवा मामले को रफा दफा करा दिया।मिली जानकारी के अनुसार उस समय दो अधिवक्ता आपस में भिड़ गए जब तहसीलदार मौदहा के समक्ष किसी मामले को लेकर बहस हो रही थी, उसी बीच बहस करते हुए एक अधिवक्ता ने दूसरे अधिवक्ता के नांक में अपना हाथ मार दिया, जिससे दूसरे अधिवक्ता के नांक से जबरदस्त रक्तस्राव होने लगा। इस घटना को सुनने के बाद वहां अन्य अधिवक्ताओं तथा दूसरे लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके की नजाकत को देखते हुए बार एसोसिएशन ने तत्काल आपात बैठक बुलाकर मामले को रफा दफा करवा दिया। अधिवक्ताओं के मध्य घटी इस घटना से लोगों में काफी चर्चाएं शुरू हो गई।

# कार-डीसीएम की टक्कर में दो युवकों की मौत

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के जहानाबाद थाना क्षेत्र में सोमवार को इको कार और डीसीएम (छोटे ट्रक) में हुई भीषण टक्कर में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। जहानाबाद कोतवाली के प्रभारी (एसओ) प्रभाष कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि पीलीभीत नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भूरे खां निवासी वसीम ने पुलिस को जानकारी दी कि मांस का कारोबार करने वाला उनका भाई नसीम (25) रविवार रात करीब आठ बजे मोहल्ले के नाजिम (30) और मोहम्मद मियां के साथ ईको कार से मांस लेने के लिए बरेली गया था। कुमार के मुताबिक, वसीम ने बताया कि सोमवार को तीनों ईको से पीलीभीत लौट रहे थे, तभी बरेली-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर खमरिया पुल के पास पहुंचते ही सामने से तेज रफ्तार से आ रही डीसीएम ने उनकी कार को टक्कर मार दी, जिससे वह पलट गई और डीसीएम भी कुछ दूरी पर जाकर पलट गई। कुमार के अनुसार, हादसे की सूचना मिलने पर वह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और कार में फंसे तीनों युवकों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल भेजवाया। कुमार के मुताबिक, अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने नसीम और नाजिम को मृत घोषित कर दिया, जबकि मोहम्मद मियां को हालत गंभीर होने के चलते बरेली रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**कार की टक्कर से दो मजदूरों की मौत: मथुरा।** मथुरा जिले के जैंत क्षेत्र में दिल्लीआगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक (नगर) मार्तण्ड प्रकाश ने बताया कि जैंत के दिगंबर (25), पुन्नी (32) तथा राजवीर रविवार शाम मजदूरी कर मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में दिल्लीआगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवी आर्ट्स मार्ग पर सामने से आई एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस हादसे में दिगंबर और पुन्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राजवीर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद दुर्घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और उन्होंने चालक को पकड़ लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि थाना जैंत पुलिस ने चालक को तो हिरासत में ले लिया, परंतु कार में बैठे मालिकों को भगा दिया। काफी देर हंगामे के बाद ग्रामीण और परिजन मृतकों के शवों को लेकर राजमार्ग पर पहुंच गए और शव रखकर रास्ता जाम कर दिया। इसकी वजह से राजमार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। हंगामे के चलते कई थानों का पुलिस बल मौके पर बुला लिया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाबुझाकर जाम खुलवाया। पुलिस उपाधीक्षक (सदर) प्रवीण मलिक ने बताया कि कार चालक को पकड़ लिया गया है तथा कार में सवार अन्य लोगों के खिलाफ भी कड़ी कार्वाई की जाएगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने ट्विटर के माध्यम से जारी संदेश में दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और जिला प्रशासन को उनके परिजनों की हरसंभव सहायता करने के निर्देश दिए हैं।

**बदायूं में कार की टक्कर से युवती समेत दो की मौत:**बदायूं। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के सहसवान थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर सड़क किनारे ईदगाह के पास खड़ी एक युवती समेत दो लोगों की कार की चपेट में आने से मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। सहसवान थाने के प्रभारी निरीक्षक जगबीर सिंह ने बताया कि ईदगाह के पास सड़क पर पेड़ के नीचे खड़े फुरकान, जरीना, नगमा और इमरान बिल्सी थाना क्षेत्र के अहमदनगर असोली गांव जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे थे, तभी अचानक तेज गति से आई एक इको कार ने चारों को रौंद दिया।
सिंह के मुताबिक, हादसे में नगमा (19) और इमरान (14) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जरीना और फुरकान गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस पूरे मामले की पड़ताल कर रही है।

**मायके में जाकर पति ने पत्नी को मारा पीटा:**कुरारा(हमीरपुर) थाना क्षेत्र के मनकीकला गांव निवासी विवाहिता ने पति सहित ससुराली जनो के खिलाफ मारपीट कर घर से निकाल देने व मायके में रहने के बावजूद पति द्वारा मारपीट करने की तहरीर थाने में देकर कार्यवाही करने की मांग की है।जनपद कानपुर नगर के सजेती थाना क्षेत्र के महुआपुरवा गांव निवासी विवाहिता रामदेवी पुत्री रामचंद्र ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी कुरारा थाना क्षेत्र के मनकीकला गांव निवासी उदय वीर पुत्र रामकिशुन के साथ छह वर्ष पूर्व हुई थी। शादी में पिता द्वारा सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया गया था। लेकिनकुछ दिन बाद ससुराली जन अतिरिक्त दहेज में 50 हजार रुपये व बाइक की मांग कर उत्पीड़न करने लगे।

## सफाईकर्मियों की लापरवाही के चलते महामारी फैलने का खतरा बढ़ा

**कुरारा**(हमीरपुर) कुरारा विकास खंड क्षेत्र के झलोखर गांव में सफाई कर्मचारियों की लापरवाही के चलते जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। लोगो को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। सफाई व्यवस्था न रहने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र के झलोखर गांव में तैनात सफाई कर्मचारियों की लापरवाही व उदासीनता के चलते गांव में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। गाँव के रास्ते में जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। जिनको जानवर फैला रहे हैं। बरसात के मौसम में इनसे दुर्गन्ध उठ रही है। जिससे लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव निवासी समाजसेवी अखिलेश सिंह गौर ने बताया कि भुइँयारानी प्रांगण व गाँव के अंदर सफाई व्यवस्था न होने से कूड़े के ढेर लगे हैं। जिनसे लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने गांव में सफाई व्यवस्था में सुधार करने की मांग खंड विकास अधिकारी से कीहै।

# अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार 30 लाख का गांजा बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अन्तरराज्यीय** स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का एसटीएफ ने खुलासा किया। उड़ीसा से गांजा की बड़ी खेप लेकर राजस्थान पहुंचाने जा रहे गिरोह के शातिर तस्कर को एसटीएफ ने वाराणसी के रोहनिया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक ट्रक में केविटी बनाकर रखा गया डेढ़ कुंतल गांजा बरामद हुआ। जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत एसटीएफ के मुताबिक तकरीबन 3 लाख रुपए है।तस्करों के खिलाफ छानबीन में जुटी एसटीएफ की टीम को सूचना मिली एक ट्रक में भारी मात्रा में गांजा झारखंड की तरफ से जनपद वाराणसी होते हुए राजस्थान भेजा जा रहा है। इस जानकारी के बाद एसटीएफ की टीम ने नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारियों से सम्पर्क किया तथा इन्हें साथ लेकर वाराणसी के थाना रोहनियां क्षेत्रान्तर्गत मोहनसराय बाईपास के पास घेराबंदी की। इस दौरान बताए गए नंबर की ट्रक को रोककर तलाशी ली गई तो उसमें केविटी बनाकर छिपाया गया डेढ़ कुंतल गांजा बरामद हुआ। एसटीएफ ने ट्रक में मौजूद सुलेमान निवासी अटेसा समसाबाद, मेवात, हरियाणा को गिरफ्तार किया। पूछताछ पर अभियुक्त ने बताया कि उसने ट्रक में गांजे को छिपाकर रखने के लिये कैविटी बनाया है। अंजन कुमार टकीरी ने उड़ीसा के पास खुर्दा से आगे टागी गांव से इस गांजा को लोड कराया था। यह गांजा साहुन खां निवासी सेमडा जनपद अलवर राजस्थान को देना था। इस गांजा को अलवर राजस्थान तक पहुंचाने के लिए तीन लाख रुपए किराया तय हुआ था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो लखनऊ द्वारा रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**फंदे से लटकता पाया गया शव:** अमेठी अमेठी तहसील में तैनात एक राजस्व निरीक्षक का शव संदिग्ध परिस्थितयों में उसके घर में फंदे से लटकता पाया गया। प्रभारी निरीक्षक, जायस, राकेश सिंह ने बताया कि अमेठी तहसील कार्यालय में राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) के पद पर तैनात जायस थाना क्षेत्र के कासिमपुर निवासी राम सागर सोनकर (54) का शव रविवार रात उनके घर में फांसी के फंदे से लटकता पाया गया।

# यही तो होता है मनरेगा में!

### फिर निकल आया मृतक के नाम भुगतान होने का जिन्न कप्तानगंज ब्लॉक के पिनेसर गांव में अभी हो रहा है मृतक के खाते में भुगतान, खुलासा हुआ तो ब्लॉक में मची खलबली

**कप्तानगंज**(बस्ती)। ...अभी कुदरहा ब्लॉक के ग्राम कड़सरी मिश्र में महिला प्रधान के द्वारा अपने मृतक पति के नाम चार साल से मनरेगा की मजदूरी निकालने का मामला चल ही रहा था, कि कप्तानगंज के ग्राम पिनेसर का मामला सामने आ गया, इस ग्राम में एक मनरेगा श्रमिक को मरे हुए तीन साल हो गए, मगर अभी भी उसके नाम से मजदूरी का पैसा खाते में जा रहा है। यह खबर वायरल होने के बाद पूरे ब्लॉक में खलबली मची हुई है। मृतक के नाम मई में 14 दिन के काम की मजदूरी निकाली गई, अब सवाल उठ रहा है, कि एक मृतक श्रमिक के नाम कैसे डिमांड बन गया, और कैसे रोजगार सेवक ने उसके काम का सत्यापन कर दिया और कैसे भुगतान हो गया? यह कुछ ऐसे सवाल हैं, जिन्हें पूरे ब्लॉक को देना है। इसकी षिकायत ग्रामीणों ने डीएम और सीडीओ से की है। कप्तानगंज ब्लॉक के पिनेसर गांव में हरिद्वार पुत्र राम करन का नाम मनरेगा मजदूर के रुप में पंजीकृत है। उसका जॉब कार्ड संख्या यूपी-53-005-021-00190 है। हरिद्वार का एसबीआई ओझागंज में खाता हैं। इनकी मृत्यु 19 दिसम्बर 2019 में हो गई। उसके बाद भी



प्रधान और सचिव मिलकर मृतक के नाम से मस्टरोल निकालकर उसके खाते में पैसा भेजते रहे। जिन कामों के नाम पर धन निकला वह पेंदा सरहद से लाल बहादुर के चक के पुलिया तक नहर सफाई कार्य का है। यह कार्ययोजना 2022 में बनी। अप्रैल माह में मस्टररोल संख्या 765 से पैसा निकाला गया। कार्य को नौ मई से 22 मई तक यानि 14 दिन की मजदुरी 2982 रुपये का भुगतान किया गया। ग्रामीणों को जब इस बात की भनक लगी तो वे आवाक रह गये। गांव के शिववंश पांडये ने इसकी शिकायत डीएम और सीडीओ से चार जुलाई को किया। शिकायत के बाद मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद जिले के अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लिया तो कप्तानगंज ब्लॉक में अफरा तफरी मच गया बीडीओ से लेकर सचिव प्रधान सबका हाथ पांव फूल गया। इसके पहले भी ब्लॉक के कौडिकोल ग्राम पंचायत में दो साल पहले मनरेगा में 13 लोगों के नाम से फर्जी जाबकार्ड बनाकर ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा लाखों का घोटाला सामने आया आ चुका है। मामले की जांच अभी चल रही हैं। सूत्रों की मानें तो ब्लॉक के कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा में फर्जीवाड़ा चल रहा हैं। इस सम्बंध में जब बीडीओ कप्तानगंज विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांच के बाद कारवाई की जाएगी।

# रूट-बेयरस्टा ने जीत के करीब पहुंचाया

● इंग्लैंड भारत से जीत से 119 रन दूर

भाषा। बर्मिंघम

**जॉनी बेयरस्टॉ** और जो रूट की शानदार बल्लेबाजी के दम पर इंग्लैंड भारत के खिलाफ पांचवें क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को जीत की दहलीज पर पहुंच गया।

जीत के लिए 378 रन के कठिन लक्ष्य के जवाब में इंग्लैंड ने आक्रामक शुरूआत करते हुए दूसरी पारी में तीन विकेट पर 259 रन बना लिए हैं।उसे अब श्रृंखला की बराबरी करने वाली जीत के लिए 119 रन की दरकार है। रूट 112 गेंद में 76 और बेयरस्टॉ 87 गेंद में 72 रन बनाकर खेल रहे हैं।दोनों ने 197 गेंद में 150 रन की साझेदारी कर ली है। इंग्लैंड का स्कोर एक समय बिना किसी नुकसान के 107 रन था लेकिन भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने एलेक्स लीस और जाक क्रॉली के विकेट लेकर स्कोर तीन विकेट पर 109 रन कर दिया। लीस 65 गेंद में 56 और क्रॉली 76 गेंद में 46 रन बनाकर आउट हुए। बेयरस्टॉ को 14 के स्कोर पर हनुमा विहारी ने जीवनदार दिया जो भारत के लिए महंगा साबित हुआ। अभी इंग्लैंड के लिए बेन स्टोक्स और सैम बिलिंग्स भी बल्लेबाजी के लिए उतरने बाकी हैं। ऐसे में भारत को जीत के लिए किसी चमत्कार की उम्मीद ही करनी होगी। भारत ने दूसरे सत्र के आखिर में पहली सफलता हासिल की जब जसप्रीत बुमराह ने जाक क्रॉली को पवेलियन भेजा। लीस रन आउट हुए जबकि ओली पोप ने विकेट के पीछे कैच थमाया। इसके बाद से बेयरस्टॉ और रूट ने मोर्चा संभाल लिया। इससे पहले भारतीय टीम दूसरी पारी में लंच के बाद 8 . 5 ओवर में 245 रन पर आउट हो गई। ऋषभ पंत के अर्धशतक की मदद से भारत ने लंच तक बढत 361 रन की कर ली थी। कल के स्कोर तीन विकेट पर 125 रन से आगे खेलते हुए चेतेश्वर पुजारा और पंत ने आत्मविश्वास के साथ आगाज किया। पुजारा ने जेम्स एंडरसन को लगातार दो चौके लगाए। पहली पारी में आक्रामक शतक लगाने वाले पंत ने संभलकर खेला। खेल शुरू होने के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने तीन ओवर अनियमित गेंदबाज जो रूट को दे दिए जिससे पंत और पुजारा का काम आसान हो गया। पुजारा ने स्टुअर्ट ब्रॉड की गेंद पर खराब शॉट खेलकर बैकवर्ड प्वाइंट में कैच थमाया। श्रेयस अय्यर कुछ अच्छे शॉट खेलने के बाद एक बार फिर सस्ते में आउट हो गए। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने उनके लिए शॉर्टपिच गेंदों का जाल बिछाया जिसमें वह फंस गए। पंत ने इस बीच अपना अर्धशतक पूरा किया और विदेशी सरजमीं पर किसी टेस्ट में शतक और अर्धशतक बनाने वाले वह पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज हो गए। जैक लीच को चौका लगाने के बाद पंत ने अगले ओवर में रिवर्स पूल खेला लेकिन पहली स्लिप में रूट द्वारा लपके गए। पुछल्ले बल्लेबाजों की तरफ से कोई उल्लेखनीय योगदान नहीं मिल सका।



रूट अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद अभिवादन करते हुए

**भारत पहली पारी** : 416 रन,इंग्लैंड पहली पारी : 284 रन,भारत दूसरी पारी : गिल का क्रॉली बो एंडरसन 4 पुजारा का लीस बो ब्रॉड 66,विहारी का बेयरस्टॉ बो ब्रॉड 11, कोहली का रूट बो स्टोक्स 20, पंत का रूट बो लीच 57,अय्यर का एंडरसन बो पोट्स 19, जडेजा बो स्टोक्स 23,ठाकुर का क्रॉली बो पोट्स 4,शमी का लीस बो स्टोक्स 13, बुमराह का क्रॉली बो स्टोक्स 7,सिराज नाबाद 2, **अतिरिक्त** : 19, **कुल योग** : 81 . 5 ओवर में 229 रन, **विकेट पतन** : 4-1, 43-2, 75-3, 153-4, 190-5, 198-6, 207-7, 230-8, 239-6, **गेंदबाजी** : एंडरसन 19-5-46-1, ब्रॉड 16-1 - 58- 2, पोट्स 17- 3-50 -2, लीच 12-1-28-1, स्टोक्स 11.5-0-33 -4, रूट 6-1-17-0

**इंग्लैंड दूसरी पारी** : लीस रन आउट 56, क्रॉली बो बुमराह 46,पोप का पंत बो बुमराह 0, रूट नाबाद 76, बेयरस्टॉ नाबाद 72,**अतिरिक्त** : नौ रन,कुल योग : 57 ओवर मे तीन विकेट पर 259 रन, **विकेट पतन** :1-107, 2-107, 3-109, **गेंदबाजी** : बुमराह 13 -0 -53-2,शमी 12- 2- 49- 0, जडेजा 15-2- 53- 0, सिराज 10-0-64 -0, ठाकुर 7-0-33 -0

# कोहली के साथ छीटाकशी खेल का हिस्सा: बेयरस्टा

भाषा। बर्मिंघम



इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली के साथ पांचवें टेस्ट के तीसरे दिन छींटाकशी को अधिक तूल नहीं देते हुए कहा कि यह खेल का हिस्सा है। रविवार को तीसरे दिन के खेल के दौरान सुबह के सत्र में कोहली ने बेयरस्टो को उनके शॉट खेलने का प्रयास करने और चूकने के संदर्भ में कुछ कहा। बेयरस्टो भी शांत नहीं रहे और एक समय अंपायरों को माहौल शांत करने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा। कोहली के साथ बहस के बारे में पूछे जाने पर बेयरस्टो ने कहा, नहीं, ए कोई बड़ी बात नहीं थी। हम एक दूसरे के खिलाफ 10 साल से खेल रहे हैं। यह मजेदार होता है। हम मैदान पर बेहद प्रतिस्पर्धी हैं और यही मायने रखता है। बेयरस्टो ने इंग्लैंड की पारी में 140 गेंद में 106 रन बनाए। कोहली के साथ बहस के बाद बेयरस्टो ने जोखिम लेना शुरू किया और मिड आफ के ऊपर से कई शॉट खेले और मिड विकेट बाउंड्री की तरफ भी कुछ शॉट मारे। बेयरस्टो के शतक से इंग्लैंड ने भारत के 416 रन के जवाब में पहली पारी में 284 रन बनाए। भारत ने 132 रन की बढ़त हासिल की और फिर दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में तीन विकेट पर 125 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त को 257 रन तक पहुंचाया। इंग्लैंड को चौथी पारी में बड़े लक्ष्य का सामना करना पड़ सकता है लेकिन बेयरस्टो ने कहा कि भारत जो भी लक्ष्य देगा वे उसे हासिल करने का प्रयास करेंगे। मोहम्मद शमी और कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह की भारत की नई गेंद की गेंदबाजी जोड़ी ने लगभग 30 ओवर तक लगातार गेंदबाजी की। इन दोनों का सामना करने के बारे में पूछे जाने पर बेयरस्टो ने कहा, उन्होंने काफी अच्छी गेंदबाजी की। गेंद स्विंग कर रही थी और हमें सिर्फ लय अपनी तरफ करने का प्रयास करना था। उन क्षेत्रों में रन बनाकर क्षेत्ररक्षण बदलने का प्रयास करना था जहां रन नहीं बने हों। लेकिन इसके लिए जोखिम भी उठाना पड़ता है।

## भारतीय अंडर 17 महिला टीम आइसलैंड से हारी

**जेस्सहेम (नॉर्वे)।** भारतीय महिला अंडर 17 टीम को ओपन नॉर्डिंच फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे मैच में सोमवार को आइसलैंड ने 3-0 से हरा दिया। आइसलैंड ने दोनो हाफ मे गोल दागे। एमिलिया ओस्कर्सडोटिर ने दूसरे हाफ मे दो गोल किए। भारत की शुरूआत अच्छी रही और विंगर अनिता कुमारी ने शुरूआती मिनटो मे ही गोल पर हमला बोला हालांकि वह नाकाम रहा। अनिता और गोलकीपर मेलोडी चानू ने पहले हाफ मे प्रभावित किया। अनिता ने शुरूआती आधा घंटे मे कई हमले बोले जबकि चानू ने कई हमले बचाए। आइसलैंड ने पहले हाफ के आखिरी मिनटो मे लीजा उन्नार्सडोटिर के गोल के दम पर बढत बना ली। दूसरे हाफ मे एमिलिया ने दो गोल करके भारत की वापसी के रास्ते बंद कर दिए।

## अलफिया पठान, गीतिका को स्वर्ण, भारत को एलोरडा कप में 14 पदक

**नई दिल्ली।** मौजूदा युवा विश्व चैम्पियन अलफिया पठान और गीतिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कजाखस्तान के नूर सुल्तान मे पहले एलोरडा मुक्केबाजी कप में स्वर्ण पदक जीता। भारत की जमुना बोरो और कलाइवानी श्रीनिवासन को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत ने दो स्वर्ण, दो रजत और दस कांस्य पदक समेत कुल 14 पदक अपने नाम किए। अलफिया ने 2016 की विश्व चैम्पियन लज्जत कुंगेइबाएवा को महिलाओ के 81 किलो फाइनल मे 5 . 0 से हराया। वही गीतिका ने कलाइवानी को महिलाओ के 48 किलो वर्ग मे 4-1 से मात दी।

## दादरा और नगर हवेली ने अंडर 17 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप जीती

**गुवाहाटी।** दादरा और नगर हवेली ने बिहार को एक गोल से हराकर हीरो जूनियर (अंडर 17) महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप जीत ली। फाइनल इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम मे खेला गया था। पूजा ने विजई गोल 87वें मिनट में दागा। इससे पहले दोनो टीमो ने रक्षात्मक खेल के साथ शुरूआत की। दादरा और नगर हवेली ने पहले हाफ मे कई मौके बनाए लेकिन गोल में नही बदल सकी।

## बत्रा मामले में एकल पीठ के आदेश पर रोक लगाने से इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को उस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया जिसके तहत अनुभवी खेल प्रशासक नरिंदर ध्रुव बत्रा को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष के तौर पर काम करने से रोका गया था। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने एकल न्यायाधीश के 24 जून के आदेश को चुनौती देने वाली बत्रा की अपील पर नोटिस जारी किया, जिसे ओलंपियन और हॉकी विश्व कप विजेता असलम शेर खान द्वारा दायर अवमानना याचिका मे पारित किया गया था।

## अनाहत ने जर्मनी में जूनियर स्क्वाश टूर्नामेंट जीता

**नई दिल्ली।** युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी अनाहत ने शानदार लय जारी रखते हुए हैम्बर्ग मे जर्मन जूनियर ओपन स्क्वैश चैपियनशिप सुपर सीरीज स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया। यह टूर्नामेंट पिछले शुक्रवार से शुरू हुआ और सोमवार को संपन्न हुआ। लड़कियों के अंडर-15 वर्ग मे फाइनल मे दिल्ली की 14 वर्षीय खिलाड़ी ने मिस्र की मलक समीर को 3-0 से हराया।

# भारत की नजरें हॉकी विश्व कप में चीन के खिलाफ जीत पर



भाषा। एम्सटेलवीन (नीदरलैंड)

**ओलंपिक** कांस्य पदक विजेता इंग्लैंड के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ के दौरान रक्षात्मक खेल का शानदार नजारा पेश करने वाला भारत आक्रामक खेल की खामियों को दूर करके मंगलवार को यहां महिला हॉकी विश्व कप के अपने दूसरे मैच में चीन को हराकर पहली जीत दर्ज करने के लक्ष्य के साथ उतरेगा। कप्तान और गोलकीपर सविता पूनिया की अगुआई में भारत ने शानदार रक्षात्मक खेल दिखाते हुए पूल बी के अपने पहले मैच में रविवार को इंग्लैंड को बराबरी पर रोका। उप कप्तान दीप ग्रेस एक्का, निक्की प्रधान, गुरजीत कौर और उदिता जैसी खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाया जिससे इंग्लैंड की टीम 60 मिनट के खेल के दौरान एक भी पेनल्टी कॉर्नर हासिल नहीं कर सकी। टीम की एकमात्र चूक नौवें मिनट में इसाबेला पेटर का गोल रहा। इसे छोड़ दिया जाए तो भारत की रक्षा पंक्ति इंग्लैंड के प्रयासों को नाकाम रहे में सफल रही। सविता भी काफी चौकस दिखी और उन्होंने कुछ मौकों पर काफी अच्छा बचाव किया। भारतीय टीम ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के मामले में एक बार फिर निराश किया और टीम सात पेनल्टी कॉर्नर पर सिर्फ एक गोल कर सकी जो 28वें मिनट में वंदना कटारिया ने किया। भारत ने भी इंग्लैंड के खिलाफ कई मौके बनाए लेकिन अग्रिम पंक्ति के खिलाफ इनमे से अधिकांश को भुनाने में विफल रहे और एकमात्र गोल पेनल्टी कॉर्नर पर हुआ। शर्मिला देवी ने भी 56वें मिनट में गोल करने का स्वर्णिम मौका गंवाया जब वह शानदार पास को अपने कब्जे में नहीं कर पाईं। भारतीय टीम अब अग्रिम पंक्ति की खामियों को दूर करके दुनिया की 13वें नंबर की टीम चीन को हराने का प्रयास करेगी जिसने रविवार को पूल बी के एक अन्य मैच में न्यूजीलैंड को 2-2 से बराबरी पर रोका। मुख्य कोच यानेक शॉपमैन को वंदना, लालरेमसियामी और शर्मिला जैसी खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली अग्रिम पंक्ति से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। फॉर्म और रैंकिंग को देखते हुए दुनिया की आठवें नंबर की टीम भारत चीन के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा लेकिन सविता की अगुआई वाली टीम को आत्ममुग्धता से बचना होगा।

# भारत ने श्रीलंका को 10 विकेट से रौंदकर श्रृंखला जीती

● भारतीय महिला सलामी बल्लेबाज चमकीं

भाषा। पालेकल

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम ने गेंद और बल्ले से शुरुआत से लेकर अंत तक दबदबा बनाते हुए सोमवार को दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में श्रीलंका को 10 विकेट से रौंदकर तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में 2-0 की विजई बढ़त बना ली। भारत की सलामी बल्लेबाजों ने दौरे पर पहले बाद एक साथ अच्छा प्रदर्शन करते हुए 174 रन की अटूट साझेदारी की जिससे भारत ने 25.4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। इसके साथ ही स्मृति मंधाना (83 गेंद में नाबाद 94) और शेफाली वर्मा (71 गेंद में नाबाद 71) की जोड़ी आलोचकों जो जवाब देने में सफल रहीं जो उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाने के लिए उन पर निशाना साध रहे थे। स्मृति ने अपनी पारी में 11 चौके और एक छक्का मारा जबकि शेफाली ने चार चौके और एक छक्का जड़ा। महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में बिना विकेट खोए हासिल किया गया यह सबसे बड़ा लक्ष्य है। भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका को 50 ओवर में 173 रन पर आउट करके टीम की जीत की नींव रखी। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने 28 रन देकर चार विकेट चटकाए जबकि दीप्ति शर्मा (30 रन पर दो विकेट) मेघना सिंह (43 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय आसानी से जीतने के बाद भारतीय टीम दूसरे वनडे में भी प्रबल दावेदार के रूप में उतरी थी। टॉस जीतकर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने गेंदबाजों की अनुकूल पिच पर श्रीलंका को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। मेजबान टीम पारी की शुरुआत में ही मुश्किलों में घिर गई। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने सटीक लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाजी करते हुए करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। रेणुका ने शुरुआती तीन विकेट झटककर श्रीलंका के शीर्ष क्रम को झकझोरा। निचले क्रम की बल्लेबाज अमा कंचना ने 83 गेंद में नाबाद 47 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अनुभवी आफ स्पिनर दीप्ति ने अंतिम दो गेंद पर दो विकेट चटकाकर श्रीलंका की पारी को समेटा। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा, हम लंबी साझेदारियों की बात कर रहे थे। हमने बात की कि हमें शत प्रतिशत देने की जरूरत है। साझेदारी शानदार रही। गेंदबाजी विकल्प होना शानदार है।




**स्कोरबोर्ड**

**श्रीलंका पारीः** परेरा बो रेणुका 00,गुणरत्ने बो रेणुका 03, अटापट्टू का शेफाली वर्मा बो मेघना 27, समरविक्रम पगबाधा रेणुका 0, संजीवनी रन आउट (तानिया) 25, डि सिल्वा का दीप्ति बो मेघना 32, दिलहरी रन आउट (मेघना तानिया) 05,कंचना नाबाद 47,रणसिंघे का दीप्ति बो रेणुका 10, रणवीरा का तानिया बोल्ड दीप्ति 06,कुलसुरिया का हरलीन बो दीप्ति 00, **अतिरिक्त** : 18, कुल योग (50 ओवर में सभी आउट) 173, **विकेट पतन** :1-0, 2-7, 3-11, 4-42, 5-70, 6-81, 7-123, 8-150, 9-173, 10-173,**गेंदबाजीः** रेणुका 10-1-28-4,मेघना 10-0-43-2,पूजा 4-0-15-0,राजेश्वरी 10-2-24-0, दीप्ति , 10-0-30-2, हरलीन 3-0-13-0, हरमनप्रीत 3-0-12-0

**भारत पारीः** शेफाली नाबाद 71, मंधाना नाबाद 94, **अतिरिक्त** : 09, **कुल योगः** (25.4 ओवर में बिना किसी नुकसान के) 174 रन, **गेंदबाजीः** कुलसुरिया 5-0-24-0, रणसिंघे 5-0-36-0, कंचना 3.4-0-33-0, रणवीरा 6-0-42-0, दिलहरी 3-0-18- 0,अटापट्टू 3-0-21-0

# जोकोविच, जेब्युर और गारिन क्वार्टरफाइनल में

● विंबलडन टेनिस

भाषा। विंबलडन

**शीर्ष वरीय** नोवाक जोकोविच ने रविवार को चार सेट तक चले कड़े मुकाबले में गैरवरीय नीदरलैंड के टिम वैन रिथोवन को हराकर पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सर्बिया के दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच ने रिथोवन को 6-2, 4-6, 6-1, 6-2 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। जोकोविच ने 13वीं बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। जोकोविच की विंबलडन के ग्रास कोर्ट पर यह लगातार 25वीं जीत है। दुनिया के 104वें नंबर के खिलाड़ी रिथोवन ने हालांकि जोकोविच को कड़ी टक्कर दी और इस दौरान दूसरा सेट जीतने में भी सफल रहे। पैंतीस साल के जोकोविच ने मैच में सिर्फ 19 सहज गलतियां की और 29 विनर लगाए। लगातार चौथे और कुल सातवें विंबलडन तथा 21वें ग्रैंडस्लैम खिताब के लिए चुनौती पेश कर रहे जोकोविच अंतिम आठ के मुकाबले में मंगलवार को 10वें वरीय इटली के यानिक सिनर से भिड़ेंगे। सिनर ने पांचवें वरीय कार्लोस अल्कारेज को 6-1, 6-4, 6-7 (8), 6-3 से हराकर पहली बार विंबलडन क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में नौवें वरीय ब्रिटेन के कैम नोरी की भिड़ंत बेल्जियम के गैर वरीय डेविड गोफिन से होगी। नोरी ने अमेरिका के 30वें वरीय टॉमी पॉल को 6-4, 7-5, 6-4 से हराया जबकि गोफिन ने साढ़े चार घंटे से अधिक चले कड़े मुकाबले में 23वें वरीय फ्रांसिस टियाफो को 7-6 (3), 5-7, 5-7, 6-4, 7-5 से शिकस्त दी। ट्यूनीशिया की तीसरी वरीय ओन्स जेब्युर ने एलिस मर्टेन्स को सीधे सेटों में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग में बाकी बची खिलाड़ियों के बीच शीर्ष वरीय जेब्युर ने एलिस को 7-6 (9), 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार विंबलडन क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। चिली के क्रिस्टियन गारिन ने आस्ट्रेलिया के एलेक्स डि मिनाउर को हराकर पहली बार विम्बलडन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। चिली के गैर वरीय गारिन ने यह मुकाबला 2-6, 5- 7, 7-6, 6-4, 7 -6 से जीता।



## ऐश्वर्या, एल्ड्रिन और अरोकिया को विश्व चैंपियनशिप के लिए फिर देना होगा ट्रायल

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने सोमवार को यहां आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए बुलाए गए ट्रायल्स में 400 मीटर धाविका ऐश्वर्या मिश्रा, लंबी कूद खिलाड़ी जेसविन एल्ड्रिन और चार गुणा 400 मीटर रिले टीम में जगह के दावेदार अरोकिया राजीव को निराशाजनक प्रदर्शन करने के बाद दोबारा ट्रायल देने का निर्देश दिया है। इन तीनों खिलाड़ियों को खुद को साबित करने का शुक्रवार को एक और मौका दिया गया है। एएफआई के अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने कहा कि तीनों खिलाड़ियों से कहा गया है कि वे शुक्रवार को एनआईएस (राष्ट्रीय खेल संस्थान) पटियाला में एक और ट्रायल दे सकते हैं।

## कराटे एसोसिएशन में रफत व कस्तूरी जुड़े





**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ग्रैंड मास्टर डा. सैयद रफ्त जुबैर रिजवी एसोसिएट उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ व महासचिव लखनऊ ओलंपिक संघ को कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश का कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इसके साथ समाजसेविका व महिला उत्थान के लिए काम कर रही श्रीमती कस्तूरी सिंह को एसोसिएशन के वीमेंस स्पोर्ट्स कमीशन का सचिव बनाया गया है। कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष टीपी हवेलिया व महासचिव जसपाल सिंह के अनुसार पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ग्रैंड मास्टर डा‌ण् सैयद रफ्त के मनोनयत से यूपी में कराटे को नए आयाम मिलेंगे।

## राज्य रैंकिंग टीटी में पार्थ व सुहानी चमके

**लखनऊ।** सुभाष चंद्र श्रीवास्तव स्मारक स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में पार्थ व सुहानी चमके। परिणाम: कैडेट बॉयज़ अंडर 13 फाइनल : पार्थ प्रभाकर ने विख्यात कटियाल को 13-11 से हराया, उप जूनियर लड़के अंडर-15 फाइनल में अक्षित भाटिया ;ने अर्णव पंवार को 11-7, 07-11, 11-8, 11-7 से हराया। उप जूनियर गर्ल्स अंडर-15 फाइनल : सुहानी महाजन ने अवनी त्रिपाठी को 13-11, 11-8, 11-9 से हराया। जूनियर बॉयज अंडर-17 फाइनल : अभिवीर नंदा ने अरनीस बाना को 11-8, 11-4, 11-7 से हराया। जूनियर गर्ल्स अंडर 17 फाइनल में सुहानी महाजन ने दिशा को 8-11, 11-3, 11.5, 11-5 से हराया।

## बंबई उच्च न्यायालय ने बीसीसीआई को उभरते हुए क्रिकेटरों को मूलभूत सुविधाएं देने को कहा

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई), महाराष्ट्र क्रिकेट संघ (एमसीए) और राज्य अधिकारियों को सोमवार को सार्वजनिक मैदानों पर शौचालय, पीने के पानी और चिकित्सा सहायता जैसी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की हिदायत देते हुए कहा कि आपका अगला बड़ा सितारा इन सार्वजनिक मैदानों से आ सकता है। न्यायमूर्ति अनिल मेनन और एमएस कार्णिक की पीठ ने कहा कि कई बच्चे और वयस्क राज्य भर में सार्वजनिक मैदानों पर क्रिकेट और अन्य खेल खेलते हैं। क्रिकेट संघों या नागरिक निकायों के अंतर्गत आने वाले इन मैदानों में से अधिकांश में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है।

# सिंधू और प्रणय मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन में लय जारी रखना चाहेंगे

● आज से मुकाबले



भाषा। कुआलालंपुर

**स्टार शटलर** पीवी सिंधू और एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू हो रहे मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। सिंधू और प्रणय को पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 750 के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था और ए दोनों खिलाड़ी इस सप्ताह शुरू हो रहे टूर्नामेंट में अपने खेल की खामियों को दूर कर सुधार करना चाहेंगे। सिंधू ने इस साल सैयद मोदी इंटरनेशनल और स्विस ओपन के रूप में दो सुपर 300 खिताब जीते हैं, वहीं प्रणय खिताब जीतने के पांच साल के लंबे इंतजार को खत्म करने के लिए बेताब हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू विश्व टूर स्पर्धाओं के क्वार्टर और सेमीफाइनल में लगातार पहुंच रही हैं, लेकिन शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ वह थोड़ी कमजोर दिख रही हैं। इस साल कई टूर्नामेंटों के आखिरी के कुछ मैचों में उन्हें थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन, चीन की चेन यू फेई और ही बिंग जियाओ, कोरिया की आन से यंग और चीनी ताइपे की ताई जू यिंग जैसी खिलाड़ियों के खिलाफ हार का सामना सामना करना पड़ा है। इसने उनकी कमजोरियों को उजागर कर दिया है और वह आगामी राष्ट्रमंडल खेलों से पहले इसे दूर करने की कोशिश करेंगी। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू के सामने शुरुआती दौर में बिंग जियाओ की चुनौती होगी। इस खिलाड़ी ने पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 में सिंधू को बाहर का रास्ता दिखाया था। बिंग जियाओ के खिलाफ सिंधू के जीत-हार का रिकॉर्ड भले ही 8-10 का है लेकिन इस भारतीय खिलाड़ी ने तोक्यो ओलंपिक समेत पिछले चार में से तीन मुकाबले जीते हैं।



# बुमराह के साथ स्टोक्स की कप्तानी की जंग खेल का आकर्षक पहलू : चैपल

भाषा। सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व महान खिलाड़ी इयान चैपल ने भारत के कार्यवाहक टेस्ट कप्तान के तौर पर जसप्रीत बुमराह की नियुक्ति को खेल की उनकी रणनीतिक समझ के आधार पर एक साहसी निर्णय करार दिया है। उन्होंने कहा कि कप्तान के तौर पर बुमराह और इंग्लैंड के बेन स्टोक्स की जंग बर्मिंघम में जारी मनोरंजक मैच का आकर्षक पहलू है। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने विभिन्न समकालीन अंतरराष्ट्रीय कप्तानों की तुलना करते हुए कहा कि कप्तान के रूप में स्टोक्स की सफलता किसी को आश्चर्यचकित नहीं करनी चाहिए क्योंकि वह गेंदबाजी को समझते हैं। चैपल का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान के तौर पर पैट कमिंस और इंग्लैंड के स्टोक्स की सफलता ने बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) को बुमराह को कप्तान नियुक्त करने के लिए प्रेरित किया। चैपल ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो के लिए अपने कॉलम में लिखा, भारत ने शायद कप्तान के तौर पर पैट कमिंस और स्टोक्स की सफलता का अनुकरण करते हुए मौजूदा टेस्ट के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को कप्तान नियुक्त किया। यह एक साहसी नियुक्ति है और बुमराह के लिए बहुत कुछ है। उन्होंने बर्मिंघम में भारत-इंग्लैंड टेस्ट का जिक्र करते हुए कहा, स्टोक्स के साथ उनकी (बुमराह) नेतृत्व की जंग इस मनोरंजक मैच का आकर्षक पहलू है। चैपल कप्तान के तौर पर स्टोक्स की नियुक्ति से प्रभावित है। कप्तान के रूप में बेन स्टोक्स की सफलता से किसी को चौंकना नहीं चाहिए। वह एक ऑलराउंडर है जो गेंदबाजी को समझता है। मैदान पर उनकी प्राथमिकता विकेट लेना है, और एक बल्लेबाज के रूप में जो रूट की कमाल की सफलता के बावजूद, स्टोक्स मैदान पर इंग्लैंड के सबसे प्रेरणादायक खिलाड़ी हैं।